शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 235 | गुवाहाटी | बुधवार, 22 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

राज्य में एनएफएसए के 1.97 लाख से अधिक लाभार्थी : रंजीत दास पेज 3
अगला युद्ध भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष के सभी क्षेत्रों में होगा : एयर चीफ पेज 4
500 से अधिक खिलाड़ियों को शासन की विभिन्न सेवाओं में मिलेगा स्थान : मुख्यमंत्री पेज 5
लोगों का पैसा वापस मिलता है तो मैं सजा भुगतने को तैयार हूं : मुख्यमंत्री पेज 8

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलों अपने इरादों को कभी नहीं।*

– **एपीजे अब्दुल कलाम**

## खालिस्तान मामला : कनाडा के सांसद समेत अनेकों के ट्विटर अकाउंट बैन




**नई दिल्ली।** भारत में कई खालिस्तान समर्थकों के ट्विटर अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया गया है। इनमें कनाडा में सांसद व न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह का ट्विटर अकाउंट भी शामिल हैं। साथ ही कनाडाई कवयित्री रूपी कौर, स्वयंसेवी संगठन यूनाइटेड सिख और कनाडा निवासी कार्यकर्ता गुरदीप सिंह सहोटा का ट्विटर अकाउंट भी ब्लॉक कर दिया गया है। भारत से अगर कोई इन ट्विटर अकाउंट्स को एक्सेस करने की कोशिश करता है तो यह प्रदर्शित होता है कि उन्हें कानून सम्मत मांग के तहत ब्लॉक कर दिया गया है। जगमीत सिंह के अकाउंट को ब्लॉक किया जाना उल्लेखनीय है क्योंकि वह अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब विभिन्न देशों में इन खालिस्तान समर्थकों द्वारा हमले बढ़ गए हैं। मालूम हो कि खालिस्तान समर्थकों ने रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की थी। इसके बाद खालिस्तान समर्थकों ने कथित रूप से सैन फ्रान्सिसको में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला बोला था। बता दें कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ करने और इमारत से भारतीय ध्वज को हटाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले भारत ने सोमवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर हमले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। अमेरिकी प्रभारी को तलब करते हुए संपत्ति की तोड़फोड़ पर कड़ा विरोध व्यक्त किया था। -शेष पृष्ठ दो पर

## कामाख्या मंदिर में रानी मुखर्जी ने की पूजा-अर्चना



**गुवाहाटी (हि.स.)।** बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने आपने जन्मदिवस के अवसर पर मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ पर स्थित शक्तिपीठ कामाख्या में बॉलीवुड की लोकप्रिय अदाकारा रानी मुखर्जी पहुंचीं। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। रानी मुखर्जी के आगमन को लेकर -शेष पृष्ठ दो पर

## अमृतपाल के तीन और साथियों को लाया गया डिब्रूगढ़




**डिब्रूगढ़।** असम पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि अमृतपाल सिंह के तीन और सहयोगियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ जेल लाया गया। अमृतपाल के *वारिस पंजाब डे* (डब्ल्यूपीडी) से जुड़े कुल सात सदस्यों को 19 मार्च को यहां लाया गया है, जिसमें हरजीत सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें मंगलवार तड़के लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूपीडी के दो सदस्यों की पहचान कुलवंत सिंह धालीवाल और गुरिंदर पाल सिंह के रूप में -शेष पृष्ठ दो पर

## ममता केंद्र के खिलाफ 29 को धरने पर बैठेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र सरकार के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 29 मार्च से कोलकाता में दो दिन तक धरना देंगी। 29 मार्च सुबह से शुरू हुआ धरना 30 मार्च रात तक चलेगा। धरना अंबेडकर मूर्ती के पास किया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि वह अपने राज्य के प्रति भाजपा नीत केंद्र सरकार के कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में 29 मार्च से कोलकाता में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन -शेष पृष्ठ दो पर

## अमृत सरोवर निर्माण के लिए 669.23 करोड़ रुपए



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम सरकार ने अमृत सरोवर के निर्माण के नाम पर मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 669.23 करोड़ रुपए का अनुमोदन दिया है। इसमें से अमृत सरोवर योजना के मोबिलाइजेशन एडवांस के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य नोडल खाते में पहली किस्त के रूप में 182 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। यह बात असम विधानसभा में बजट सत्र के सातवें दिन प्रश्नकाल के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास ने मंगलवार को विधायक शमसुल हुदा द्वारा चालू -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### चटगांव व सिलहट बंदरगाहों का इस्तेमाल करे भारत : बांग्लादेश

**ढाका।** चीन के दबाव के बावजूद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चटगांव और सिलहट में देश के बंदरगाहों का इस्तेमाल करने की भारत को पेशकश करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। चटगांव बांग्लादेश का एक महत्वपूर्ण बंदरगाह है जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के निकट होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। एक अखबार ने प्रधानमंत्री हसीना के हवाले से -शेष पृष्ठ दो पर

### सौतेली बेटी से दुष्कर्म पर मौत की सजा

**अहमदाबाद।** गुजरात के खेड़ा जिले की एक अदालत ने अपनी सौतेली बेटी से बार-बार दुष्कर्म करने के मामले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। नडियाद शहर में विशेष पॉस्को न्यायाधीश पीपी पुरोहित ने भी उस व्यक्ति को मुआवजे के रूप में पीड़िता को दो लाख रुपए देने का आदेश दिया। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के साथ-साथ यौन अपराधों से -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत ने पाक को कहा- कश्मीर के नक्शे सही करें या दूर रहें



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत सैन्य चिकित्सा विशेषज्ञों के एक सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जानकारी के अनुसार भारत ने पाकिस्तान के उस नक्शे पर नाराजगी जाहिर की थी। जिसमें उसने कश्मीर को पाकिस्तान का अंग बताया था। इस आपत्ति के बाद पाक ने इस बैठक से खुद को अलग कर लिया। जुलाई में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन की भारत मेजबानी कर कर रहा है। बता दें इस सेमिनार का लक्ष्य मिलिट्री चिकित्सा, स्वास्थ्य देखभाल और -शेष पृष्ठ दो पर

## गडकरी को फोन- 10 करोड़ दो वरना भुगतो अंजाम



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास और कार्यालय में मंगलवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। दरअसल, एक व्यक्ति ने तीन बार भाजपा के वरिष्ठ नेता को फोन किया और धमकी दी कि अगर उसे दस करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया तो वह उन्हें नुकसान पहुंचाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले शख्स ने अपना नाम जयेश पुजारी उर्फ जयेश कंठ बताया। जनवरी में मंत्री के कार्यालय में फोन किया गया था, तब भी इस नाम का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस उपायुक्त (जोन-2) राहुल मदाने ने कहा कि नागपुर में ऑरेंज सिटी अस्पताल के सामने गड़करी के जनसंपर्क कार्यालय में तीन फोन कॉल आए, जिनमें से दो सुबह और एक दोपहर 12 बजे के आसपास आई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि व्यक्ति ने दस करोड़ रुपए की मांग की और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने बताया कि गडकरी के कर्मचारियों द्वारा सतर्क किए जाने के बाद शहर की पुलिस ने जांच शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

## टीएमसी-कांग्रेस के बीच तकरार जारी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस और तृणमुल कांग्रेस के बीच वार-पलटवार को दौर जारी है। तृणमुल कांग्रेस ने कांग्रेस के बगैर गठबंधन की कवायद शुरू कर दी है। ममता बनर्जी खुद कांग्रेस पर निशाना साध रही हैं। इन सब के बीच टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने बताया है कि आखिर उनकी पार्टी कांग्रेस पर इतनी हमलावर क्यों हैं। सुष्मिता देव ने कहा कि बंगाल की हर सीट पर कांग्रेस ने ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ा। फिर भी, वह राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस के साथ थीं। -शेष पृष्ठ दो पर

## पुतिन के अरेस्ट वारंट पर मेदवेदेव की आईसीसी को धमकी



**मॉस्को।** रूस की सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी चेयरमैन दिमित्री मेदवेदेव ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) को मिसाइल अटैक की धमकी दी है। मेदवेदेव ने कहा कि भगवान और मिसाइलों से बचना किसी के लिए भी मुमकिन नहीं है। दरअसल, 17 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ आईसीसी ने यूक्रेन में वॉर क्राइम के आरोप में अरेस्ट वारंट जारी किया था। उन पर यूक्रेनी बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोप लगे हैं। इसके बाद से रूस भड़का हुआ है। मेदवेदेव ने अपने टेलिग्राम अकाउंट पर लिखे स्टेटमेंट में आईसीसी को एक बेकार अंतर्राष्ट्रीय संगठन बताते हुए वहां के जजों को मिसाइल हमले के लिए आसमान में नजर बनाए रखने को कहा है। मेदवेदेव को पुतिन का वफादार माना जाता है। वे 2008 से 2012 तक रूस के राष्ट्रपति भी रह चुके हैं। आईसीसी पर नाराजगी जताते हुए मेदवेदेव ने कहा कि ये मुमकिन है कि नॉर्थ सी में रूसी वॉरशिप से निकली एक हाइपरसोनिक मिसाइल हेग में आईसीसी के हेडक्वार्टर पर गिरे। -शेष पृष्ठ दो पर

## *सदन की कार्यवाही चलाना हमारा प्रमुख कर्तव्य : धनखड़*



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दलों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सदन में गतिरोध को तोड़ने के प्रयास में मंगलवार को दो बार राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने रेखांकित किया कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाना हमारा प्रमुख कर्तव्य है जो लोकतंत्र का सार है और लोगों की अपेक्षा है। डेढ़ घंटे तक चली बैठक के दौरान धनखड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सदन बहस और सहयोगात्मक तरीके से चर्चा के लिए है न कि टकराव और गतिरोध के लिए। सभापति के चैंबर में पहली बैठक सुबह 11.30 बजे हुई जिसमें भाजपा, वाईएसआरसीपी, बीजेडी और टीडीपी के नेता मौजूद थे। हालांकि, अन्य दलों के सदन के नेता शामिल नहीं हुए। कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक और डीएमके पार्टी के सदन के नेता ने भी बैठक से पहले सभापति से अलग से मुलाकात की और बैठक में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की। सभापति ने इन दोनों नेताओं को संकेत दिया कि इससे लोकतंत्र को मदद नहीं मिलेगी और उनकी भावनाओं को नेताओं तक पहुंचाया जाए। इसके बावजूद पहली बैठक में भाजपा, वाईएसआरसीपी और टीडीपी को छोड़कर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, आप, बीजेडी, आरजेडी, सीपीआई (एम), जेडी(यू), एआईएडीएमके, एनसीपी, एसपी, एसएस, सीपीआई, टीआरएस, एजीपी और अन्य के नेताओं की अनुपस्थिति थी। राज्यसभा के सभापति ने इसके बाद बैठक में अनुपस्थित -शेष पृष्ठ दो पर

## एनसीपी के राष्ट्रीय पार्टी दर्जे की ईसी ने शुरू की समीक्षा



**नई दिल्ली।** 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद छोड़ दिया। 2019 के के बाद भी छोड़ दिया। लेकिन अब केंद्रीय चुनाव आयोग बख्शने के मूड में नहीं है। शरद पवार की पार्टी एनसीपी का राष्ट्रीय दर्जा छिनने वाला है। ऐसा कहा जा रहा है। दरअसल केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसी) आज से ही इसकी समीक्षा करने जा रहा है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी होने का दर्जा बहाल रखा जाए या छीन लिया जाए? बात सिर्फ नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की ही नहीं, मायावती की बसपा और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (सीपीआई) पर भी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खोने की नौबत आई है। किसी भी पार्टी को राष्ट्रीय कहे जाने के लिए कुछ नियम और शर्तें हैं। किसी भी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दर्जा तभी हासिल होता है जब लोकसभा या विधानसभा चुनावों में कम से काम चार राज्यों में उसे 6 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल हो। इसके अलावा 3 राज्यों में मिलाकर लोकसभा की कम से कम 2 फीसदी सीटों पर यानी 11 सीटों पर जीत हासिल करना भी जरूरी है। आज शरद पवार की पार्टी एनसीपी के प्रतिनिधि को चुनाव आयोग के सामने इस संबंध में जवाब देने के लिए कहा गया है। जवाब सुनने के बाद चुनाव -शेष पृष्ठ दो पर

## चौकसी के राहत का प्रत्यर्पण पर कोई असर नहीं : सीबीआई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से 13 हजार करोड़ के धोखाधड़ी के मामले फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस इंटरपोल ने हाल ही में वापस ले लिया था। इससे वो दुनिया के किसी भी देश में बिना की किसी चिंता के घूम सकता है। इससे उसे भारत लाने की कोशिशों पर भी सवाल खड़े हो गए थे। हालांकि अब सीबीआई का कहना है कि चोकसी को इंटरपोल से राहत मिलने से उसे भारत वापस लाने की कार्रवाई पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इससे पहले साल 2018 में सीबीआई क अपील पर चोकसी के खिलाफ इंटरपोल की तरफ से रे कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। वहीं इंटरपोल की -शेष पृष्ठ दो पर

*दिल्ली के बजट को गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी*

## नीचे से ऊपर तक अनपढ़ों की जमात : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के बजट को मंजूरी दे दी। सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर दिल्ली का बजट रोकने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार से विज्ञापन समेत तीन मुद्दों पर जवाब मांगा था। इस पर दिल्ली सरकार ने रिप्लाई नहीं किया था। इसलिए बजट अप्रूव नहीं हो सका था। इधर, केंद्र से मंजूरी मिलते ही अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में चर्चा के दौरान केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बजट पर केंद्र की आपत्ति असंवैधानिक और निराधार हैं। देश के 75 साल के इतिहास में किसी भी सरकार का बजट नहीं रोका गया। हमने मंगलवार को बजट उनकी आपत्तियों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# गुवाहाटी से सिलचर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 37 यात्री घायल



**री-भोई ( हि.स. )।** मेघालय के री-भोई जिलांतर्गत नोंगपोह थाना क्षेत्र के शांगबंगला इलाके में नाइट सुपर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके चलते बस में सवार लगभग सभी लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बीती रात शांगबंगला डाउन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर लगभग 11.30 बजे एक नाइट सुपर टूरिस्ट बस (एआर-20-9099) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसके चलते बस में सवार 37 यात्री घायल हो गए। बस यात्रियों को लेकर सिलचर जा रही थी। बस में भारी मात्रा में अवैध तरीके से सब्जी लदा हुआ था। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने 108 एंबुलेंस के जरिए घायल यात्रियों को सिविल अस्पताल नोंगपोह में पहुंचाया गया। कुछ घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद गुवाहाटी रेफर कर दिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि वास्तविक कारण हादसा ब्रेक फेल होने के कारण हुआ है। सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# भारतीय सेना में युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर : कर्नल धर्मेंद्र मलिक

**हिसार ( हिंस )।** यहां के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी संस्थान ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की कन्या बटालियन द्वारा शहीदी दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। इस दौरान राष्ट्र के शहीदों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल धर्मेन्द्र सिंह मलिक मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सबसे पहले पौधारोपण किया। इसके बाद टीचिंग ब्लॉक 4 में एनसीसी कार्यालय का उद्घाटन किया। एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कमान अधिकारी कर्नल धर्मेन्द्र सिंह मलिक ने कैडेट्स और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना में युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर है और विद्यार्थी एनसीसी लेकर डायरेक्ट साक्षात्कार के माध्यम से सेना में ऑफिसर के पद पर भर्ती हो सकते हैं। उन्होंने एनसीसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ भावी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके जीवन में आगे बढना चाहिए। युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए उन्होंने देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपने माता-पिता तथा अध्यापकों का आदर करता है वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल होता है। इस कार्यकम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति के जज्बे के साथ-साथ युवाओं को शहीदों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक, कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल, केयर टेकर डॉ. रचना व अन्य स्टाफ और एनसीसी के कैडेट मोजूद थे।

# पायलट की मांग पर रंधावा ने कहा बुलाएंगे विधायक दल की बैठक

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर से विधायक दल की बैठक बुलाने की मांग उठने लगी है। इसका पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी दबी जुबान में समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर विधायक मांग करते हैं तो फिर से विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। राजस्थान विधानसभा के बाहर मंगलवार को मंत्री प्रताप सिंह और फिर पायलट समर्थक विधायक मुकेश भाकर ने सचिन पायलट के पक्ष में बयान दिया। इन दोनों विधायकों ने एक बार फिर से विधायक दल की बैठक बुलाने की मांग का समर्थन किया। इनके समर्थन के बाद राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि अगर विधायकों की डिमांड हुई तो फिर से विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। रंधावा ने यह बयान मंगलवार को राजधानी जयपुर में एआईसीसी के फ्रंट संगठनों के प्रभारी के राजू के साथ प्रदेश पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक के बाद दिया। एआईसीसी के फ्रंट संगठनों की बैठक में यह भी फैसला किया गया कि कांग्रेस अजा-जजा की रिजर्व 59 सीटों पर विशेष नजर रखेगी। इसके तहत पार्टी की ओर से प्रदेश की 34 एससी और 25 एसटी सीटों पर लीडरशिप डवलपमेंट मिशन चलाया जाएगा। इस डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एससी-एसटी के उन नेताओं को तराशा जाएगा, जो कांग्रेस के लिए नेतृत्व कर सके और आगे आने वाले समय में चुनाव में चेहरा बन सके।

# आलोपति फकीरपाड़ा प्राथमिक विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन



**नगरबेड़ा ( निसं )।** बारपेटा जिले के बाघवर निर्वाचन क्षेत्र में मंडिया ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के तहत आलुपति फकीरपारा प्राथमिक विद्यालय संख्या 1993 की पहल के तहत आज स्कूल में छात्रों का अकादमीक मूल्यांकन और छात्रों का विदाई स्वागत विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर गौहाटी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हान्नानुल आहमेद, स्कूल की प्रबंध समिति के अध्यक्ष आली आकबर, शिराजुल हक, आलोपति माजरचर की ग्राम पंचायत के अध्यक्ष, आमिर हमजा, बाघमारा चार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रवक्ता, वरिष्ठ प्रधानाध्यापक आबुल हुसैन और इकरा नेशनल एकेडमी के प्रबंध निदेशक आशिक इकबाल उपस्थित थे। वक्ताओं ने छात्रों के शैक्षणिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण भाषण दिए और कहा कि शिक्षा राष्ट्र की रीढ़ है। शिक्षा के बिना कोई भी राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए हर कोई अपने बच्चों को उपयुक्त शिक्षा देकर सच्चा आदमी के रूप में बनाने का आह्वान किया। सभा में विद्यालय का 2022-2023वर्ष का पांचवीं कक्षा के 20छात्राओ को विदाई सम्भर्धना दिया। इसके अलावा चौथा कक्षा के पहले स्थान प्राप्त छात्र को और अभिभावक को फुल के गामछा देकर सम्मानित किया।

# पड़ोसी राज्यों से लाए जा रहे हैं ब्रॉयलर मुर्गे

**धुबड़ी ( हि.स. )।** संक्रमित होने की आशंका के चलते राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से ब्रॉयलर मुर्गियों को लाने पर रोक लगा दिया है। बावजूद इसके दूसरे राज्यों से असम में पोल्ट्री सिंडिकेट का कारोबार जारी है। मंगलवार को तड़के ब्रॉयलर मुर्गी लेकर असम में प्रवेश करने वाली दो पिकअप वैन को पुलिस ने जब्त किया है। बताया गया कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से असम के आगमनी थाना अंतर्गत खेरबारी होते हुए गोहाई कमल आली इलाके में आने की सूचना मिली थी। पुलिस और आबकारी टीम ने शहीद बेदी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर चेकिंग शुरू की, लेकिन कुछ वाहन अवैध रूप से ब्रॉयलर मुर्गी लेकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सूचना के आधार पर दो पिकअप वैन को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि धुबड़ी जिले के आगमनी थाना क्षेत्र से होकर ब्रॉयलर से लदे 16 वाहन पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से असम में दाखिल हुए। इनमें से 14 ब्रॉयलर से लदे पिकअप वैन असम के विभिन्न हिस्सों में पहुंचने में कामयाब रही।

# बाघमारा चर में चार दिवसीय कार्यशाला का समापन



**नगरबेड़ा ( निसं )।** बारपेटा जिले के मंडिया खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के तहत फुलनई, बाघमारा और भटनापैती मंडल समग्र केंद्रों के प्राथमिक स्तर के शिक्षकों की चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला 18 मार्च को संपन्न हुई। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाघमारास के परिसर में बुनियादी साक्षरता और संख्या (एफएलएन) और शीर्ष विषयों पर शिक्षण सामग्री का उपयोग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाघमारा चर के प्रधानाचार्य ताइजुद्दीन सरकार ने किया। उन्होंने कार्यशाला खदान का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में शिक्षकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बात की। मौके पर व्याख्याता जमशेर आली आहमेद व समन्वयक शाहजहां आली ने प्रशिक्षकों को संबोधित किया। कार्यशाला खदान में प्रतिभागी 75 शिक्षक कंटेंट पर्सन के रूप में, राजीव तालुकदार, नबीर आलम, सीआरसीसी सौरभ मजूमदार और रूपम दास क्रमशः उपस्थित थे और प्रशिक्षित थे।

No.AF/EE/661/Appointment/2018-19/737

NOTICE

In pursuance of this office letter vide No.AF/EE/661/2018-19/182 Dated Guwahati the 25th July/2019 and AF/EE/690/2020-21/1474-79 Dated 21st January/2021, it is informed to all concerned that earlier advertisement for recruitment of the post of Jr. Asstt. 1(One) No., Driver 1 ( One) No. & Gd- IV 2 (Two) Nos. under the establishment of Executive Engineer, Deptt. of Fisheries, Assam, Guwahati-16, Meen Bhawan ( 2nd Floor) is hereby stands cancelled.

Sd/-
Executive Engineer
Department of Fisheries
Assam::::Guwahati

-- Janasanyog
/D/23873/22

# पृष्ठ एक का शेष

## खालिस्तान मामला : कनाडा...

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा अमेरिकी सरकार को राजनयिक प्रतिनिधित्व की रक्षा और सुरक्षा करने के अपने मूल दायित्व की याद दिलाई गई थी। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उचित उपाय करने के लिए कहा गया।

## अमृतपाल के तीन...

हुई है, जिन्हें दिल्ली से एक विमान से यहां लाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले जाया गया। हरजीत सिंह को गुवाहाटी से सड़क मार्ग के जरिए डिब्रूगढ़ जेल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि सात सुरक्षा वाहनों का एक काफिला हरजीत सिंह को गुवाहाटी हवाई अड्डे से डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल ले गया, जहां उसे सुबह 7.10 बजे रखा गया था। उसने सोमवार तड़के पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हरजीत सिंह, जिनके बारे में अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने भतीजे को डब्ल्यूपीडी के खातों पर नियंत्रण हासिल करने में मदद की, उन पांच लोगों में शामिल हैं, जिन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया गया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति को निवारक हिरासत में लेने की अनुमति देता है। इससे पहले रविवार को डब्ल्यूपीडी के चार सदस्यों को डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल लाया गया था, जब पंजाब सरकार ने शनिवार को अमृतपाल सिंह के नेतृत्व वाले संगठन पर एक बड़ी कार्रवाई शुरू की, जो कई आपराधिक मामलों में वांछित है।

## ममता केंद्र के ...

करेंगी। ममता ने दावा किया कि केंद्र ने मनरेगा परियोजना और आवास तथा सड़क विभागों की अन्य पहलों के लिए धन जारी नहीं किया है। ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने दमदम हवाईअड्डे पर मीडिया से कहा कि पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जिसे केंद्र से कुछ भी नहीं मिला है। इसने हमें हमारा बकाया पैसा नहीं दिया है। इस साल के केंद्रीय बजट में भी हमारे राज्य के लिए कुछ नहीं था। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैं मुख्यमंत्री के रूप में, बंगाल के प्रति केंद्र के भेदभाव के विरोध में, 29 मार्च से कोलकाता में डॉ बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के नीचे धरना प्रदर्शन करूंगी और इसे 30 मार्च की शाम तक जारी रखूंगी। बनर्जी ने कहा कि तटीय राज्य की अपनी यात्रा के दौरान वह ओडिशा के अपने समकक्ष नवीन पटनायक के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी।

## अमृत सरोवर निर्माण ...

वित्त वर्ष 2022-2023 में अमृत सरोवर निर्माण के नाम पर असम सरकार द्वारा दिए गए कुल अनुदान के बारे में पूछे जाने पर कही। मंत्री दास ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के कार्यान्वयन के लिए असम के जिलों से 3007 अमृत सरोवर योजना के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। असम सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रस्तावों की समीक्षा के बाद जिलों से प्रस्तावित 3007 अमृत सरोवर योजना में 2985 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अंतिम रूप दिया गया है। 2677 अमृत सरोवर योजना पर अब तक काम शुरू किया जा चुका है। इनमें से 1779 अमृत सरोवर के खनन कार्य पूरे हो चुके हैं और 898 का खनन कार्य प्रगति पर है। दूसरी ओर, मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि 27 पूर्वी बिलासीपारा निर्वाचन क्षेत्र में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। उनका कहना है कि एक हेक्टेयर क्षेत्र में प्रत्येक आदर्श अमृत सरोवर के निर्माण के लिए निर्धारित कुल राशि 24,09,073.36 रुपए है। उल्लेखनीय है कि अमृत सरोवर के लिए निर्धारित पूंजी की मात्रा क्षेत्रफल, भूमि प्रकार आदि के आधार पर भिन्न हो सकती है।

## भारत ने पाक को ...

महामारी से निपटने के क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं को आदान-प्रदान करना था। पिछले ढाई वर्षों में विभिन्न सशस्त्र बलों ने इमरेंजसी मेडिकल सुविधाओं को बेहतर करने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में टीकाकरण कार्यक्रम को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2020 में जब कोरोना महामारी चरम पर थी, उस वक्त एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने एक वर्चुअल बैठक की थी। इस बैठक से अजीत डोभाल बाहर चले गए थे। क्योकि पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने एक नक्शा पेश किया था, जिसमें दोनों देश की सीमाओं को गलत तरीके से दिखाया गया था।पाकिस्तानी पक्ष लगातार मानचित्रों के जारिए कश्मीर को पड़ोसी देश के रुप में दिखाता आ रहा है। पाकिस्तान को इस सेमिनार में सैन्य चिकित्सा, स्वास्थ्य देखभाल और विषय के साथ थिंक टैंक के रुप में भाग लेना था। कश्मीर मुद्दे पर नाराजगी जताने के बाद पाकिस्तानी पक्ष ने भाग नहीं लिया। मंगलवार की संगोष्ठी के रन-अप में एक कार्यक्रम में, पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने एक गलत मानचित्र के जारिए पाकिस्तान को कश्मीर का हिस्सा दिखाया था। मामला विदेष मंत्रालय के समक्ष आने के बाद पकिस्तानी पक्ष को सही नक्शा दिखाने और सेमिनार से दूर रहने के लिए कहा गया। जिसके बाद पाकिस्तान ने खुद को अलग कर लिया।

## गडकरी को फोन...

कर दी है। उन्होंने बताया कि मंत्री के आवास और कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 14 जनवरी को खुद को पुजारी बताने वाले एक व्यक्ति ने गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय में धमकी भरा फोन कॉल किया था और 10 करोड़ रुपए की मांग की थी। फोन करने वाले ने दावा किया था कि वह दाऊद इब्राहिम गिरोह का सदस्य है। हत्या के एक मामले में मौत की सजा सुनाए जाने के बाद कर्नाटक के बेलगावी की हिंडाल्गा जेल में बंद पुजारी ने फोन कॉल में अपनी संलिप्तता से इनकार किया था।

## टीएमसी-कांग्रेस के ...

लेकिन मेरा मानना है कि कांग्रेस के भीतर भ्रम है। उन्होंने कहा कि बंगाल कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि ईडी राज्य में अच्छा काम कर रही है और नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई का विरोध करती है। सुष्मिता देव ने साफ तौर पर कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी को दोहरा रुख नहीं अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने त्रिपुरा में सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन किया, बंगाल में लेफ्ट के साथ और केरल में उनके खिलाफ बोल रहे थे। यह भ्रम कांग्रेस में है, हमें कोई भ्रम नहीं है। वहीं, पलटवार में कांग्रेस के पवन खेड़ा ने कहा कि हमें कोई भ्रम नहीं है। आप और वे दोनों पूर्वोत्तर चुनाव लड़ रहे थे, तो क्या हम कह सकते हैं कि वे भ्रमित हैं? उन्होंने कहा कि जब हम छोटे थे तो एचएमवी के रिकॉर्ड सुनते थे जो कलकत्ता से आते थे। फुल फॉर्म क्या था? उनके मास्टर की आवाज। आज कोलकाता से वही आवाजें आ रही हैं। टीएमसी सांसद ने यह भी कहा कि आप विपक्षी नेताओं से 10-15 घंटे पूछताछ करते हैं और उन्हें रिमांड में लेते हैं। क्या अडानी से 8-10 घंटे पूछताछ करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं? यह रहस्य क्या है? सिर्फ एक, कि अडानी को पीएम मोदी का संरक्षण प्राप्त है। यह हमारा आरोप है और वे संसद में चर्चा नहीं होने देते। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारा कहना है कि गैर-भाजपा सरकारें यह तय करें कि क्या राज्य स्तर पर अडानी घोटाले की जांच की जा सकती है, यह हमारा सुझाव है। हमें उम्मीद है कि गैर-भाजपा सरकारें इस पर विचार करेंगी।

## पुतिन के अरेस्ट ...

कोर्ट के लिए इसे रोकना नामुमकिन होगा। कोर्ट नाटो का मेंबर नहीं है तो इस हमले के बाद कोई जंग भी नहीं शुरू होगी। इस हमले का किसी को कोई अफसोस नहीं होगा। पुतिन के खिलाफ आईसीसी के अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसे न्याय के पक्ष में बताया था। उन्होंने कहा था कि ये वारंट सही है क्योंकि पुतिन यूक्रेन में वॉर क्राइम के लिए जिम्मेदार हैं। वहीं रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा था कि कानूनी तौर पर रूस के लिए इस गिरफ्तारी वारंट का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि रूस इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट की रोम स्टैट्यूट का हिस्सा नहीं है। अरेस्ट वारंट जारी करते हुए आईसीसी ने कहा था कि उसके पास यह मानने के लिए उचित आधार है कि पुतिन ने न सिर्फ इन अपराधों को अंजाम दिया, बल्कि इसमें दूसरों की भी मदद की। कोर्ट ने कहा कि पुतिन ने बच्चों के अपहरण को रोकने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने बच्चों को डिपोर्ट करने वाले अन्य लोगों को रोका नहीं, कार्रवाई नहीं की। यूक्रेन के ह्यूमन राइट्स चीफ के मुताबिक, 13 महीने से चल रही इस जंग में अब तक करीब 16 हजार 226 बच्चों को डिपोर्ट किया जा चुका है।

## सदन की कार्यवाही ...

रहे दलों के नेताओं से अपने फैसले पर फिर से विचार करने और दोपहर 2:30 बजे वाली दूसरी बैठक में भाग लेने की अपील की। दूसरी बैठक में राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश, शरद पवार (एनसीपी), डॉ. केशव राव (टीआरएस), तिरुचि शिवा (डीएमके), डॉ. शांतनु सेन (टीएमसी), एम थंबीदुरई (डीएमके), सस्मित पात्रा (बीजेडी), जीके वासन (तमिल मनीला कांग्रेस), बीरेंद्र प्रसाद बैश्य (एजीपी); केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता पीयूष गोयल, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री पलहद जोशी, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विदेश और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और भाजपा (आरएस) के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने भाग लिया। सभापति ने आगे के परामर्श में शामिल होने के लिए 23 मार्च को सुबह 10 बजे अगली बैठक निर्धारित की है, जिसमें सभी सदन के नेताओं से भाग लेने का अनुरोध किया है।

## एनसीपी के राष्ट्रीय ...

आयोग इस बारे में फैसला लेगा कि पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा बहाल रखा जाए या नहीं। अगर किसी राजनीतिक पार्टी को नेशनल पार्टी होने का दर्जा हासिल होता है तो इसके कई फायदे होते हैं। ऐसी पार्टियों का चुनाव चिन्ह हर राज्य में मान्य होता है। नई दिल्ली में पार्टी ऑफिस के लिए जगह मिल जाती है। चुनाव के दौरान पब्लिक ब्रॉडकास्टर्स की ओर से फ्री एयरटाइम की सुविधा मिल जाती है, जिससे जनता तक अपना संदेश पहुंचाना आसान होता है। 1968 के चुनाव चिन्ह से संबंधित आदेश के तहत अगर किसी पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा छिन जाता है तो वह पार्टी अपने कॉमन पार्टी सिंबल के साथ पूरे देश में चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं रह जाती है।

## चौकसी के राहत का ...

ओर से अभी रेड कॉर्नर नोटिस वापस लेने के बाद चोकसी की प्रत्यर्पण को लेकर उठे तमामल सवालों का जवाब देते हुए सीबीआई ने आश्वास दिया है कि इससे उसके प्रत्यर्पण पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सीबीआई ने ये भी बताया है कि उसे वापस भारत लाने के अनुरोध पर एंटीगुआ और बारबुडा के अधिकारी विचार कर रहे हैं। वहीं इंटरपोल के नोटिस को दोबारा बहाल कराने के लिए भी कोशिश की जा रही है। सीबीआई के मुताबिक एंटीगुआ के अधिकारियों का मानना है कि ये साबित करने के लिए तमाम सबूत हैं कि चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता के लिए आवेदन करते समय कई चीजें छिपाई थीं। वहीं इंटरपोल ने दिसंबर साल 2018 में सीबीआई और ईडी के अनुरोध पर ही मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हालांकि इस नोटिस के जारी होने से पहले ही उसकी लोकेशन का पता लगा लिया गया था।

## नीचे से ऊपर ...

को बिना बदलाव के भेजा और उन्होंने इसे मंजूरी दे दी। इतना अहंकार ठीक नहीं है। केजरीवाल ने गृह मंत्रालय की आपत्तियों को लेकर कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 20 हजार करोड़ आवंटित किए गए थे, विज्ञापन के लिए 500 करोड़। हमने कभी नहीं सुना कि 500 करोड़ 20 हजार करोड़ से अधिक है। केंद्र सरकार ने नीचे से ऊपर तक अनपढ़ों की जमात बैठा रखी है। दिल्ली का बजट अब विधानसभा में बुधवार को पेश किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार काम करना चाहती है, लड़ाई नहीं। लड़ाई से किसी का भला नहीं होता। हम प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, हम कोई झगड़ा नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री दिल्ली जीतना चाहते हैं तो उन्हें पहले शहर के लोगों का दिल जीतना होगा। उन्होंने कहा कि आप (पीएम) बड़े भाई हैं और मैं छोटा भाई। सीएम केजरीवाल ने इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी दिल्ली के लोगों से आप क्यों नाराज हैं। कृपया बजट मत रोकिए। केजरीवाल ने कहा कि देश के 75 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली में बजट पेश होने से एक दिन पहले केंद्र ने इस पर रोक लगा दी है। ये सीधे तौर पर केंद्र सरकार की गुंडागर्दी है। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में बताया कि बजट की फाइल को अप्रूवल के लिए दोबारा गृह मंत्रालय भेज दिया गया है। उन्होंने बजट रोके जाने पर अफसोस जताते हुए कहा कि जनता का चुना हुआ मुख्यमंत्री और कैबिनेट होने का क्या फायदा, जब एक बजट तक पास न कर पाएं। केजरीवाल के बयान पर दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी) ऑफिस ने स्टेटमेंट जारी किया। जिसमें बताया गया कि एलजी वीके सक्सेना ने बजट पास कर कुछ नोट्स जोड़कर उसे 9 मार्च को दिल्ली सरकार के पास भेज दिया था। दिल्ली सरकार ने फिर इसे राष्ट्रपति से अप्रूव कराने के लिए गृह मंत्रालय को भेजा।

## चटगांव व सिलहट ...

कहा कि यदि भारत चाहे तो वह हमारे चटगांव और सिलहट बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकता है। इंडिया फाउंडेशन के राम माधव ने रविवार को हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन में उनसे मुलाकात की थी जिस दौरान प्रधानमंत्री ने यह पेशकश की। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि इस कदम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। खबर के अनुसार, माधव के साथ बातचीत में हसीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपना शुभकामना संदेश भी भेजा। माधव ने हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि की सराहना की। खबर में उनके हवाले से कहा गया है कि पड़ोसी देश होने के नाते बांग्लादेश और भारत में शानदार मित्रता है और उम्मीद है कि भविष्य में भी यह रिश्ता बरकरार रहेगा।

## सौतेली बेटी से ...

बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत पिछले साल मार्च में उस व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने पांच महीने से अधिक समय तक 11 साल और 8 महीने की लड़की के साथ बार-बार दुष्कर्म किया और उसे यौन उत्पीड़न के बारे में बात न करने की धमकी दी। किशोरी के गर्भवती होने के बाद ही वारदात का खुलासा हुआ। लोक अभियोजक गोपाल ठाकोर ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपराध साबित करने के लिए अदालत के समक्ष सबूत के तौर पर 12 गवाह और 44 दस्तावेज पेश किए। साक्ष्य और अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने व्यक्ति को समाज में एक मिसाल कायम करने और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मौत की सजा सुनाई।

## कामाख्या मंदिर में ...

कामाख्या धाम में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। आज ही एक्ट्रेस रानी मुखर्जी का 45वां जन्मदिन है। उन्होंने अपने जन्मदिन पर मां कामाख्या का आशीर्वाद लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचीं थीं। पूजा के बाद रानी मुखर्जी होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुई। इसके बाद एक्ट्रेस स्पेशल फ्लाइट से मुंबई के लिए रवाना हो गईं। कामाख्या धाम में मौजूद सभी लोग एक्ट्रेस को देखकर बेहद उत्साहित हो गए।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**सकल जीव प्रभु एक है, प्रभु को जन कोइ एक।**
**गणित लक्ष में क्या गिने, कोटिन जन महँ एक॥ 37॥**

**शब्दार्थ :** (प्रभु) स्वामी (जन) भक्त।

**भाष्य :** समस्त जीवों के लिए प्रभु एक है और प्रभु का इन समस्त जीवों में अपना कोई एक होता है। भक्तजनों की गणना क्या की जाए? करोड़ों जनों में कोई एक सहज योगी अवधूत वृत्ति का होता है।

**जिज्ञासू कोई एक है, नर सहस्त्र के माहिं।**
**सहस बोध कोइ एक है, साधन सहसन माहिं॥ 38॥**

**शब्दार्थ :** (सहस्त्र) हजार (जिज्ञासू) जानने की इच्छा वाला (बोध) ज्ञान (साधन) योगाभ्यास।

**भाष्य :** नर सहस्त्रों में कोई एक जिज्ञासू होता है, उन सहस्त्रों में कोई एक पूर्ण बोध के प्राप्त होता है एवं उन बोधप्राप्त जिज्ञासुओं में कोई एक योग का साधन-अभ्यास करता है।

## सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**धुबड़ी (हि.स.)।** जिले के चापर थानांतर्गत इलाके में एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। बताया गया कि सोमवार रात चापर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर एक बाइक ने पैदल जा रहे धीरेंद्र नारायण रॉय को टक्कर मार दी। दुर्घटना में धीरेंद्र घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार मोफिज अली और नूर हुसैन भी घायल हो गए। धीरेंद्र सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बाइक सवारों को पहले चापर स्थित प्राथमिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर बंगाईगांव जिला सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहीं नगांव जिलांतर्गत रोहा में ऐतिहासिक मठरबाड़ी थान (मंदिर) में चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि बीती रात चोरों ने मंदिर के दरवाजे तोड़कर चोरी के वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

# राज्य में एनएफएसए के 1.97 लाख से अधिक लाभार्थी : रंजीत दास



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री रंजीत कुमार दास ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के असम के 56,21,146 राशन कार्डों के मुकाबले 1,97,81,854 लाभार्थी शामिल हैं। मंत्री दास असम विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन मंगलवार को विधायक तेरेस ग्वाला के राशन कार्ड को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 17 मार्च 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार असम में 56,21,146 राशन कार्डों के मुकाबले 1,97,81,854 लाभार्थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली का लाभ ले रहे हैं। मंत्री दास ने कहा कि दुलियाजान विधानसभा क्षेत्र के तहत कुल 251 उचित मूल्य की दुकानों के मुकाबले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कुल 41,471 राशन कार्ड और 1,21,784 लाभार्थी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत डिब्रूगढ़ जिले में 2,06,349 नए लाभार्थियों को शामिल करने का प्रावधान किया गया है। असम सरकार के मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार राज्यभर में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 40 लाख नए लाभार्थियों को शामिल करने की प्रक्रिया पहले ही जिलों व उप-मंडलों में शुरू हो चुकी है। उक्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पात्र लाभार्थी को नया राशन कार्ड दिया जाएगा। अपात्र लाभार्थियों के नाम हटाना और पात्र लाभार्थियों को शामिल करना खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत एक सतत् प्रक्रिया है। दूसरी ओर, बिना शर्त राशन कार्ड लेने वाले सभी गरीब लोगों के हित में असम के मुख्यमंत्री के अनुरोध पर वर्ष 2020-21 में डिब्रूगढ़ जिले के लाभार्थियों ने 2280 राशन कार्ड स्वेच्छा से वापस कर दिए गए हैं।

## देसी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**तिनसुकिया (हि.स.)।** तिनसुकिया जिले के डिगबोई में जहरीले रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर देसी शराब बनाने का भंडाफोड़ किया है। शराब बनाने में फिटकिरी का भी उपयोग किए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि आबकारी विभाग को डिगबोई के पावे बनगांव में नकली शराब बनाने की जानकारी मिली थी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने गांव में छापा मारा, लेकिन टीम को देखकर अवैध शराब बनाने वाले मौके से भाग गए। पुलिस ने छापेमारी में वहां से रासायनिक उर्वरक यूरिया- 300 किग्रा, फिटकिरी-40 किग्रा, 12 हजार लीटर चुलाई (देसी शराब) समेत सहित कई सामान बरामद किए। पुलिस ने जब्त सभी सामानों को नष्ट कर दिया। इस मामले में 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# भारतीय जाली मुद्रा व मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**धुबड़ी (हि.स.)।** भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती धुबड़ी जिले के तिस्तापाड़ा गांव से तस्करी के आरोप में सीमा सुरक्षा बल (सीसुब) ने एक भारतीय को भारतीय जाली मुद्रा एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। सीसुब सूत्रों ने बताया है कि पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर सीसुब गुवाहाटी फ्रंटियर की 19वीं वाहिनी के सीमा प्रहरियों ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती गांव तिस्तापाड़ा में छापा मारा। यहां से स्थानीय पुलिस के साथ जवानों ने एक घर में छुपाकर रखे हुए एक लाख रुपए की भारतीय जाली मुद्रा एवं 39 पैकेट प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ तस्करी के आरोप में एक भारतीय को गिरफ्तार किया। सीसुब सूत्रों ने बताया है कि इसी तरह एक अन्य अभियान में सीसुब के सीमा प्रहरियों ने कोच बिहार (पश्चिम बंगाल) में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी किए जाने के प्रयास को विफल करते हुए 24 किग्रा गांजा एवं 233 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को जब्त सामग्री के साथ पुलिस स्टेशन धुबड़ी को सौंप दिया गया।

## धुबड़ी शहर में चार दुकानों में चोरी

**धुबड़ी (हि.स.)।** धुबड़ी शहर में एक रात में चार दुकानों में चोरी होने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार बताया है कि सोमवार रात चार दुकानों में चोरी हो गई है। चोरों ने धुबड़ी एनएस रोड स्थित पापुलर स्टोर, जगत इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर, आरईएक्स फूट वियर और एक पान की दुकान के ताले तोड़कर सामान और नकदी चुरा लिए। धुबड़ी सदर पुलिस स्टेशन के पास हुई चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि चोर कितने का माल ले गए हैं। धुबड़ी पुलिस ने पूरी घटना का संज्ञान लेने के बाद चोर की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

# रसोइयों की जांच और प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन

**होजाई (निसं)।** सर्व शिक्षा अभियान (एसएसएम) की प्रधानमंत्री पोषण योजना को देश भर के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने वाले रसोइयों की जांच और प्रदर्शनी प्रतियोगिता हेतु के एक समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का नेतृत्व पीएम आहार पोषण विभाग के जिला अधिकारी हरिपद शैकिया ने किया। समारोह मे होजाई जिला सर्व शिक्षा मिशन के जिला योजना अधिकारी अशोक गोगोई मुख्य अतिथि एवं शुभ सरावगी मुख्य शेफ के रूप मे उपस्थित थे। कला प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य स्कूलों में परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन को बनाने में रसोइए कितने पारदर्शी हैं। साउथ होजाई रिसोर्स जोन के समन्वयक नीरेन दास, ध्वनिराम पाथर रिसोर्स जोन के समन्वयक राकेश डे और रानीपुखुरी रिसोर्स जोन के समन्वयक सुबीर भट्टाचार्य की देखरेख में नौ स्कूलों के रसोइयों ने विभिन्न पौष्टिक खाद्य प्रदर्शनियों का आयोजन किया। गुणवत्ता निर्धारण हेतु डॉली बोरा, आपूर्ति निरीक्षक एवं जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खुशबू होटल के मालिक शुभम सरावगी मुख्य शेफ के रूप मे उपस्थित थे। साथ ही जिले के दो विद्यालयों के साथ साथ राज्य से दो छात्र-छात्राओं को नामजद किया गया था। केंद्र और राज्य सरकारें हर स्कूल में इस तरह के भोजन की तैयारी को प्रोत्साहन हेतु कार्यक्रम का आयोजन कर रही हैं। प्रतियोगिता मे श्रेष्ठ प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## ट्रक से 25 लाख की सेगून की लकड़ी जब्त, तीन गिरफ्तार

**धुबड़ी (हि.स.)।** पुलिस ने असम-पश्चिम बंगाल सीमा पर पश्चिम बंगाल ब्लॉक के जोराईमोर में राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर असम से तस्करी करके कोलकाता ले जा रही सागौन की लकड़ी लदा एक ट्रक जब्त किया। पुलिस ने अवैध रूप से लकड़ी ले जाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को जानकारी मिली कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार रात को पश्चिम बंगाल के कोचबिहार जिला के बख्शीरहाट एक ट्रक को रोक लिया। ट्रक से 515 घन मीटर सागौन की लकड़ी बरामद की गई, जिसकी कीमत 25 लाख 75 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार सागौन की लकड़ी से लदे ट्रक को असम से कोलकाता ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक, खलासी सहित तीन लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

# अपोलो फार्मेसी ने पूर्वी क्षेत्र में खोला अपना 750वां स्टोर



**गुवाहाटी।** देश भर में अपनी बेजोड़ पहुंच के अलावा, भारत की भरोसेमंद खुदरा फार्मेसी श्रृंखला ने अब पूर्वी क्षेत्र में अपना 750वां स्टोर खोला है। स्टोर का उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल्स गुवाहाटी के सीईओ श्री अभिजीत सिंह और अपोलो हॉस्पिटल्स, गुवाहाटी के चीफ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. तनमय दास ने किया। अपोलो फार्मेसी के पूरे भारत में 5300 से अधिक स्टोर हैं। उक्त स्टोर में स्वास्थ्य और कल्याण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिसमें पोषण, व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य और माताओं और शिशुओं के लिए आवश्यक चीजें शामिल हैं। अपोलो फार्मेसी 100 फीसदी असली दवाइयां देने के लिए जानी जाती है। फार्मेसी श्रृंखला द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में प्रिस्क्रिप्शन रिफिल रिमाइंडर, मुफ्त डोरस्टेप डिलीवरी और स्वास्थ्य और कल्याण उत्पादों पर सर्वोत्तम सौदे शामिल हैं।

# सशस्त्र सीमा बल का अध्ययन भ्रमण सह शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित




**रंगिया (निसं)।** सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय, रंगिया के अंतर्गत 64 वीं वाहिनी बरमा द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ अध्ययन भ्रमण सह शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गत रविवार को प्रारंभ कर सोमवार को इसका सफल समापन किया गया। कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 30 छात्रों ने भाग लिया। 64 वीं वाहिनी के कर्तव्य क्षेत्र में आने वाले बीओपी द्वारा आमगुड़ी एवं उत्तरकुची से गुवाहाटी और इसके पश्चात दिनांक 20 फरवरी, सोमवार को रंगिया स्थित क्षेत्रक मुख्यालय में पहुँचकर इस कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम का संबोधन सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय, रंगिया के उपमहानिरीक्षक जगदीप पाल सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए प्रभावी शिक्षण, व्यक्तिगत विकास विकसित सामाजिक और ऐतिहासिक ज्ञान, विकसित महत्वपूर्ण सोच, संस्कृति के प्रति सम्मान इत्यादि के बारे बताया। कार्यक्रम के दौरान 64वीं वाहिनी के कमांडेंट एन. के. टमटा सहित क्षेत्रक मुख्यालय, रंगिया के अधिकारीगण एवं जवान भी उपस्थित रहे।

## कालदिया नदी से धातु की पांच मूर्तियां बरामद

**बरपेटा (हि.स.)।** बरपेटा जिले के पाटाचारकुची में कालदिया नदी से मंगलवार को धातु की कुल पांच छोटी-बड़ी मूर्तियां बरामद की गई हैं। इनमें एक चांदी की लक्ष्मी जी की मूर्ति, एक लड्डू गोपाल और भगवान गणेश की पीतल की मूर्ति शामिल है। स्थानीय निवासी रमनी कलिता नामक एक व्यक्ति को कालदिया नदी में स्नान करते समय नदी के बीचोंबीच मूर्तियां मिलीं। ऐसा माना जा रहा है कि चोरों ने सोने की मूर्तियां समझकर चुराया होगा, बाद में सत्यता का पता चलने पर उसे नदी में फेंक दिया होगा। कलिता के परिवार ने मूर्तियों को सावधानी से अपने घर पर रखा है।

# सीआरपीएफ 152 बटा. का रक्तदान शिविर आयोजित

**गुवाहाटी (निसं)।** ग्वालपाड़ा जिले में स्थित 152 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा शास्त्री नगर, ग्वालपाड़ा स्थित मुख्यालय में 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जैसा कि हम सभी को विदित है कि 152 बटालियन हर वर्ष की भांति इस बार भी अपना स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ खनिंद्र चौधरी आईएएस जिला उपायुक्त ग्वालपाड़ा द्वारा देव शंकर मिश्र, कमांडेंट-152 की उपस्थिति में फीता काट कर किया गया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर रक्तदान शिविर में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने चिकित्सा दल, सिविल अस्पताल ग्वालपाड़ा के माध्यम से कुल 50 युनिट रक्तदान किया गया ताकि भविष्य में किसी जरुरतमंद को देकर उसका जीवन बचाया जा सके। चौधरी ने इस अवसर पर सभी जवानों को संबोधित करते हुए रक्तदान के माध्यम से किए गए अमूल्य योगदान के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी। इस



रक्तदान समारोह के दौरान खनिंद्र चौधरी, आईएएस, जिला उपायुक्त ग्वालपाड़ा, देव शंकर मिश्र, कमांडेंट-152, श्री राकेश रंजन तिवारी द्वि.क.अ., वी नारायण उप कमां, डॉ शेख अब्दुल्ला अहमद, चिकित्सा दल (सिविल अस्पताल ग्वालपाड़ा), जवान उपस्थित थे।

# गणगौर विसर्जन मेले में कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**गुवाहाटी।** श्री गणगौर तीज महोत्सव समिति की ओर से आगामी 24 मार्च को फैंसी बाजार के एमजी रोड स्थित लाचित घाट में गणगौर विसर्जन मेले का विराट आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक विवेक सांगानेरिया ने बताया कि इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से निःशुल्क सेवाएं भी दी जाएगी। मारवाड़ी युवा मंच कामाख्या शाखा की ओर से गणगौर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हाथ से सजाई गई गणगौर को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके पीछे संस्था का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को राजस्थानी संस्कृतिक एवं परंपरा से जोड़े रखना है। इधर मारवाड़ी महिला एकता मंच की ओर से सोलाह श्रृंगार प्रतियोगिता व मेहंदी राचणी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं हाल ही में गठित नखराली बाइसा गुवाहाटी की ओर से 'ननद-भोजाई' जोड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मां-बेटी, सास-बहू, दो बहनें, देवरानी-जेठानी आदि बतौर ननद-भोजाई की जोड़ी के तौर पर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मेले के दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजन स्थल पर कई तरह की सेवाएं दी जाएगी। इनमें मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा, चेतना लेडीज क्लब, श्री राणी सती सत्संग समिति एवं श्री राणी सतीजी महिला समिति, श्री ढांढण शक्ति महिला समिति, बैद्यनाथ आसाम कांवरिया सेवा समिति, गुवाहाटी युवा कांवर संघ, श्री छाजल अमरी शक्ति समिति आदि संस्थाएं शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष विशाल भातरा ने बताया कि गणगौर विसर्जन मेले का आयोजन दोपहर 1.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच किया जाएगा। ऐसे में सभी माताओं एवं बहनों से समय पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सचिव आदर्श शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय मोर, निर्मल शर्मा, मनमोहन सिकरीया, पार्षद सौरभ झुनझुनवाला, दिनेश सिकरिया, अजय मोर, राजू तिवाड़ी सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## मवेशी तस्करी मामले में दो तस्कर गिरफ्तार

**गोलाघाट (हि.स.)।** राज्य में कड़े पशु कानून के बावजूद पशुओं की तस्करी का धंधा जारी है। इस कड़ी में गोलाघाट जिले में लज्जरी वाहन के जरिए मवेशियों की तस्करी का मामला सामने आया है। कमारगांव पुलिस ने बांगकोवाल बालीचापरी में एक लज्जरी वाहन के जरिए तस्करी की जा रही गायों सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि बीती रात गायों की तस्करी करते समय स्थानीय ग्राम सुरक्षावाहिनी (वीडीपी) की तत्परता से पशु तस्करों को पकड़ा गया। लक्जरी वाहन के जरिए गायों को बेरहमी से चारों पैरों को बांध कर ले जाया जा रहा था। चोरों का गिरोह मारुति बेलेनो कार में चार गायों को ले जा रहा थे, इसी दौरान वीडीपी के सदस्यों ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से चार गायों को बरामद किया गया। साथ ही कार में सवार दो चोरों को भी पकड़ लिया गया। बाद में चोरों और गायों को कार समेत कमारगांव पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# निःशुल्क मोबाइल मेडिकल बस सेवा से हजारों लाभान्वित

**गुवाहाटी।** राज्य के विभिन्न स्थानों पर अब तक आयोजित 30 शिविरों में हजारों की संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोग निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच करवा एवं परामर्श ले चुके हैं। विशेष रूप से ग्रामीण अंचल में रह रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन दिनों असम में निःशुल्क मोबाइल मेडिकल बस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान की लोटस टीएमटी बार मेडिकल बस सेवा की ओर से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन तथा सेवा संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी रमेश गोयल के नेतृत्व में लोटस टीएमटी बार मेडिकल सेवा आज से आगामी 21 से 24 मार्च तक डिब्रूगढ़ के आलिमुर इलाके में उपलब्ध निःशुल्क मेडिकल बस सेवा उपलब्ध होगी। वहीं 27 से 31 मार्च तक तिनसुकिया के दुमदुमा तथा 3 से 7 अप्रैल के बीच तिनसुकिया के ही माकुम में यह निःशुल्क मोबाइल मेडिकल बस शिविर का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि संबंधित तारिख को उक्त स्थान के जरूरतमंद लोग शिविर में पहुंचकर आई टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, डेंटल टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, ईएनटी टेस्टिंग एंड ट्रीटमेंट, पैथोलॉजिकल लैबोरेट्री की सुविधा, जनरल ओपीडी, ईसीजी एवं एक्सरे की सुविधा का लाभ इस मोबाइल मेडिकल बस के माध्यम से निःशुल्क ले सकते हैं। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच आनंदलोक हॉस्पिटल के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है। मेडिकल बस शिविर के प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा कि संबंधित स्थानों पर कार्यरत स्थानीय संगठन भी इस निःशुल्क सेवा से जुड़कर मानव सेवा कार्य में अपना योगदान दे सकते हैं।



# अगला युद्ध भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष के सभी क्षेत्रों में होगा : एयर चीफ

**- सिर्फ उत्पादन ही नहीं, आत्मनिर्भरता में डिजाइन, विकास भी शामिल हो : चौधरी**
**- भारतीय रक्षा उद्योगों को तकनीकी गुणवत्ता के दोहरे मंत्रों को अपनाने की जरूरत**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सरकार ने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देने के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान कई उपाय किए हैं। इस बीच भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। इसमें डिजाइन और विकास को भी शामिल करना चाहिए। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब रक्षा निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि अंतरिक्ष को हथियार बनाने की दौड़ पहले ही शुरू हो चुकी है, इसलिए वह दिन दूर नहीं जब हमारा अगला युद्ध भूमि, समुद्र, वायु, साइबर और अंतरिक्ष के सभी क्षेत्रों में फैल जाएगा। मुझे लगता है कि हमारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आक्रामक और रक्षात्मक अंतरिक्ष क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। हमें अंतरिक्ष में अपनी शुरूआती सफलताओं को भुनाने और भविष्य के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है। चौधरी ने 'भारत की एयरोस्पेस क्षमताओं और प्रौद्योगिकी आवश्यकता' विषय पर आयोजित सेमिनार में कहा कि अच्छी तरह से स्थापित रक्षा विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए विकसित तकनीक को बाजार में लाना चाहिए। जब तक सभी हितधारक एक साथ नहीं आते, तब तक ठोस प्रगति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अनुसंधान और विकास, प्लेटफॉर्म, सेंसर और हथियारों का उत्पादन भविष्य की क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने मौजूदा संपत्ति की सुरक्षा के लिए आक्रामक और रक्षात्मक अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण और निर्देशित ऊर्जा हथियारों को विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दिखाया है कि तकनीकी क्षमता को मुकाबला करने की क्षमता के साथ पूरक होने की आवश्यकता है। इसलिए हमारे रक्षा उद्योगों को भी भविष्य के किसी भी संघर्ष में सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तकनीकी गुणवत्ता के दोहरे मंत्रों को अपनाने की आवश्यकता है।

# राहुल गांधी भारतीय राजनीति के मीर जाफर, मांगनी होगी माफीः भाजपा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से की। उन्होंने कहा कि राहुल को विदेश में भारतीय लोकतंत्र का अपमान करने के लिए माफी मांगनी होगी। भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि वह माफी नहीं मांगेंगे। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि राफेल मुद्दे पर उन्होंने 2019 में सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी थी। राहुल गांधी को इस बार भी माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मीर जाफर ने नवाब बनने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी की मदद की थी। उसी तरह राहुल गांधी लंदन में बयान देकर अंग्रेजों से मदद मांग रहे हैं। राहुल गांधी के आरोप कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता के जवाब में पात्रा ने कहा कि स्वयं राहुल गांधी ही सदन की कार्यवाही में ठीक से भाग नहीं ले रहे हैं। राहुल गांधी की उपस्थिति महज 52 प्रतिशत है। उन्होंने छह चर्चा में भाग लिया है और 52 सवाल पूछे हैं। यह राष्ट्रीय औसत और जिस राज्य केरल से वे आते हैं के औसत से काफी कम है।

## दिल्ली में बजट के मुद्दे पर आप और भाजपा आमने-सामने

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश नहीं होने का आरोप केंद्र सरकार पर मढ़ा है। दूसरी ओर भाजपा ने इसके लिए आआपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि दिल्ली के बजट को पेश होने से ना रोका जाए। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी प्रदेश के बजट को पेश होने से रोका गया है। उन्होंने पूछा कि दिल्लीवासियों से आखिर क्या नाराजगी है। दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि मुख्यमंत्री को अपनी गलतियों का जिम्मा प्रधानमंत्री पर थोपने की आदत सी हो गई है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री करदाताओं के पैसे को बर्बाद करेंगे तो क्या उप राज्यपाल के पास उस पर आपत्ति जताने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्य सचिव का तीन दिनों तक केंद्र के भेद के पत्र को दबाए रखना राष्ट्र विरोधी गतिविधि है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में बजट पेश करने से पहले इसे गृह मंत्रालय को अनुमति के लिए भेजा जाता है। राज्य के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत का कहना है कि गृह मंत्रालय ने बजट को लेकर कुछ आपत्तियां जताई थीं। इस संबंध में 10 मार्च को भेजे गए बजट को 17 मार्च को लौटा दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्य सचिव ने उन्हें तीन दिन तक इसकी जानकारी नहीं दी और उन्हें सोमवार को इससे अवगत कराया गया।

# हाईकोर्ट की सरकार को फटकार- हजारों पुलिस कर्मियों के बीच कैसे भागा अमृतपाल

**- पंजाब के छह जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं बहाल हुई**
**- अमृतपाल पर भी लगा रासुका, सरकार ने हाईकोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट**



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब पुलिस ने अमृतपाल पर भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्यवाही की है, लेकिन अमृतपाल की फरारी को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार व पुलिस को फटकार लगाई है। चार दिन बाद फिर इस मामले की सुनवाई होगी। इस मामले में पंजाब सरकार ने मंगलवार को हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। इस रिपोर्ट में सरकार ने कहा है कि अमृतपाल के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस टीमें लगातार छापे मार रही हैं। अब तक की जांच में पता चलता है कि अमृतपाल अलग सिख देश बनाना चाहता था। पुलिस के पास अमृतपाल के ऐसे 500 करीबियों की सूची है, जो अलग देश बनाने की कवायद में लगे हुए थे। पंजाब के महाधिवक्ता विनोद घई ने हाईकोर्ट में बताया कि अमृतपाल तथा उसके करीब आधा दर्जन साथियों के खिलाफ एनएसए लगाया गया है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि जब एफिडेविट में अमृतपाल को देश के लिए खतरा बताया गया है, तो उसे अभी तक पकड़ा क्यों नहीं गया। महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि बहुत सी बातें ऐसी हैं, जिन्हें जांच के चलते सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। पंजाब सरकार ने कहा कि इस पूरे ऑपरेशन में 80 हजार पुलिस कर्मचारी लगाए गए हैं। इस पर हाईकोर्ट ने सवाल उठाया कि 80 हजार पुलिस कर्मी क्या कर रहे थे। हजारों पुलिस कर्मियों के बीच अमृतपाल कैसे भाग गया, यह आपका इंटेलिजेंस फेलियर है। इस बीच पंजाब सरकार ने मंगलवार को प्रदेश में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बहाल करना शुरू कर दिया है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि पंजाब के हालात अब सामान्य हैं, जिसके चलते तरनतारन, फिरोजपुर, मोगा, संगरूर, अमृतसर को छोड़कर प्रदेश के अन्य जिलों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल कर दिया गया है। उक्त छह जिलों में 23 मार्च को दोपहर तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।

## केंद्र किसी न किसी बहाने आप सरकार के कामों में अड़ंगा डालने का कार्य करती रहती है : गोपाल राय

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** केंद्र द्वारा दिल्ली के बजट पर रोक लगाए जाने के बाद आप पार्टी के तमाम नेता भाजपा सरकार पर हमलावर हो गए हैं। इसी कड़ी में अब मंगलवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र किसी न किसी बहाने आप सरकार के कामों में अड़ंगा डालने का कार्य करती रहती है। इसी का एक नमूना है दिल्ली सरकार द्वारा पेश होने वाले बजट को रोकना। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में सोमवार को वित्तमंत्री कैलाश गहलोत द्वारा आउटकम बजट पेश किया गया था और मंगलवार को दिल्ली का बजट पेश होना था। लेकिन बीती शाम को एक टीवी चैनल पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुलासा करते हुए कहा कि दिल्ली का बजट केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हरी झंडी नहीं दी गई, जिस कारण मंगलवार को राजधानी में पेश होने वाला बजट अब नहीं पेश किया जा सकेगा।

## 'आप' सरकार ने पंजाब में किया है बेहतर काम कानून व्यवस्था भी सुधरीः मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में सक्रिय माफिया व तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कानून व्यवस्था को सुधारने और बनाए रखने के लिए बहुत अच्छा काम किया है।

केजरीवाल ने कहा कि जब पंजाब में उनकी सरकार बन रही थी, तो लोगों ने यह कहा था कि आम आदमी पार्टी के पास बिजली, पानी, शिक्षा आदि के क्षेत्र में अच्छा काम करने का तो अनुभव है, लेकिन कानून व्यवस्था संभालने और उसे सुदृढ़ करने के लिए उनके पास कोई पुराना अनुभव नहीं है, लेकिन पंजाब के सीएम भगवंत मान ने यह साबित कर दिया कि उन्होंने पंजाब में शिक्षा, बिजली और पानी आदि के साथ ही कानून व्यवस्था को भी बहुत अच्छे से संभाला है। केजरीवाल ने आगे कहा कि उनकी पार्टी का किसी अपराधी, गलत व्यक्ति से कोई गठजोड़ नहीं है।

जिसने भी देश के खिलाफ और कानून व्यवस्था के खिलाफ कोई काम किया। उस पर कार्रवाई की गई और उसे जेल भेजा गया। आगे भी कोई देश के खिलाफ काम करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। केजरीवाल ने इसके लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग ईमानदार हैं और देश की भलाई के लिए काम करते हैं। आगे भी दिल्ली और पंजाब में लोगों की सुविधाओं के लिए और देश की भलाई के लिए काम करते रहेंगे।

# नितिन गडकरी को फिर मिली पुजारी के नाम की धमकी, सुरक्षा बढ़ी

**- नागपुर स्थित कार्यालय में आज सुबह 3 धमकी भरे फोन आए**




**नागपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। नागपुर स्थित उनके जनसंपर्क कार्यालय में मंगलवार सुबह 3 धमकी भरे कॉल आए। उसके बाद पुलिस ने कार्यालय और आवास पर सुरक्षा बढ़ा कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले 14 जनवरी को गडकरी को रंगदारी की धमकी दी गई थी। इस बार भी जयेश पुजारी का नाम सामने आया है। पुलिस के अनुसार नागपुर के खामला इलाके में स्थित गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय में मंगलवार सुबह दो धमकी भरे कॉल आए। उसके बाद कार्यालय के कर्मचारियों ने इसकी जानकारी नागपुर पुलिस को दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय को आज सुबह 3 धमकी भरे फोन आए। हालांकि, फोन करने वाले ने जयेश कंथा उर्फ जयेश पुजारी होने का दावा किया, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि धमकी देने वाला कौन है और उसने कहां से फोन किया था। पुलिस के मुताबिक गडकरी के ऑफिस में पहला कॉल सुबह 10:55 बजे किया गया, जो अनुत्तरित रहा। अगले दो कॉल में धमकी देने वाले ने जयेश पुजारी होने का दावा किया और 10 करोड़ रुपये की मांग की। धमकाने वाले ने संपर्क के लिए एक मोबाइल नंबर भी दिया। वह मोबाइल नंबर मैंगलोर की एक लड़की का है। वह वहां इवेंट मैनेजमेंट का काम करती हैं। जयेश पुजारी इस समय कर्नाटक के बेलगाम जेल में है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि आज धमकी देने वाला जयेश पुजारी है या कोई शरारत कर रहा है। जिस लड़की का नंबर धमकी देकर संपर्क करने के लिए दिया था, उस लड़की का एक दोस्त बेलगांव जेल में बंद है। इससे पहले 14 जनवरी को जयेश पुजारी उर्फ जयेश कांथा के नाम से तीन बार धमकी भरे फोन आए थे। बाद में जांच में पता चला कि यह कॉल कर्नाटक के बेलगाम जेल से की गई थी। आज फिर उसी अपराधी के नाम से आए दो धमकी भरे कॉल ने हड़कंप मचा दिया है।

# भारतीय युद्धपोत सुजाता ने दक्षिण पूर्वी अफ्रीका में मापुटो बंदरगाह का दौरा किया

**- मोजाम्बिक नौसेना के लगभग 40 कर्मियों ने क्रॉस डेक प्रशिक्षण लिया**
**- दोनों नौसेनाओं में आपसी सहयोग एवं द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुजाता ने विदेशी तैनाती के दौरान दक्षिण पूर्वी अफ्रीका के शहर मोजाम्बिक स्थित मापुटो बंदरगाह का दौरा किया है। कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान के इस जहाज की 19-20 मार्च तक दूर समुद्र में विदेशी तैनाती की गई थी। आईएनएस सुजाता की इस यात्रा ने दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाया है। मापुटो बंदरगाह पर भारतीय पोत की अगवानी कैप्टन नितिन कपूर, डीए प्रिटोरिया, कमांडेंट एनआरएन सिवा बाबू, कोस्ट गार्ड अफ्लोट सपोर्ट टीम और मोजाम्बिक नौसेना के कैप्टन फ्लोरेंटिनो होसे नारसिसो ने की। पोत का स्वागत मोजाम्बिक के नेवी बैंड और पारंपरिक नृत्य कला प्रदर्शन के साथ किया गया। आईएनएस सुजाता के कमांडिंग ऑफिसर ने मोजाम्बिक नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल यूजेनियो डायस डॉ. सिल्वा मुआतुका से मुलाकात की। इस मौके पर मापुटो के महापौर अंकन बनर्जी, भारत के उच्चायुक्त और कई अन्य सैन्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। मोजाम्बिक नौसेना के लगभग 40 कर्मियों ने क्रॉस डेक प्रशिक्षण के लिए जहाज का दौरा किया, जिसमें प्रशिक्षण सुविधाओं का भ्रमण, ड्राइविंग ऑपरेशन के बारे में ब्रीफिंग, हल्के हथियारों पर प्रशिक्षण, दृश्य संचार, मशीनरी का रखरखाव और जहाज पर स्वच्छता शामिल थी। दोनों नौसेनाओं के कर्मियों के बीच कई अन्य गतिविधियों में सुबह योग सत्र, फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सुजाता पर एक स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें कई भारतीय, मोजाम्बिक गणमान्य व्यक्तियों और राजनयिकों ने भाग लिया।

## दिल्ली के करावल नगर और वजीराबाद में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर और वजीराबाद में टायर के गोदाम में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि पहली घटना करावल नगर इलाके की है। दमकल विभाग को मंगलवार सुबह करीब 9.25 बजे सूचना मिली कि करावल नगर इलाके में एक प्लास्टिक की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। सूचना के बाद मौके पर एक-एक कर करीब आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिसने आग को काबू करने का प्रयास शुरू कर दिया है। एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्ट्रियों और घरों को खाली करा लिया गया है। मौके पर दमकल के अलावा स्थानीय प्रशासन और डिजास्टर मैनेजमेंट की टीम को भी बुलाया गया है। दमकल अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, फैक्टरी में मौजूद कर्मचारी समय रहते फैक्ट्री से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। फैक्टरी में प्लास्टिक की वजह से आग तेजी से फैली, जिसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस घटना में लाखों का माल जलकर खाक हो गया है। दूसरी घटना वजीराबाद इलाके की है। दमकल विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 10.45 बजे सूचना मिली कि वजीराबाद स्थित डिवाइन हॉस्पिटल, गुप्ता टायर गोदाम, गली नंबर-12 के पास एक गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। फिलहाल दमकलकर्मी आग बुझाने का कार्य कर रहे है। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## दिल्ली के वित्त मंत्री ने की बजट मामले की जांच की मांग

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष से बजट मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में अहम जानकारी दिल्ली के मुख्य सचिव और वित्त विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने भी साझा नहीं की। गहलोत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोमवार को केंद्र सरकार ने बजट को विधानसभा में पेश होने से रोक दिया। यह सबको पता था कि 21 मार्च को दिल्ली का बजट पेश होना है। उपराज्यपाल को मालूम था कि बजट पेश होना है। 10 मार्च को पूरे बजट का डॉक्यूमेंट के साथ दिल्ली सरकार की तरफ से गृह मंत्रालय को भेज दिया गया था। गहलोत ने कहा कि बीती रात करीब 9 बजे उन्हें पता चला कि गृह मंत्रालय ने कुछ जानकारी मांगी है। उन्होंने तुरंत मुख्य सचिव से बात की, उसके बाद प्रिंसिपल फाइनेंस सेक्रेट्री से बात की और मैसेज भेजा। इससे पहले सोमवार दोपहर दो बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मुख्य सचिव से उन्होंने दो बार बात कि प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस से करीब तीन बार बात की है। उन्होंने कहा कि जो हमने गृह मंत्रालय को जवाब देने के लिए कहा है उसे भेजें। सोमवार शाम को 6 बजे जो लेटर आया उसके साथ वह फाइल आई, जिसे हमने देखा। उसमें जो जानकारी मांगी थी उसका जवाब बनाया और मुख्यमंत्री से बात कर रात 9 बजे उसे उपराज्यपाल के पास भेज दिया था। वहां से रात लगभग 10:30 बजे फाइल वापस लौटी। गहलोत ने कहा कि 10 मार्च को हमने बजट भेजा था, जो लेटर लिखा गया, वह मुख्य सचिव के पास 17 मार्च को आ गया था। 17 मार्च से लेकर 20 मार्च तक सचिव ने दिल्ली के वित्त मंत्री से साझा नहीं किया। मंत्री को यह नहीं पता कि चिट्ठी आई है। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। मुख्य सचिव को इस तरह के महत्वपूर्ण मेल को संज्ञान में लाना चाहिए था, ताकि जो समय बर्बाद हुआ वो नहीं होता। कैलाश गहलोत ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से मांग की है कि वह बजट के दस्तावेज को लेकर और गृह मंत्रालय से पत्राचार आदि को लेकर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेट्री ने जो जानकारी साझा नहीं की है। इस पूरे मामले की वह जांच कराएं। वित्त मंत्री के इस मांग का आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने भी समर्थन किया। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी मांग पर विचार करने की बात कही और सदन की कार्रवाई कुछ देर के लिए स्थगित कर दी।

# भारतीय नव वर्ष पर संस्कार भारती के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नव वर्ष पर बुधवार सुबह 5.30 बजे आयोजित होने वाले संस्कार भारती के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार और विशिष्ट अतिथि विश्वास नगर के विधायक ओमप्रकाश शर्मा होंगे। यह कार्यक्रम वजीराबाद में यमुना नदी के तट सूरघाट पर आयोजित किया जाएगा। संस्कार भारती, दिल्ली प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि भारतीय नववर्ष के स्वागत के संदर्भ में यह एक अनोखा कार्यक्रम है, जो भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का संवर्धन करता है। उन्होंने बताया कि सुबह 05:30 बजे आरंभ होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के साधकों द्वारा संगीत-नृत्य प्रस्तुतियों के साथ सामूहिक रूप से सूर्य को अर्घ्य देकर भारत और विश्व के मंगल की कामना की जाएगी। देश की विविधता और एकता को उजागर करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों में अदिति गर्ग (ध्रुपद गायन), पंथोबी जागोई मारुप (मणिपुरी डांस समूह), संदीप शजर (कवि), विकास बाबू (शहनाई वादन) तथा प्रख्यात चित्रकारों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों की लाइव पेंटिंग मुख्य आकर्षण होगी। प्रभात कुमार ने बताया कि भारतीय नववर्ष हम सबके जीवन में नई आशा और उल्लास लेकर आता है तथा इसकी शुरूआत रचनात्मकता एवं सकारात्मकता के साथ करने की हमारी पुरातन परंपरा रही है। हमारे लिए यह भी प्रसन्नता का विषय है कि भारत के हमारे सांस्कृतिक वैभव को संपूर्ण विश्व के समक्ष गौरवशाली ढंग से उभारने के प्रयास सफलता प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक आरती अरोड़ा और सह संयोजक प्रदीप गुप्ता जालीवाले हैं।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 699 नए मरीज



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश में कोरोना के मरीज एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 699 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में 435 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में अब तक कोरोना के 4,41,59,617 मरीज ठीक हुए हैं। रिकवरी रेट 98.79 प्रतिशत है। सक्रिय मरीजों के संख्या बढ़कर 6,559 हो गई है। कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम के तहत देश में अबतक 220.65 करोड़ टीके लग चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 7,463 लोगों को टीके लगाए गए। देश में अबतक 92.04 करोड़ लोगों की कोरोना जांच की जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 97,866 नमूनों की जांच की गई।

# लखनऊ में बदला मौसम, जिलाधिकारी ने कहा सतर्क रहें सुरक्षित रहे



**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ में मंगलवार को बारिश और ओला गिरने से अचानक से मौसम में बदलाव आ गया। बदले मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने ट्वीट के जरिए अपना संदेश जनपदवासियों को भेजा है। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा बिजली कड़कने, तेज हवा एवं ओलावृष्टि की चेतावनी के दृष्टिगत जनपदवासियों को अपने घरों में रहने की सलाह है। अनावश्यक रूप से अपने घरों से न निकलें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। मंगलवार को अपराह्न एक बजे के बाद ही लखनऊ में काले बादलों से अंधेरा सा छा गया। तीन बजे के बाद बादलों ने मुंह खोला और जमकर बरसे। बारिश के दौरान ओला गिरे, जिससे किसानों में मायूसी छा गयी। बीकेटी निवासी किसान गौरव ने कहा कि आम की फसल पर इसका सीधा असर होगा। ओला गिरने से आम के बौर टूट कर गिरे जा रहे हैं। ऐसा दो से ज्यादा बार हुआ तो भारी नुकसान होना भी संभव है। वहीं, हजरतगंज में घूमने निकले लोगों ने बारिश का जमकर आनन्द लिया। स्कूलों से छूटे बच्चे बारिश में भीग गए तो दोपहिया वाहनों से निकले लोग रेड लाइट में फंसकर भीगने को मजबूर हुए। कुछ देर तक हुई जोरदार बारिश से शहर की कई सड़कें लबालब हो गईं। कैसरबाग चौराहे के आसपास की सड़कों पर जाम की समस्या देखने को मिली है। बारिश के कारण शहर के अन्य हिस्सों में भी जाम देखने को मिला।

# धर्मांतरण मामले में आरोपित दिल्ली के अस्पताल से पकड़ा गया




**मेरठ, (हि.स.)।** मेरठ में धर्मांतरण के मामले में फरार आरोपित कंवरपाल को कंकरखेड़ा पुलिस ने दिल्ली के एक अस्पताल से पकड़ लिया है। आरोपित से पूछताछ में धर्मांतरण मामले में फंडिंग के तार दूसरे राज्यों से जुड़ रहे हैं। इस मामले में खुफिया एजेंसियों के अधिकारी भी आरोपित से पूछताछ में जुटे हैं। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की पालम विहार कॉलोनी में कंवरपाल का परिवार रहता है। उसके परिवार में पत्नी, बेटा जैकब और बेटी मैगी हैं। आरोप है कि कंवरपाल और उसका बेटा जैकब पिछले दो साल से लोगों का धर्मांतरण करा रहे थे। रविवार को हिंदू राष्ट्र सेना के मंडल अध्यक्ष विवेक आत्रे शर्मा ने कार्यकताओं के साथ पहुंचकर कंवरपाल के घर के बाहर हंगामा किया। उस समय मकान में 50 से अधिक लोग प्रार्थना कर रहे थे। इसके बाद कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने आरोपित जैकब को हिरासत में लिया था। पुलिस के मुताबिक, जैकब ने बताया कि वह पिछले दो साल से अपने पिता के साथ मिलकर धर्मांतरण करा रहा है। रविवार को वह प्रार्थना कराता है। साथ ही प्रार्थना करने आए लोगों से अन्य लोगों को जोड़ने के लिए कहता है। इसके बाद पुलिस की ओर से कंवरपाल, जैकब और पास्टर जॉनसन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस तभी से फरार आरोपितों की तलाश में जुटी थी।

सीओ दौराला अभिषेक पटेल के मुताबिक, मुख्य आरोपित पास्टर जॉनसन धर्मांतरण के लिए फंडिंग करता था। कंवरपाल की मुलाकात गाजियाबाद में पास्टर जॉनसन से हुई थी। इसके बाद कंवरपाल ने धर्म परिवर्तन कर लिया था। पास्टर जॉनसन दिल्ली में लंबे समय से द पैंसी कौशल ऑफ गॉड नामक संस्था चलाता है। जॉनसन आसपास के राज्यों में धर्मांतरण के नाम पर लोगों को बहलाने-फुसलाने का काम करता है। कंवरपाल को भी वह फंडिंग के नाम पर हर महीने पैसे भेजता था। मंगलवार को आरोपित कंवरपाल को पुलिस ने दिल्ली के एक अस्पताल से हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ में पता चला कि फंडिंग के तार दूसरे राज्यों से भी जुड़े हैं। खुफिया एजेंसियों के अधिकारी कंकरखेड़ा थाने में आरोपित से पूछताछ में जुटे हैं। पुलिस इस फंडिंग का पूरा नेटवर्क खंगालने में जुटी है।

# रांची से गोवा और देवघर के लिए 27 मार्च से विमान सेवा होगी शुरू



**रांची, (हि.स.)।** रांची से जयपुर के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइंस को उड़ान भरने की अनुमति दे दी है। 26 मार्च से उड़ान शुरू करने की डेडलाइन है। जयपुर की सीधी विमान सेवा के लिए 180 सीटर एयरबस सप्ताह में रांची से तीन दिन, मंगलवार, गुरूवार और शनिवार को उड़ान भरेगा। विमान सुबह में 9:05 मिनट पर रांची पहुंचेगा और सुबह में ही 9:35 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरेगा। इसे इंडिगो 23 मई से शुरू करना चाहती है। हालांकि विमानन कंपनी ने कहा है कि डेट को लेकर अभी हेडक्वार्टर से नोटिफिकेशन नहीं आया है।

वहीं रांची से गोवा के लिए 27 मार्च से विमान सेवा शुरू होगी। इसी दिन देवघर के लिए भी विमान उड़ान भरेगा। अभी तक रांची से गोवा के लिए 150 यात्रियों ने बुकिंग भी करा ली है। वहीं रांची से देवघर के लिए शुरू होने वाले 72 सीटर विमान में 44 यात्रियों ने बुकिंग कराई है। रांची से जयपुर को विमान से जोड़ने के लिए लंबे समय से मांग चल रही है। यहां के बिजनेसमैन जयपुर व्यवसाय के लिए जाते हैं। वहीं घूमने की दृष्टिकोण से जयपुर जानेवाले पर्यटकों की संख्या काफी है। जयपुर की सीधी सेवा नहीं होने से लोगों को दिल्ली या कोलकाता जाकर फ्लाइट लेना पड़ता था। समर शेड्यूल में जयपुर की विमान सेवा को जोड़ने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने प्रस्ताव डीजीसीए के पास भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। रांची से दिल्ली के लिए एक और विमान सेवा शुरू होगी। रांची से दिल्ली के बीच सातों दिन विमान सेवा शुरू होगी। वहीं रांची से गोवा के लिए भी विमान उड़ान भरेगा। यह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और रविवार को रांची से गोवा के बीच उड़ान भरेगा। यह विमान शाम में 6:15 मिनट पर उतरेगा और शाम 6:45 मिनट पर उड़ान भरेगा। रांची से नई एयरलाइंस कंपनी आकाशा एयरलाइंस भी उड़ान शुरू करेगी। डीजीसीए से उड़ान भरने की अनुमति मिल गई है। हालांकि अभी इसको शुरू करने में वक्त है। क्योंकि उसे रांची में सेटअप तैयार करना है। सारी व्यवस्था करने के बाद बेंगलुरू से रांची होते हुए हैदराबाद और हैदराबाद से रांची होते हुए बेंगलुरू जाएगी।

# बिहार दिवस में दिखेगा इंडियन आइडल फेम सलमान अली का जलवा




**बेगूसराय, (हि.स.)।** बिहार राज्य की स्थापना के स्वर्णिम 111 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष बिहार दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। "युवा शक्ति बिहार की प्रगति" थीम पर आयोजित बिहार दिवस को लेकर 22 मार्च की सुबह से 23 मार्च की शाम तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि बिहार दिवस की शुरूआत 22 मार्च की सुबह सात बजे पुलिस लाइन से गांधी स्टेडियम तक प्रभातफेरी तथा वॉक फॉर बेगूसराय के साथ होगा। उसके बाद 10:30 बजे से दो बजे तक बीपी स्कूल में फ्रेंडली क्रिकेट मैच होगा। जबकि, 11 बजे से एक बजे तक गांधी स्टेडियम में नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं के पेंटिंग प्रतियोगिता तथा 11 बजे से चार बजे तक सदर अस्पताल में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में बिहार दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जा रहा है। 22 मार्च को शाम चार बजे बिहार सरकार के विधि मंत्री-सह-बेगूसराय जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शमीम अहमद कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन के बाद विभिन्न स्टालों का निरीक्षण होगा। शाम में पांच से सात बजे तक स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय कलाकारों के बाद इंडियन आइडल फेम सलमान अली एवं उनकी टीम द्वारा गीत-संगीत की प्रस्तुति होगी। 23 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे रामनंदन उच्च विद्यालय मोहनपुर में पौधारोपण के बाद 11 बजे से सदर अस्पताल में रक्तदान किया जाएगा। शाम में चार बजे से गांधी स्टेडियम में स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण आयोजित किए जाएंगे। समारोह की अंतिम कड़ी में टीना प्रवीण एवं आशीफ साबरी की टीम के द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति के साथ बिहार दिवस का समापन होगा।

# 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासन की विभिन्न सेवाओं में मिलेगा स्थान : मुख्यमंत्री योगी

**- मुख्यमंत्री भारतीय पुलिस एथलेटिक्स संकुल चैंपियनशिप 2022-2023 में शामिल हुए**
**- प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले नौ वर्षों में देश में बढ़ी है खेल संस्कृति**

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस खेल कुंभ युवा शक्ति को खेल कूद की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नेतृत्व में आयोजित होने वाला यह आयोजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव रखने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को यूपी पुलिस और शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा रहा है। हम 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने जा रहे हैं, जहां पर वह खेल कूद की गतिविधियों में भाग लेने के साथ ही बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे। पुलिस बल की यह ताकत होनी चाहिए कि जब देश या राज्य के अंदर कानून व्यवस्था का संकट आएगा तो सुरक्षा देंगे। वहीं शांतिपूर्ण स्थिति में अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स संकुल चैंपियनशिप 2022-2023 में शामिल हुए। सशस्त्र सीमा बल के नेतृत्व में पीएसी 35वीं वाहिनी महानगर के ग्राउंड पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 32 राज्यों के 1300 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जो इस कार्यक्रम की सफलता को बताता है। किसी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत की ऋषि मनीषा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम। यानी जितने भी हमारे जीवन के साधन हैं वह स्वस्थ शरीर से ही सम्पन्न हो सकते हैं। खेल कूद की गतिविधियां स्वस्थ शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले



नौ वर्षों के अंदर देश में खेल संस्कृति को हमने बढ़ते हुए देखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ओलंपिक, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमवेल्थ गेम्स सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगताओं में भारत का प्रतिभाग बढ़ने के साथ ही मेडल की संख्या में भी वृद्धि हुई है। यह किसी देश के सामर्थ्य और कौशल को प्रदर्शित करता है। खेल कूद की प्रतियोगिता सम और विषम परिस्थितियों में बहुत कुछ देने का काम करती है। आज उत्तर प्रदेश खेल कूद की गतिविधियों में तेजी के साथ आगे बढ़ा है। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इन प्रतियोगिताओं के साथ दो से ढाई हजार खिलाड़ी जुड़ते हैं। युवा शक्ति को रचनात्मक और सकारात्मक दिशा में अग्रसर करने में खेल कूद की गतिविधियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके लिए सरकार, औद्योगिक और सामाजिक संस्थाओं के स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के साथ मिलकर सभी ग्राम पंचायतों में युवक और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार आज यूपी के हर गांव में खेल का मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जनपद स्तर पर स्टेडियम, महिला एवं पुरुष के लिए ओपन जिम और स्पोर्ट्स कॉलेज का निमार्ण करा रही है। इससे गावों में युवा आपसी राग और द्वेष से मुक्त होकर रचनात्मक एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 20-22 वर्षों में सशस्त्र सीमा बल की कार्य पद्धति को भारत-नेपाल और भारत-भूटान की सीमा पर नजदीक से देखा है। उन सीमावर्ती क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल जिस तरह से राष्ट्र की सुरक्षा करने के साथ ही सीमावर्ती नागरिकों से पूरी सहृदयता के साथ व्यवहार कर रही है वह सराहनीय है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 560 किमी. की सीमा हमारे मित्र नेपाल से जुड़ी हुई है। सशस्त्र सीमा बल वहां पर अपने दायित्व का निर्वहन करने के साथ ही पुलिस बल के साथ बेहतर समन्वय बना रही है। उन्होंने प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 10 वर्ष के बाद यूपी को इस आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 71वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैंपियनशिप होने जा रहा है यह हर्ष का विषय है।

# हाथों में बर्बाद फसलें लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, मुआवजे की मांग कर किया प्रदर्शन

**झांसी, (हि.स.)।** पिछले चार-पांच दिनों से रह-रहकर हो रही ओलावृष्टि और बारिश से फसलों का जबरदस्त नुकसान हुआ है। कहीं फसलें पानी से नीचे गिर कर सड़ रहीं हैं तो कहीं ओलावृष्टि से मिट्टी में मिल गई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से चिंतित कई गांवों के किसान हाथों में बर्बाद फसल लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में बड़ी संख्या में हाथों में बर्बाद फसलों को लेकर किसान पहुंचे। इनमें बिजौली के सैय्यर, अतरियां, राजगढ़, रक्सा, बमेर, श्रीनगर, गढ़िया गांव सहित जिले के कई गांवों के किसान शामिल थे। किसानों ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि



इस बेमौसम भारी बारिश और ओलावृष्टि से उनकी गेंहू, चना, मसूर सहित तमाम फसलें खराब हो गई। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। सभी किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की कि उन्हें बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। बर्बाद फसल को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने वाले किसानों को अधिकारियों ने जल्द मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# एनसीबी ने तीन वर्षों में छह हजार 666 किलो गांजा पकड़ा



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछले तीन वर्षों में छह हजार 666 किलो गांजा बरामद किया है। झारखंड एनसीबी के आंकड़े बताते हैं कि जनवरी 2021 में गुमला से 118 किलो गांजा, रांची से 48 किलो गांजा, फरवरी 2021 में लातेहार से 106 किलो गांजा, 515 किलो गांजा पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), सिमडेगा से 1050 किलो गांजा, जून 2021 में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) 697 किलो गांजा, अगस्त 2021 में रांची से 114 किलो गांजा, सितम्बर 2021 में पूर्वी सिंहभूम से 330 किलो गांजा, नवम्बर 2021 में लोहरदगा से 655 किलो गांजा, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से 425 किलो गांजा, दिसम्बर 2021 में रांची से 200 किलो गांजा, रांची से 309 किलो गांजा, वर्ष 2022 फरवरी में रांची से 360 किलो गांजा, बोकारो से अप्रैल में 538 किलो गांजा, मई में रांची से 204 किलो गांजा और जुलाई में 997 किलो गांजा बरामद किया गया है। दूसरी ओर वर्ष 2021 में रांची से 3.2 किलो अफीम, चतरा से दिसम्बर में 2300 किलो पोस्ता, वर्ष 2023 में गुमला से 12.5 किलो अफीम और मार्च में हजारीबाग से 5.5 किलो अफीम बरामद किया गया है। एनसीबी के रांची अधीक्षक अराम अंत ने बताया कि एनसीबी टीम लगातार नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल ने श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी का किया शुभारंभ



**किशनगंज, (हि.स.)।** आगामी 30 मार्च को श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, और बजरंगदल ने बिगुल फूंक दिया है। जिसकी शुरूआत नगर के हृदय गांधी चौक को भगवा पताका से सजा कर शुरू किया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील कुमार तिवारी ने मंगलवार को बताया कि वर्ष 2016 से किशनगंज के धरती पर रामनवी शोभा यात्रा का आयोजन होता आ रहा है जिसका आयोजन हिंदू समाज के सहयोग से बजरंगदल करता है। इस वर्ष भी ये आयोजन सुंदर स्वरूप में किया जा रहा है। किशनगंज नगर के प्रत्येक वार्ड में भगवा झंडा लगे इसके लिए हर वार्ड में विश्व हिंदू परिषद के वार्ड समिति का गठन कर लिया है। वार्ड समिति ही झंडा लगाने व जन जन को शोभायात्रा में सहभागी बनाने का कार्य करेगा।रूईधासा मैदान से नगर भ्रमण करते हुए भूतनाथ गौशाला तक शोभायात्रा को जाना है। भूतनाथ गौशाला में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था है। शोभा यात्रा के सफलता हेतु विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज गट्टानी ने हर एक विभाग का एक प्रमुख बनाया है। सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि 27 मार्च को रूईधासा मैदान में भजन संध्या 28 को पश्चिंपाली चौक पर भजन संध्या और 29 को गांधी चौक पर भजन संध्या का आयोजन है।

# निकाय चुनाव मजबूती से लड़ेगी कांग्रेसः अनिल देव त्यागी



**मेरठ, (हि.स.)।** कांग्रेस सेवा दल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनिल देव त्यागी ने कहा कि कांग्रेस आगामी निकाय चुनाव में मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने कार्यकताओं को निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा। कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रभारी अरविंद पाल और सेवा दल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनिल देव त्यागी मंगलवार को बुढ़ाना गेट स्थित पार्टी कार्यालय पर पहुंचे। कांग्रेस सेवा दल के महानगर अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। दोनों पदाधिकारियों ने आगामी निकाय चुनाव और कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक में अरविंद पाल ने कहा कि देश में जनता की समस्याओं का समाधान केवल कांग्रेस कर सकती है। 2024 के लोकसभा चुनावों में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वह अब तक गाजियाबाद, नोएडा, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, हापुड़, मेरठ में सेवा दल कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुके हैं। उन्होंने संगठन मजबूती पर बल दिया। अनिल देव त्यागी ने कहा कि आगामी निकाय चुनावों में कांग्रेस पूरी तरह से उतरेगी। जनता फिर से कांग्रेस को चुनने का मन बना चुकी है। बैठक में अनिल प्रेमी, राकेश जाटव, सुरेंद्र फौजी, राम सिंह, तेजपाल डाबका, नईम राणा, अंसार अहमद, रोहताश भैया आदि उपस्थित रहे।

# हेमंत सोरेन ने गदा उठाकर जय श्रीराम का किया उद्घोष

**मुख्यमंत्री ने तपोवन मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की आधारशिला रखी**
**मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की उन्नति और सुख-शांति की कामना की**

**रांची, (हि.स.)।** रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर, निवारनपुर का स्वरूप बदलेगा। मंदिर और आसपास का क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर तपोवन मंदिर के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इसके पहले मुख्यमंत्री और विधायक सीपी सिंह ने मंदिर में शीश झुकाकर राज्य की उन्नति, सुख-शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना की। गदा उठाकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जय श्रीराम। इसके बाद विधानसभा सत्र की व्यस्तता का हवाला देते वे जल्द ही वहां से निकल गये। उन्होंने जनसमुदाय से कहा कि उन्हें फिर खुशी होगी जब वे रामनवमी के दिन इस मंदिर में आएंगे। लोगों ने उनका आभार जताते इसे सरकार की बड़ी सौगात बताया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान रांची विधायक सीपी सिंह, नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, जुडको, रांची नगर निगम के पदाधिकारी और अन्य अन्य लोग भी उपस्थित थे। तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के 7000 वर्ग मीटर के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पर 14 करोड़ 67 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जुडको ने इसका एक्शन प्लान तैयार कर



लिया है। इसके तहत कडरू से तपोवन मंदिर तक पुल का चौड़ीकरण और हरमू नदी को कवर किया जाएगा। ओवरब्रिज से निवारणपुर जाने वाली सड़क का भी चौड़ीकरण होगा। मंदिर आने के लिए वैकल्पिक मार्ग और अप्रोच रोड भी बनाया जाएगा। मंदिर के दोनों ओर तोरणद्वार बनेंगे। सौंदर्यीकरण के तहत कडरू साइड वाले पुल को डबल लेन का बनाया जाना है। पुल के दोनों ओर हरमू नदी को 100-100 मीटर सीमेंट से ढाल कर ढंका जाएगा। बायीं ओर ढ़की नदी के ऊपर के रास्ते को भविष्य में आगे बढ़ाकर तिवारी बेंचर पेट्रोल पंप के पास निकाला जाना है। फिलहाल, यह मार्ग मंदिर के बगल और पीछे बनने वाले पार्क तक ही जायेगा। इस मार्ग से लोग पार्क आना-जाना करेंगे। मंदिर और इसके आसपास के सौंदर्यीकरण का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग रामनवमी के अलावा वर्ष भर हरियाली भरे माहौल में सुकून के पल गुजार सकें। **ये सुविधाएं भी होंगी-** यहां पार्किंग एरिया, लॉन, बच्चों के खेलने का क्षेत्र पार्क आउटडोर जिम, सर्विस ब्लॉक टेंपल प्लाजा, ग्रीन वॉल और कियोस्क की भी सुविधा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी

# बेड़िया छोड़ दौड़े नवादा जेल के कैदी, कायम किया रिकॉर्ड

**नवादा , (हि.स.)।** नवादा जेल से आये कैदी ने होमगार्ड बहाली की दौड़ में मंगलवार को भाग लिया ,तो मौके पर खड़े सभी पुलिस अधिकारी हैरान रह गए। दरअसल हथकड़ी खुलते ही शख्स नौकरी की रेस में ऐसा भागा कि सभी पुराने रिकॉर्ड धरे के धरे रह गए। दरअसल नवादा शहर के आईटीआई मैदान में चल रहे होमगार्ड नियुक्ति को ले शारीरिक जांच परीक्षा में हथकड़ी लगा दो शख्स को पुलिस सुरक्षा में जेल से लाया गया। इसमें एक नवादा सदर थाना क्षेत्र के मुसन बीघा गांव निवासी 45 वर्षीय कैलाश कुमार और दूसरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पनसल्ला गांव के निवासी 33 वर्षीय कृष्णा कुमार यादव था। दोनों की अलग से दौड़ शुरू कराई गई। दौड़ में पहले ही राउंड में कृष्णा की रफ्तार बेहतर दिखने लगी ,जबकि दूसरे प्रतियोगिता कैलाश कुमार पिछड़ते चले गए ।लेकिन कृष्णा की दौड़ की रफ्तार एक रिकॉर्ड दर्ज कर दिया। 1600 मीटर की दौड़ को 6 मिनट में पूरा किया जाना था ,लेकिन कृष्णा ने 4 मिनट 56 सेकंड में 1600 मीटर दौड़ को पूरा कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कम समय में पूरा करने का एक रिकॉर्ड कायम हो गया है। कृष्णा का यह सिलसिला लॉन्ग जंप, हाई जंप, गोला फेंक में भी बेहतर प्रदर्शन रहा है।

होमगार्ड कमांडेंट मोहम्मद फैज आलम ने बताया कि विज्ञापन संख्या 01/2009 और 01/2011 के तहत होमगार्ड के चयन की प्रक्रिया चल रही है। चयन की प्रक्रिया में दौड़,लॉन्ग जंप, हाई जंप, गोला फेक और मेडिकल टेस्ट किया जा रहा। इसी दौरान 2 लोग जेल से शामिल हुए इसमें कृष्णा ने दौड़ में रिकॉर्ड दर्ज कराया। कृष्णा ने बताया कि वह 6 माह से जेल में है ।आज यानी 21 मार्च को जमानत पर जेल से निकलने वाले हैं। वहीं जब कृष्णा के बेहतर प्रदर्शन के बाद जब उसकी पृष्ठभूमि की जानकारी ली गई तो परिणाम हैरत करने वाली थी। यह धावक आम प्रतिभागी से अलग था। कृष्णा की पिछला पृष्ठभूमि नेशनल मैराथन का गोल्ड मेडलिस्ट का रहा है। बिहार मैराथन के कई वर्ग में कृष्णा करीब 50 गोल्ड मेडल ले चुका था। दौड़ में कृष्णा का पिछला रिकॉर्ड उल्लेखनीय रहा ।पिछले साल 24 अप्रैल से 1 मई तक चेन्नई में आयोजित 42 वा राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में कृष्णा 500 मीटर और 10000 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर राज्य और जिले का नाम रौशन कर चुका है।

## संपादकीय

# यौन शोषण पर सियासत

केंद्र सरकार, भाजपा बनाम राहुल गांधी की ऐसी सियासत देशहित में नहीं है। इससे हंगामा, उत्तेजना, अराजकता का माहौल तो बन सकता है, लेकिन देश और उसके नागरिकों को कुछ हासिल नहीं होगा। बलात्कार और यौन शोषण जघन्य अपराध हैं। यदि उनकी आड़ में भी एक-दूसरे को अपमानित करने की मंशा महसूस हो, तो इन अपराधों के संदर्भ में न्याय कब होगा? राजधानी दिल्ली में ही यौन शोषण के औसतन 40 मामले हररोज सामने आते हैं। खौफनाक और बर्बर मामले भी राजधानी के हिस्से दर्ज होते हैं। न्याय के सवाल पुलिस और अदालत दोनों पर हैं, क्योंकि यौन शोषण, उत्पीड़न के अधिकतर मामलों में पुलिस का सक्रिय सरोकार बहुत कम देखा गया है। हमारा फोकस फिलहाल दिल्ली पुलिस पर है, क्योंकि उसी के विशेष आयुक्त, जिला उपायुक्त स्तर के अधिकारी पूरे पुलिस बल के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास पर गए थे। करीब ढाई घंटे तक पूछताछ की गई। कांग्रेस नेता न तो आरोपित हैं और न ही उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज है। उनकी भूमिका महज इतनी है कि बीती 30 जनवरी को श्रीनगर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीड़न किए गए, और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या वह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं! संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीड़िता का एक प्रतीक-नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन-फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता। दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है। राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि 'ऊपर' के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती। कांग्रेस ने इस पुलिसिया कार्रवाई को भी अडानी समूह वाले मुद्दे से जोड़ दिया। कई बार सिर पीटने को मन करने लगता है कि हर सवाल, हर आरोप या हर कार्रवाई का जवाब अडानी कैसे हो सकता है? कांग्रेस प्रवक्ता एकदम प्रलाप की मुद्रा में आ गए कि राहुल गांधी किसी से डरने वाले नहीं हैं। सावरकर समझा है क्या...नाम राहुल गांधी है।'' कोई कांग्रेस से पूछे कि महान क्रांतिकारी वीर सावरकर का नाम इस प्रकरण में घसीटने की जरूरत क्या थी? दरअसल पुलिस अधिकारी जानना चाहते थे कि वे महिलाएं कहां की हैं? कश्मीर की हैं या देश में किन हिस्सों की हैं? क्या उनमें दिल्ली की महिलाएं भी थीं? वे महिलाएं अब कहां हैं? क्या कोई नाबालिग लडक़ी भी शामिल थी? इस केस की सम्यक जानकारी भी जरूरी है और राहुल गांधी को विस्तृत जवाब देना भी चाहिए। हालांकि उन्होंने 4-पृष्ठीय शुरुआती जवाब पुलिस को भेज दिया है।

> 30 जनवरी को श्रीनगर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीड़न किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या वह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं! संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है।

## कुछ अलग

# पालमपुर के ट्यूलिप

चाय से ट्यूलिप नगरी की आभा में पालमपुर के सीएसआईआर के हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान ने न केवल अपने आंचल में फूलों का एक नगारा पेश किया है, बल्कि हिमाचल में फूलों के जरिए पर्यटन की खेती भी उगा दी है। यही वजह है कि मात्र बीस दिनों में पच्चास हजार के करीब सैलानी सीएसआईआर के प्रांगण में, बारह किस्म के 45 हजार से अधिक ट्यूलिप पौधों की बहार में हिमाचल की छटा को निहार रहे हैं। बेशक अपने अनुसंधान, तकनीक व प्रसार सेवाओं के कारण इस संस्थान ने फूलों की आर्थिकी से लबालब कई बागीचे या पॉलीहाउस तैयार किए हैं, लेकिन पिछले साल से ट्यूलिप की खेती ने इसके मुख्य परिसर की रंगत बदल दी है। यह एग्रो टूरिज्म की बुनियाद पर लिखी गई ऐसी संभावना है, जिसे प्रदेश के कृषि व बागबानी विश्वविद्यालय के साथ वन तथा बागबानी विभाग को भी अंगीकार कर लेना चाहिए। फूलों की खेती कई बार लौट-लौट कर हिमाचल के परिदृश्य में आर्थिकी के बीज उगाती रही है, लेकिन योजनाओं-परियोजनाओं के कसीदों से आगे स्थायी तौर पर हम फूल राज्य नहीं बन सके। घोषणाएं तो ये भी रहीं कि बिलासपुर से मंडी तक की सडक़ के किनारे 'ब्लूमिंग हिमाचल' की तस्वीर पेश होगी, मगर साहब के बदलते सरकार की प्राथमिकता भी बदल गई। हिमाचल में अब फूल बाजार तक आने और गुनगुनाने लगे हैं। निजी मेहनत के कारनामों में कुछ प्रगतिशील किसानों ने दिल्ली ही नहीं, देश की विभिन्न मंडियों में अपने फूलों की महक पहुंचा दी, लेकिन पालमपुर और नौणी विश्वविद्यालयों ने विज्ञान की इस शाखा और हिमाचली किसान-बागबान की प्रतिभा को लेकर ऐसा कोई गुल नहीं खिलाया। इसके मुकाबले निजी नर्सरियों के माध्यम से पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में सोच, समझ व तकनीक बदली है। बेशक कुछ हद तक पालमपुर के सीएसआईआर संस्थान ने गुलदाऊदी, जरबेरा, कारनेशन, गुलाब व लीलियम जैसे फूलों के प्रयोग किसान के खेत तक पहुंचाए, मगर न कृषि, न बागबानी और न ही वन विभाग ने इस क्षमता में प्रदेश को आगे बढ़ाया। हैरत तो यह कि एडीबी बैंक के खाते से निकले करोड़ों रुपए धर्मशाला के ट्यूलिप गार्डन को एक फूल भी नहीं दे पाए। एक बड़े भूखंड पर आधारित यह परियोजना तत्कालीन वीरभद्र सरकार के शहरी विकास मंत्री रहे सुधीर शर्मा की परिकल्पना से जमीन पर उकेरी तो गई, लेकिन पिछली सरकार ने पांच साल में पूरे ढांचे को कब्रिस्तान बना दिया। आश्चर्य यह कि फूल पर भी राजनीति के बीहड़ हावी हो गए और विडंबना यह कि करोड़ों की लागत पर भी किसी को तरस न आया। अब हो सकता है कि पालमपुर ट्यूलिप गार्डन से राजनीतिक कलियां चुरा-चुरा कर सियासत का नया क्षेत्रवाद पैदा कर दिया जाए, वरना संभावना तो यह है कि सोलन में बागबानी विश्वविद्यालय के परिसर में भी इसी तरह का ट्यूलिप गार्डन विकसित हो जाना चाहिए। कमोबेश हिमाचल के हर महत्त्वपूर्ण शहर में फूलों से लदे गार्डन, सडक़ किनारे महकते फूल और जंगल की विरासत में फूलों से लदी झाडिय़ां मानवीय संपर्क में एक रौनक पैदा कर सकते हैं। लाहुल-स्पीति के परिवेश में सीबकथॉर्न अगर बागबानी से सैलानी तक जुड़ जाए, तो आर्थिक यात्रा की मंजिल खूबसूरत हो जाएगी। यदि किन्नौर के चिलगोजे, मंडी के काफल, प्रदेश के अनेक भागों के बुरांश तथा लुंगड़ू जैसे उत्पाद को पर्यटन की लत लग जाए या जंगल के तमाम औषधीय पौधे खिल उठें, तो सैलानियों को ऐसे पौधों की सोहबत मिल जाएगी। बेशक पर्यावरण के नाम पर जंगल और जनता की सुविधाओं पर जंगले लग रहे हैं, लेकिन हिमाचल के हर शहर को अपनी सारी दिशाओं में जंगल से कम से कम चार सामुदायिक मैदानों को भूमि चाहिए। इनमें से अगर एक में भी फूल उगते रहें, तो हिमाचल फूलों की मंडी के साथ-साथ फूलों का पर्यटन भी उगा सकता है। सीएसआईआर के प्रयत्न के साथ मिलकर शहरी विकास विभाग, प्रशासन, वन, कृषि एवं बागबानी तथा पर्यटन विभाग को पूरे हिमाचल में दर्जनों पुष्प वाटिकाएं या गार्डन स्थापित करने चाहिएं। बड़े मंदिरों के परिसर तथा उनकी संपत्ति में दर्ज जमीन पर भी ऐसी परिकल्पनाएं उगनी चाहिएं।

## पानी के स्त्रोत हिमाचल में पानी की मांग और पूर्ति के संतुलन में महत्त्वपूर्ण रोल अदा करते थे जो नल की संस्कृति ने खत्म कर दिए

# पानी की गुणवत्ता और संरक्षण का मसला

**सत्यपाल वशिष्ठ**

> पीने का पानी मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। साथ-साथ निर्वाह का एक बुनियादी साधन है इसके बिना पोषण, वायु और मानव जाति का कल्याण करना असंभव होता है। मीठा पानी ग्रह के कुल पानी का छोटा सा अंश ही मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह आपूर्ति अपेक्षाकृत स्थिर रही है, लेकिन बढ़ती मानव आबादी ने मांग बढ़ा दी है और प्रतिधर्स्पा पैदा कर दी है। पानी की कमी एक वास्तविक समस्या है। अगर पानी का बुद्धिमता से उपयोग नहीं किया गया तो भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। धरती पर बहुत से पानी के स्त्रोत हैं परंतु वो सभी पीने के योग्य नहीं हैं।

जल को प्रायः जीवन का टॉनिक कहा गया है। इसमें ऐसे अवयव होते हैं जो मानव के लिए बहुत जरूरी होते हैं। मनुष्य के लिए जल के उपलब्ध स्रोतों में से 2.5 प्रतिशत मीठा पानी ही इस भूमि पर है जिसमें से 1 प्रतिशत ही मानव जाति के लिए उपलब्ध है। अधिकतम मात्रा ग्लेशियरों तथा बर्फ की चोटियों में जमा है। झीलें, नदियां और स्प्रिंग ही धरातलीय जल संसाधन हैं जिनसे मानव के उपयोग के लिए मीठा पानी मिलता है। इनमें से झीलें चाहे वो प्राकृतिक हों या मनुष्य द्वारा निर्मित हैं, मुख्य पानी के साधन हैं। मानवता का सामाजिक और आर्थिक विकास पानी पर बहुत अधिक निर्भर करता है। पीने का पानी मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। साथ-साथ निर्वाह का एक बुनियादी साधन है। इसके बिना पोषण, वायु और मानव जाति का कल्याण करना असंभव होता है। मीठा पानी ग्रह के कुल पानी का छोटा सा अंश ही मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह आपूर्ति अपेक्षाकृत स्थिर रही है, लेकिन बढ़ती मानव आबादी ने मांग बढ़ा दी है और प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है। पानी की कमी एक वास्तविक समस्या है। अगर पानी का बुद्धिमता से उपयोग नहीं किया गया तो भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। धरती पर बहुत से पानी के स्त्रोत हैं परंतु वो सभी पीने के योग्य नहीं हैं। उपलब्ध पानी की गुणवत्ता प्रकृति तथा भिन्न-भिन्न मानव जनित कारकों जैसे निर्माण, कूड़ा निपटान, डंपिंग, कृषि तथा अन्य गतिविधियों से प्रभावित होती है। समय की जरूरत है कि पानी की गुणवत्ता को सुधारा जाए और पानी के स्त्रोतों के प्रदूषण के कारकों को पहचान करके उनको दूर करने के तरीकों को अपना करके मानव जाति के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाए। जो जल के स्रोत प्रदूषण के कारण उपयोग में नहीं हैं, उनको प्रदूषण रहित करके पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता दोनों को बढ़ाया जा सकता है। जो पानी जमीन में रिस कर आता है, उसमें कई घुलनशील व अघुलनशील पदार्थ होते हैं जो पानी की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं तथा पानी को पीने के अयोग्य कर देते हैं। इससे पानी की आपूर्ति तथा मांग में असंतुलन पैदा हो जाता है। इस जल को नई तकनीकों से छानकर तथा पानी की प्रयोगशालाएं जांच करने के बाद जनता को पानी की



आपूर्ति करनी चाहिए। भारत में पानी की प्रयोगशालाएं नाममात्र की हैं। जल जनित रोग, पानी में खेतों से रसायन, उद्योगों से खतरनाक रसायन, प्लास्टिक, कचरे के निपटान को जल स्त्रोतों में करने से उत्पन्न होते हैं जिसके बारे में हम हर दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि पीलिया रोग के कारण शहर व गांव प्रभावित हैं तथा अन्य जल जनित रोगों से बहुत से शहर और गांव आमतौर पर प्रभावित होते रहते हैं। इससे विश्व स्तर पर हर वर्ष 1863 मिलियन दिन बच्चों के स्कूल की अनुपस्थिति के, जल जनित रोगों के कारण होते हैं तथा 1.5 बिलियन लोग जल जनित रोगों से ग्रसित होते हैं। प्राकृतिक झीलों का प्राकृतिक प्रवाह जिससे वे खुद साफ हो जाती हैं, मनुष्य की गतिविधियों से प्रभावित या अवरुद्ध हुआ है तथा बहुत से भारी धातु तथा पोषक तत्व जमा हो जाते हैं। जल विभाग को इनका प्रयोगशालाओं में सही मूल्यांकन तथा उपचार करके ही पानी को जनता के उपयोग के लिए वितरित करना चाहिए। भारत में पानी के विभिन्न स्त्रोतों के प्रबंधन के लिए बहुत से विभाग हैं जैसे पर्यावरण और वन मंत्रालय, जल शक्ति विभाग, जल संसाधन विभाग, केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सरकार द्वारा बनाई गई नीतियां और नियम जिनके अनुसार जल प्रबंधन किया जाता है तथा प्रदूषण का नियंत्रण किया जाता है। परंतु पानी में प्रदूषण की मात्रा दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है जो जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में जल के संरक्षण एवं गुणवत्ता की स्थिति के बारे में लिखें तो यह संतोषजनक नहीं है। हिमाचल में विशाल जल स्त्रोत ग्लेशियरों के रूप में उपलब्ध हैं, परंतु भूजल के स्त्रोत सीमित मात्रा में हैं। हिमाचल में पानी का उपभोग मनुष्य और सिंचाई के लिए है। पानी की उपलब्धता हिमाचल में 800 ग्लेशियरों से होती है। हिमाचल में भूजल स्त्रोत हैं, नदियां, झीलें, आर्द्रभूमि क्षेत्र आदि। कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर आदि के घाटी क्षेत्र भूजल पर निर्भर हैं जिसका दोहन खुले कुओं, ट्यूबवेल, इनफिल्ट्रेशन गैलरी द्वारा किया जाता है। पारंपरिक पानी के स्त्रोत हिमाचल में पानी की मांग और पूर्ति के संतुलन में महत्वपूर्ण रोल अदा करते थे जो नल की संस्कृति ने खत्म कर दिए हैं। गरीब और कमजोर वर्ग के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हैं। इन पारंपरिक स्रोतों में झरने, कूहलें, बावड़ी, तालाब व खाती आदि हैं। यह पारंपरिक स्रोत पानी की मांग को शहर और गांव में पूरा करने में सहायता करते थे। इन पारंपरिक प्राकृतिक जल स्त्रोतों की संख्या 10512 गांवों के क्षेत्र में है। इन पारंपरिक स्रोतों का प्रयोग लोग भिन्न-भिन्न उपयोग में करते थे। आने वाले समय में पानी की मांग बढ़ती जाएगी और पानी की मात्रा घटती जाएगी। ऐसे में नलका संस्कृति के चलते उपजी लापरवाही से बचना होगा और इन पारंपरिक स्त्रोतों को संभालना होगा। इनकी तरफ संबंधित विभागों का ध्यान बहुत ही कम है तथा ये खत्म होने की कगार पर हैं। इसके लिए सरकार को एक अलग से ही विभाग सृजित करना होगा ताकि वह पानी के संरक्षण में सर्वे एवं अन्वेषण करे और जो तालाब और झीलें गाद और मिट्टी से भर गई हैं, उनको पुनर्भरण करे ताकि सतही जल का स्तर ऊपर उठे तथा सूखे हुए स्त्रोत दोबारा से भरना शुरू हों। इससे भूमिगत जल तालिका को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना काफी सहायक है। जल के संरक्षण के लिए हर वर्ष 22 मार्च को पूरे विश्व में विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस दिन सभी जीवित चीजों के लिए पानी के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में लोगों से अपील की जाती है कि पानी को बर्बाद न करें तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व और आपूर्ति को स्थाई रूप से प्रबंधित करने का प्रण लिया जाता है। पानी के महत्व के बारे में तात्कालिकता की भावना पैदा करने के लिए 1993 में विश्व जल दिवस उत्सव की स्थापना की गई थी। विश्व जल दिवस 2023 का थीम है त्वरित परिवर्तन। हमें यह समझ लेना चाहिए कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी है।

# हिंडनबर्ग, विकिपीडिया और अडानी

> अडानी की कुल संपत्ति जो वर्ष के शुरू में 121 अरब डालर की थी, 22 फरवरी 2023 तक घटकर 43 .4 अरब डालर ही रह गई। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद गौतम अडानी समूह की कंपनियों का तेजी से विस्तार हुआ है। विपक्षी दलों द्वारा यह भी आरोप लगाया जाता रहा है कि सरकार द्वारा इस समूह को जरूरत से ज्यादा समर्थन दिया गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद विपक्षी दलों ने भी अडानी समूह और उसके बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला तेज कर दिया है। विकिपीडिया, जो देश-दुनिया में महत्वपूर्ण लोगों, कंपनियों, देश और विश्व की परिस्थितियों के बारे में जानकारी का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है, के अधकिारियों ने कुछ दिन पहले यह आरोप लगाया है कि अडानी समूह के कर्मचारियों और उनसे जुड़े लोगों ने अडानी, उनके परिवार और कंपनियों की जानकारियों के संबंध में छेडख़ानी की। हालांकि हिंडनबर्ग रिसर्च स्वयं को फोरेंसिक वित्तीय शोध फर्म कहती है, लेकिन उसका मुख्य काम शेयर बाजार में शॉर्ट सेलिंग का है। जब कोई व्यक्ति या फर्म अपने अधकिार में शेयर न होने पर भी शेयर बेचने का सौदा करती है तो उसे शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है।

जनवरी 2023 के अंतिम सप्ताह में हिंडनबर्ग रिसर्च नाम की एक फर्म ने अडानी समूह के खिलाफ कुछ गंभीर आरोप लगाए थे जिसमें धोखाधड़ी और गलत तरीके से शेयर कीमतों को प्रभावित करने के आरोप भी शामिल थे। उसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों के भाव में भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि पिछले कुछ सप्ताह से अडानी समूह के शेयरों के भाव में थोड़ा-बहुत सुधार भी हुआ, लेकिन इस समूह के मुखिया गौतम अडानी, जो 24 जनवरी 2023 तक दुनिया के तीसरे सबसे अधिक धनाढ्य व्यक्ति बन चुके थे, की सम्पत्ति इतनी घट गई कि उनका नाम दुनिया के 100 धनी लोगों की सूची से भी हट गया। हालांकि अडानी समूह के शेयरों में कुछ बेहतरी के बाद अब अडानी वापस कम से कम विश्व के 26वें सबसे धनी व्यक्ति तो रह ही गए हैं। अडानी की कुल संपत्ति जो वर्ष के शुरू में 121 अरब डालर की थी, 22 फरवरी 2023 तक घटकर 43.4 अरब डालर ही रह गई। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद गौतम अडानी समूह की कंपनियों का तेजी से विस्तार हुआ है। विपक्षी दलों द्वारा यह भी आरोप लगाया जाता रहा है कि सरकार द्वारा इस समूह को जरूरत से ज्यादा समर्थन दिया गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद विपक्षी दलों ने भी अडानी समूह और उसके बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला तेज कर दिया है। विकिपीडिया, जो देश-दुनिया में महत्वपूर्ण लोगों, कंपनियों, देश और विश्व की परिस्थितियों के बारे में जानकारी का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है, के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले यह आरोप लगाया है कि अडानी समूह के कर्मचारियों और उनसे जुड़े लोगों ने अडानी, उनके परिवार और कंपनियों की जानकारियों के संबंध में छेडख़ानी की। हालांकि हिंडनबर्ग रिसर्च स्वयं को फोरेंसिक वित्तीय शोध फर्म कहती है, लेकिन उसका मुख्य काम शेयर बाजार में शॉर्ट सेलिंग का है। जब कोई व्यक्ति या फर्म अपने अधिकार में शेयर न होने पर भी शेयर बेचने का सौदा करती है तो उसे शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है। ऐसे में शेयर का दाम भविष्य में कम होने पर शॉर्ट सेलर को फायदा होता है और यही फायदा अडानी के शेयरों की कीमत कम होने पर हिंडनबर्ग को भी मिला। इससे पहले भी हिंडनबर्ग अपने इस शॉर्ट सेलिंग व्यवसाय में फायदे के लिए 16 कंपनियों पर गलतियों और धोखाधड़ी के आरोप लगाकर फायदा कमा चुकी है। इसमें इलैक्ट्रिक ट्रक कंपनी, निकोला कॉरपोरेशन और एलॉन मस्क द्वारा ट्वीटर के अधिग्रहण के संदर्भ में ट्वीटर के बारे में खुलासे शामिल हैं। यानी हिंडनबर्ग पर भी आरोप है कि उसके ये खुलासे उसके व्यवसाय से जुड़े हैं, इसलिए इसमें हितों के टकराव का मामला बनता है। इससे पहले हिंडनबर्ग पर जुलाई 2022 में एबिक्स नाम की कंपनी द्वारा दिल्ली के तीसहजारी न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया था, जिसमें कोर्ट के आदेश अनुसार गूगल और ट्वीटर को हिंडनबर्ग द्वारा दी गई जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया था। दिलचस्प बात यह है कि उस मामले में हिन्डनबर्ग की तरफ से कोई प्रतिकार भी नहीं हुआ था। यह भी समझने की जरूरत है कि 2014 के बाद और खासतौर पर पिछले 3-4 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू पूंजी पर आधारित औद्योगीकरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर जोर दे रही है। अडानी समूह का विस्तार उसी प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। गौरतलब है कि अडानी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य लोजेस्टिक, खनन, धातु, ऊर्जा समेत विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में देश का सबसे तेजी से बढ़ता समूह बन चुका है। अगर केवल अडानी एयर पोर्ट्स की बात की जाए तो मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, बेंगलूरू, जयपुर, गुवाहटी, तिरूवंतपुरम् समेत कई एयरपोर्टों का विकास एवं संचालन अडानी समूह द्वारा किया जा रहा है। अडानी समूह द्वारा एयरपोर्ट निर्माण और संचालन से पहले जिन कंपनियों ने एयरपोर्ट निर्माण के ठेके लिए थे, वे सभी विदेशी पूंजी पर आधारित थे। नजदीक से देखने से पता चलता है कि अडानी समूह ने जलपोतों, ट्रांसमिशन, एयरपोर्ट, सौर ऊर्जा, सडक़ निर्माण और कृषि भंडारण इत्यादि के क्षेत्र में 3 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा का निवेश करके भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढने में मदद की है। 20 हजार मेगावाट के सौर ऊर्जा की क्षमता का निर्माण कर नवीकरणीय ऊर्जा में भी अडानी समूह एक उदाहरण बन चुका है। हाल ही में शुरू अडानी ग्रीन एनर्जी नाम की कंपनी द्वारा बड़ी मात्रा में सोलर पैनल और अन्य उपकरण बनाए जा रहे हैं, जिससे देश की निर्भरता चीन समेत दूसरे मुल्कों पर घटने लगी है। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एक बड़ा प्रयास किया गया है और सरकार सेमीकंडक्टर उद्योग को लगभग 60 हजार करोड़ रुपए के उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन देने की घोषणा कर चुकी है। उसी के तहत ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही अडानी समूह द्वारा बनाये गये सेमीकंडक्टर बाजार में उतर जायेंगे। देश में एक वर्ग का यह मानना है कि पश्चिमी देशों को भारत में बढ़ती आत्मनिर्भरता रास नहीं आ रही। पश्चिम की संस्थाएं और भारत विरोधी ताकतें भारत की इस तरक्की को बाधित करने हेतु तमाम प्रयास कर रहे हैं। हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट हो अथवा जॉर्ज सोरोज़ का भारत सरकार पर हमला, ये इसी ओर संकेत करते हैं। इससे पहले भी वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा विश्व भूख सूचकांक की रिपोर्ट हो अथवा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों की कारगुजारियां इसी दुष्प्रचार का हिस्सा माना जा रहा है। जहां तक शेयर बाजारों में शेयरों के भाव को प्रभावित करने की बात है, देश और दुनिया में यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। मूल बात यह है कि अडानी समूह ने परिसंपत्तियों का निर्माण किया है, जो वास्तविक है। हाल ही के वर्षों में कई ऐसी कंपनियों के शेयरों के भाव भी आसमान छूते दिखाई दे रहे थे जिनके पास अपनी कोई परिसंपत्ति ही नहीं थी। ये कंपनियां कैश बर्निंग मॉडल के आधार पर उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के डिस्काउंट देकर अपने बाजार का विस्तार कर रही थी और अपनी वैल्यूशन बढ़ा रही थी। आज स्थिति यह है कि भारत में पेटीएम, जोमैटो, नाइका, फ्लिपकार्ट सरीखी अनेक कंपनियां जो इस कैशबर्निंग मॉडल को अपनाकर आगे बढ़ रही थी, जिन्होंने सेबी के माध्यम से आईपीओ जारी कर आम निवेशकों से धन इक_ा किया, उनके शेयरों में अधिकांश निवेशकों का 40 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक धन डूब चुका है। वास्तव में किसी एक कम्पनी का शेयर हो अथवा शेयर बाज़ार, इनमें उतार-चढ़ाव सेंटिमेंट्स यानी भावनाओं पर निर्भर करता है। बाज़ार भावनाओं के कारण कई बार शेयर बाज़ारों में गिरावट का यह कोई पहला मामला न है। यदि कम्पनी के बिजनेस में दम हो तो शेयर फिर से बढ़ जाते हैं। समझना होगा कि अडानी की कम्पनियां भी सुदृढ़ बिजनेस पर आधारित हैं। यही नहीं समूह ने बाज़ार भावनाओं को ठीक करने के लिए अपने कज़र् को भी कम कर लिया है, जिसके कारण समूह के शेयरों के भावों में सुधार हुआ। गौरतलब है कि जब भारत के अनेक धनाढ्य लोग यह मानकर कि भारत में रहना लाभप्रद नहीं है, अपनी संपत्तियां बांधकर विदेशों को स्थानांतरित हो गये और कुछ धनाढ्य लोगों ने भारत में ही रहकर उद्यम बढ़ाने का निर्णय लिया तथा तेजी से विस्तार भी किया, तो चाहे वो अंबानी हो, अडानी हो, टाटा हो, महेंद्रा हो, बिरला समूह की कंपनियां हों, आईटीसी हो अथवा एलएंडटी, इन समूहों और कंपनियों ने भारत की ग्रोथ यात्रा को आगे बढ़ाने का काम किया है। इन कंपनियों और व्यवसायों को भारत सरकार का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

## देश दुनीया से

# रूस और अमेरिकी संबंध और बिगड़े तो विश्व युद्ध का खतरा बढ़ जायेगा

एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटो के दखल को देख शायद रूस ने अब इनसे ही सीधे सुलटने का निर्णय ले लिया है। वह इस तरह की पहले से इसकी चेतावनी देता भी रहा है। लगता है कि इसकी शुरुआत उसने कालासागर में अमेरिकी ड्रोन को मार कर कर दी है। उसने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को एक तरह से चेतावनी भी दे दी है। अपने इरादे भी बता दिए हैं। घटना को लेकर रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि हाल के दिनों में ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका रूस की जासूसी कर रहा है। इसी वजह से ये घटना हुई। रूसी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। यह खुद तो नहीं लड़ रहे किंतु युद्धरत यूक्रेन की अस्त्र-शस्त्र और अन्य प्रकार की पूरी क्षमता से मदद करने में लगे हुए हैं। रूस भी हालत को समझ गया है। उसने पीठ पीछे की कहानी को आगे करने का निर्णय लिया। इसी के तहत रूस ने काला सागर के ऊपर उड़ते अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। उसकी ये कार्रवाई बताती है कि उसने अमेरिका और नाटो देशों से अब सीधे निपटने का फैसला कर लिया है। अच्छा है कि नाटो अब भी संभाल जाए। सुधर जाए। रूस के दुश्मन यूक्रेन की परोक्ष और अपरोक्ष रूप से की जाने वाली मदद बंद कर दें। ऐसा न होने पर वह नाटो देशों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई कर सकता है। यूक्रेन एक छोटा-सा देश है। रूस जैसी महाशक्ति से उसका कोई मुकाबला नहीं। यूक्रेन नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस चाहता था कि यूक्रेन नाटो गठबंधन में शरीक न हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन को रूस का हिस्सा मानते रहे हैं। पुतिन की सदा मंशा रही कि वो रूस को साल 1991 से पहले यानि सोवियत संघ के विघटन से पहले वाले स्वरूप में वापस लेकर आएं। यूक्रेन रूस का हिस्सा बन जाए। वह ऐसा नहीं कर पाए। उधर यूक्रेन नाटों में शामिल होने के प्रयास में लग गया। इससे उन्हें लगा कि यदि ऐसा हो गया तो नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आ जाएंगी। यूक्रेन की और रूस की सीमा सटी है। नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आकर रूस के लिए परेशानी ही पैदा करेंगी। साथ ही उसकी यूक्रेन के रूस में मिलाने की योजना भी धूसरित हो जाएगी। यूक्रेन पूरी क्षमता से नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस के मना करने की अपील का उस पर असर नजर नही आ रहा था। ऐसे में उसे सबक सिखाने में लिए रूस ने ये हमला किया। उसने इसे छोटा सैन्य आपरेशन नाम दिया। रूस ने हमला ये सोचकर किया कि यूक्रेन के नाटों में शामिल होने के बाद नाटो देश उसका साथ देंगे, पहले नहीं, किंतु एक साल से चल रहे युद्ध ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका और नाटो देश खुद युद्ध नहीं लड़ रहे, अपितु वे यूक्रेन को युद्ध लड़ा रहे हैं। मदद कर रहे हैं। खुद युद्ध के मैदान में नही हैं किंतु हथियार और गोला बारूद उनका है। सिर्फ लड़ने वाले उनके सैनिक नहीं हैं। वे सिर्फ यूक्रेन के जवान हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तकरीबन 30 देशों ने भारी तादाद में यूक्रेन को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराईं। ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने भी ऐलान किया है कि यूक्रेन को विध्वंसकारी टैंक जैसे- 'चैलेंजर 2 टैंक' और 'लेपर्ड 2 टैंक' यूक्रेन को मुहैया कराये जाएंगे। यूक्रेन को सबसे ज्यादा मदद अमेरिका कर रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को 90 स्ट्राइकर भेजे हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने यूक्रेन को 59 ब्रेडली इन्फैंट्री लड़ाकू विमान भेजे हैं। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए अमेरिका लगातार अपने हथियारों का जखीरा यूक्रेन को दे रहा है। गौरतलब है कि रूस लगातार यह बात कहता आया है कि यह युद्ध यूक्रेन के अलावा अमेरिका भी लड़ रहा है। रूस लंबे समय से अमेरिका और नाटो देशों को चेतावनी दे रहा है कि यूक्रेन की मदद की तो ठीक नहीं होगा। वह मदद को सीधा अपने पर हमला मानेगा। कई बार वह परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की धमकी भी देता रहा है।

> रूसी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। यह खुद तो नहीं लड़ रहे किंतु युद्धरत यूक्रेन की अस्त्र-शस्त्र और अन्य प्रकार की पूरी क्षमता से मदद करने में लगे हुए हैं। रूस भी हालत को समझ गया है।

## नागरिक बोध

# बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसानों के चेहरे मुर्झाए,सरकार से मुआवजा राशि की उम्मीद

यूपी के अनेक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। किसानों के चेहरे पर फीकापन है। नुकसान की भरपाई के लिए योगी सरकार पर मुआवजा की उम्मीद लगाए बैठे है। योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए जानमाल की हानि का मुआवजा देने के लिए आदेश जारी किया है। तेज बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों की माली हालत ठीक नही है।उपर से बेमौसम बरसात से किसानों का जीना दुश्वार हो गया है। किसानों के नुकसान का आंकलन कर बचाव कार्यो के लिए आदेश जारी किया है। संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार ने मृतकों के परिजनों के आश्रितों को चार चार लाख की धनराशि देने का भरोसा दिलाया है। योगी ने कहा है कि लापरवाही करने वाले किसी भी अधिकारी को बर्दाश्त नही किया जाएगा। सरकार ने सामने से लोगो की नुकसान की रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। इससे यह विदित होता है कि सरकार जनता की हितेषी और हर घटना पर संज्ञान लेने वाली है। बारिश और ओलावृष्टि में जिन किसानों को नुकसान पहुंचा है और पशुधन की हानि हुई है।उनको तत्काल राहत पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने तैयारी बता दी है। पीड़ति परिवारों को किसी भी प्रकार का सामना नही करना पड़े,उसके लिए वितीय सहायता प्रदान करने के आदेश दिए है। बेमौसम बारिश के कारण अनेक परिवार प्रभावित हुए है।ललितपुर और सोनगढ़ में भारी बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन आहत है। रामपुर बरकोनिया नाले में तेज प्रवाह में जिंदगियां लील गई है। सरकार मृतक परिवार को राशि देने के आदेश दिए है। आकाशीय बिजली गिरने से लोगो की मौत हुई है। कुल जान माल के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार आगे आए। पीड़ति परिवारों को मुआवजा देकर मदद करे। मेरठ और कानपुर के इलाकों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मुरझा गए है।



# फ्रांस में रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाला बिल अब कानून बना : मैक्रों सरकार ने दोनों अविश्वास मत जीते; लोगों का प्रदर्शन जारी

**पेरिस।**
फ्रांस की सरकार दोनों अविश्वास मत जीत गई है। रिटायरमेंट एज बढ़ाने को लेकर फ्रांस सरकार के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। इसी के साथ रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने वाला बिल अब कानून बन गया है। आसान शब्दों में कहें तो- अब कानूनी तौर पर रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़कर 64 हो गई है। भारतीय समय के मुताबिक, फ्रांस की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। इसे पास होने के लिए 287 वोट चाहिए थे, लेकिन 278 वोट ही मिले। अगर प्रस्ताव पास हो जाता तो मैक्रों सरकार गिर जाती और नया चुनाव करवाया जाता। वहीं, रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाले बिल के कानून बनने के बाद भी लोगों का प्रदर्शन जारी है।

### नेशनल असैंबली में बिना वोटिंग पास हुआ था बिल, इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव लाया गया

16 मार्च को फ्रांस की नेशनल असैंबली में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए बिना वोटिंग के ही बिल पास करवा दिया था। पीएम ने आर्टिकल 49.3 का इस्तेमाल किया जिसके तहत बहुमत न होने पर सरकार के पास बिना वोटिंग के बिल पास कराने का अधिकार है। इसके बाद विपक्षी नेता मरीन ले पेन ने इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही थी। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, नई पेंशन योजना के तहत रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस योजना के तहत पूरी पेंशन के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा काल की अवधि भी बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने बताया कि नई पेंशन योजना के प्रस्तावों के तहत 2027 से लोगों को पूरी पेंशन लेने के लिए कुल 43 साल काम करना होगा। अभी तक ये न्यूनतम सेवा काल 42 साल था। सरकार इसे फ्रांस की शेयर-आउट पेंशन सिस्टम की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में बता रही है। सरकार का कहना है कि काम करने वालों और सेवानिवृत्त लोगों के बीच का अनुपात तेजी से कम हो रहा है। जिसे देखते हुए रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। ज्यादातर यूरोपियन कंट्रीज ने रिटायरमेंट एज बढ़ाई है। इटली और जर्मनी में रिटायरमेंट की उम्र 67 साल है। स्पेन में ये 65 साल है। ब्रिटेन में रिटायरमेंट की उम्र 66 साल है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुतिन के करीबी नेता मेदवेदेव ने आईसीसी को दी धमकी, कहा- आसमान पर नजर रखें, मिसाइल हमला भी हो सकता है

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी और रूस की सुरक्षा परिषद के डिप्टी चेयरमैन दमित्री



मेदवेदेव ने अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत के जजों को धमकाया है। मेदवेदेव ने कहा कि अपराध अदालत को रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बता दें कि यूक्रेन में युद्ध के चलते बड़ी संख्या में बच्चों के पलायन के लिए आईसीसी ने पुतिन को दोषी ठहराया है। रूसी मीडिया के अनुसार, दमित्री मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर जारी एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने एक परमाणु शक्ति संपन्न ताकत के राष्टपति पर ट्रायल चलाने का फैसला किया है, जबकि हम उसका हिस्सा भी नहीं हैं। मेदवेदेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत के जजों को एक बड़ी परमाणु शक्ति के खिलाफ कदम नहीं उठाना चाहिए। सभी लोग भगवान और मिसाइलों के प्रति जवाबदेय हैं। ऐसा भी हो सकता है कि उत्तरी समुद्र से एक हाइपरसोनिक रूसी मिसाइल हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत पर गिर जाए। मेदवेदेव ने अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत के जजों को आसमान पर निगाह रखने की सलाह दी है। मेदवेदेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह गिरफ्तारी वारंट रूसी राष्ट्रपति पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छोड़ने के लिए जारी किया गया है। हालांकि इस गिरफ्तारी वारंट पर रूसी सरकार ने कहा है कि वह आईसीसी के क्षेत्राधिकार को नहीं मानता।

### इमरान खान का दावा- सुनवाई के दौरान हो सकती है उनकी हत्या, इस्लामाबाद कोर्ट में बिछाया गया था जाल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान



उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। इमरान ने कहा कि शनिवार को जब वह तोशाखाना मामले की सुनवाई के लिए इस्लामाबाद में कोर्ट पहुंचे थे तो उन्हें मारने की साजिश रची गई थी। इमरान खान ने अपील की है कि उन्हें कोर्ट की सुनवाई में वर्चुअली जुड़ने की इजाजत दी जाए। इमरान खान ने इस मांग को लेकर पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को चिट्ठी भी लिखी है। इमरान खान ने एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में पीटीआई चीफ इमरान खान ने दावा किया कि शनिवार को इस्लामाबाद के फेडेरल ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में उन्हें मारने की साजिश रची गई थी। बता दें कि इमरान खान तोशाखाना मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। इमरान खान ने कहा कि उस दौरान कोर्ट परिसर में 20 अज्ञात लोग मौजूद थे, जो उनकी हत्या करना चाहते थे। इमरान ने आरोप लगाया कि जैसे ही वह कोर्ट परिसर में दाखिल हुए तो अचानक से पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। इस पर उनके आदमी ने उन्हें वहां से जल्दी निकलने का संकेत दिया क्योंकि वह समझ गया था कि उन्हें मारने के लिए जाल बिछाया गया है। इमरान ने कहा कि अगर वह ऐसे ही लोगों के बेनकाब करते रहे तो वह ज्यादा दिन जिंदा नहीं रह पाएंगे।

### भारत से सीधे यूक्रेन पहुंचे जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, राष्ट्रपति जेलेंस्की से करेंगे मुलाकात

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा यूक्रेन पहुंचे, जहां वह यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की



से मुलाकात करेंगे। खास बात ये है कि जापानी प्रधानमंत्री सोमवार को भारत दौरे पर थे और इसके कुछ घंटे बाद ही जापानी प्रधानमंत्री के यूक्रेन दौरे को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जापानी मीडिया ने बताया कि प्रधानमंत्री किशिदा पोलैंड से ट्रेन के जरिए यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। बता दें कि जापान आगामी मई में जी7 सम्मलेन का आयोजन करने जा रहा है। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एकमात्र जी7 नेता हैं, जो अभी तक यूक्रेन दौरे पर नहीं गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि जी7 से पहले किशिदा यूक्रेन जाकर अपने आलोचकों को चुप कराना चाहते हैं। माना जा रहा है कि जापानी प्रधानमंत्री किशिदा, यूक्रेन को समर्थन जारी रखने को कह सकते हैं।

# ब्रिटेन के सांसद ने खालिस्तानी समर्थकों को दिया सख्त संदेश, पुलिस से कहा- इन्हें गिरफ्तार करो

**लंदन।**

**लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी समर्थकों के हमले पर ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने आक्रोश प्रकट किया है। बॉब ने खालिस्तानी समर्थकों को चेतावनी देते हुए लंदन पुलिस से इनपर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा।**

बॉब ने कहा, यह सिख समुदाय का एक बहुत छोटा, अति-छोटा तबका है। इस देश में सिखों का विशाल बहुमत खालिस्तानी प्रोजेक्ट और विचारधारा को पूरी तरह से खारिज करता है... और ये हम जानते हैं। मेरा संदेश पुलिस के लिए बहुत सरल और साफ है। जब ऐसा होता है (खालिस्तानी समर्थकों द्वारा भारतीय समुदाय या दूतावास पर हमला), तो उन लोगों को गिरफ्तार करके सबक सिखाएं। उनसे उचित तरीके से निपटने की आवश्यकता है।

### लंदन में क्या हुआ था

भारत में वारिस पंजाब दे संगठन के जत्थेदार और खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इसी कार्रवाई से खालिस्तान समर्थक तमतमाए हुए हैं और उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुए विरोध प्रदर्शन भी इन्हीं विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा था।

कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। दूतावास में तोड़फोड़ भी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और लोग भारतीय उच्चायोग के अधिकारी की हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं। वहीं घटना के बाद खालिस्तानियों को कड़ा जवाब देते हुए भारतीय उच्चायोग पर एक विशाल तिरंगा झंडा फहराया गया है।



### सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्स्युलेट पर हमले की अमेरिका ने की निंदा, कहा- ये अस्वीकार्य

**सैन फ्रांसिस्को।** लंदन के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भी खालिस्तानी समर्थकों ने भारतीय वाणिज्यिक दूतावास में घुसकर तोड़फोड़ की। इसको लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। अब इस मामले में व्हाइट हाउस की तरफ से भी बयान आ गया है। मंगलवार को व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने इस घटना की निंदा की और इसे अस्वीकार्य बताया। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा है कि सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ बिल्कुल अस्वीकार्य है और अमेरिका द्वारा इसकी निंदा की जाती है। किर्बी ने कहा, हम निश्चित रूप से उस बर्बरता की निंदा करते हैं, यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। विदेश विभाग की राजनयिक सुरक्षा सेवा उचित जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रही है। राज्य विभाग नुकसान की मरम्मत के लिए बुनियादी ढांचे के परिप्रेक्ष्य में काम करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय वाणिज्य दूतावास के खिलाफ हमले और संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर राजनयिक सुविधाओं के खिलाफ किसी भी हमले की निंदा करता है। हम इन सुविधाओं के साथ-साथ काम करने वाले राजनयिकों की सुरक्षा की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करते हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले को लेकर फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने कहा, हम लंदन के साथ-साथ सैन फ्रांसिस्को में भी कानून-व्यवस्था की विफलता से चकित हैं, जहां कुछ कट्टरपंथी अलगाववादियों ने भारत के राजनयिक मिशन पर हमला किया। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि नई दिल्ली में अमेरिकी प्रभारी डीअफेयर के साथ एक बैठक में, भारत ने भारत के महावाणिज्य दूतावास और सैन फ्रांसिस्को की संपत्ति के विध्वंस पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त किया। इस बैठक में अमेरिकी सरकार को राजनयिक प्रतिनिधित्व की सुरक्षा और सुरक्षित करने के अपने मूल दायित्व की याद दिलाई गई। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उचित उपाय करने को कहा गया। इसके अलावा, वाशिंगटन डीसी में दूतावास ने भी इसी तरह की तर्ज पर अमेरिकी विदेश विभाग को अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

### किम का मिसाइल टेस्ट, यूएनएससी में हंगामा

## रूस-चीन बोले- तानाशाह को भड़का रहा अमेरिका, यूएस का जवाब- दोनों देश नॉर्थ कोरिया को बचा रहे



**न्यूयॉर्क।**
यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी की मीटिंग में चीन, रूस और अमेरिका आमने-सामने नजर आए। नॉर्थ कोरिया की मिसाइल टेस्टिंग को लेकर हुई बैठक में रूस-चीन ने अमेरिका पर किम जोंग को भड़काने का आरोप लगाया। वहीं अमेरिका ने रूस-चीन पर नॉर्थ कोरिया को प्रतिबंधों से बचाकर उसका हौसला बढ़ाने का जिम्मेदार ठहराया। दरअसल, 16 मार्च को नॉर्थ कोरिया ने सबसे बड़ी ह्वासोंग-17 इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी। जिसके बाद यूएनएससी की 15 सदस्यीय काउंसिल ने मीटिंग बुलाई। नॉर्थ कोरिया पर 2006 से ह ने मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम्स को लेकर प्रतिबंध लगा रखे हैं।

### 'हम नॉर्थ कोरिया के खिलाफ काम नहीं कर रहे'

मीटिंग के दौरान चीन-रूस ने अमेरिका और साउथ कोरिया पर जॉइंट मिलिट्री ड्रिल करके नॉर्थ कोरिया को उकसाने का आरोप लगाया है। दोनों देशों के डिप्टी ऐंबैस्डर ने जॉइंट मिलिट्री ड्रिल के डिफेंसिव होने पर सवाल उठाते इसे बढ़ते तनाव का जिम्मेदार ठहराया। वहीं अमेरिकी ऐंबैस्डर लिंडा ग्रीनफील्ड ने कहा- ये मिलिट्री ड्रिल्स जनरल रूटीन का हिस्सा थीं। अलग-अलग देश साथ मिलकर ऐसी ट्रेनिंग करते रहते हैं। ये पूरी तरह से डिफेंसिव थी। हम नॉर्थ कोरिया के खिलाफ काम नहीं कर रहे हैं।

### 'किम के मिसाइल टेस्ट से तुलना न करें'

इसके अलावा रूस-चीन ने अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच डील को लेकर भी परमाणु चिंताएं व्यक्त कीं। इस डील के तहत ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन की मदद और अमेरिका की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके सबमरीन बनाएगा। अमेरिका और ब्रिटेन ने डील को लेकर सभी आरोप खारिज कर दिए। दोनों देशों ने बताया कि ये डील न्यूक्लियर वेपन ट्रीटी का उल्लंघन नहीं करती है। वहीं नॉर्थ कोरिया के अवैध परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम यूएनएससी के कई प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं।

## पाकिस्तान में मंत्रियों का हाल...दीक्षांत समारोह में बच्चों के सामने ही समुदाय को कहने लगे अपशब्द

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान में मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार पहले ही विवादों में घिरी है। जहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान पहले ही शरीफ सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, वहीं अब पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट सरकार के मंत्री बदजुबानी के मामलों में भी घिरते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला है पाकिस्तान के गवर्मेंट कॉलेज यूनिवर्सिटी में हुए दीक्षांत समारोह का, जहां पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री राणा तनवीर ने अपने ही समुदाय का जिक्र करते हुए अपशब्द कह दिए।

### समारोह में क्या बोले राणा तनवीर

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री राणा तनवीर छात्रों को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान वे अपनी और फैसलाबाद कृषि विश्वविद्यालय के राणा इकरार के बीच हुई एक भेंट के बारे में बताते हैं। तनवीर कहते हैं- एक बार राणा इकरार साहब मुझे मिले और मैंने कहा कि मुझे बताएं कि



राणे तो हुक्मरान होते हैं, यहां (अपशब्द) एग्रीकल्चर शुरू कर रहे हैं।

### शिक्षा मंत्री ने माफी मांगी

बाद में खुद राणा तनवीर हुसैन ने इस पर माफी मांगी और कहा कि भाषण के दौरान उनकी जुबान फिसल गई थी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मैं इस पर खेद व्यक्त करता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।

### क्या बोले पाकिस्तान के लोग

पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री के इस वीडियो पर लोगों ने काफी नाराजगी जताई। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, यह हमारे संघीय शिक्षा मंत्री हैं।

## यूक्रेन को टैंक भेजेगा कंगाल पाकिस्तान : पश्चिमी देशों को खुश करने के लिए पाक ने बदला पाला

**कीव।**
आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने विदेशी कर्ज के लिए पश्चिमी देशों को खुश करने की कोशिश शुरू कर दी है। इसके लिए पाकिस्तान ने नया पैंतरा अपनाया है। एक साल पहले तक जो पाकिस्तान रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ खड़ा था, अचानक से उसने अपना पाला बदल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान अब यूक्रेन को युद्ध के लिए टैंक देने पर विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान मुख्य युद्धक टैंक यूक्रेन को भेज सकता है। खास बात है कि ये टैंक पाकिस्तान ने 1980 के दशक में यूक्रेन से ही खरीदे थे।

### पाकिस्तान ने क्यों बदला पाला

दरअसल, पाकिस्तान में आर्थिक स्थिति काफी खराब है। महंगाई ने आम नागरिकों को परेशान कर दिया है। विदेशी मुद्रा भी पाकिस्तान के पास खत्म हो चुकी है। ऐसे में तेल व अन्य जरूरी चीजों को आयात करने में भी पाकिस्तान को मुश्किलें आ रहीं हैं। शुरुआत में पाकिस्तान ने चीन, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे इस्लामिक देशों के सामने हाथ फैलाया। लेकिन कुछ खास मदद नहीं मिली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने भी पाकिस्तान के सामने कई कड़ी शर्तें रख दी हैं। ऐसे में प्रतिदिन पाकिस्तान आर्थिक संकट से टूटता जा रहा है। बताया जाता है कि पश्चिमी देश इसी का फायदा उठा रहे हैं। वह पाकिस्तान के सहारे यूक्रेन को मदद दिलवा रहे ताकि चीन और रूस का गठबंधन कमजोर हो सके। इसके अलावा पाकिस्तान के जरिए आसानी से यूक्रेन को युद्धक हथियारों की सप्लाई भी संभव है। एक साल पहले तक जो पाकिस्तान रूस के साथ खड़ा था, वो अब यूक्रेन को युद्ध में मदद देने पर विचार कर रहा है। बताया जाता है कि युद्धक टैंक के अलावा यूक्रेन को गोला-बारूद और अन्य रक्षा आपूर्ति भी पाकिस्तान की तरफ से दी जाएगी। पाकिस्तानी सेना के पास 2,467 टैंक हैं। पाकिस्तान का यूक्रेन के साथ रिश्ता काफी मजबूत रहा है। दोनों देशों के बीच सैन्य और औद्योगिक संबंध हैं। पाकिस्तान ने पूर्वी यूरोपीय देश से 320 से अधिक टैंक खरीदे थे जो सोवियत का उन्नत संस्करण। पाकिस्तान और यूक्रेन के बीच हुए सौदे में गोला-बारूद और स्पेयर पार्ट्स सहित टैंकों के रखरखाव के लिए एक पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र शामिल था। 1991 में तत्कालीन सोवियत संघ से अलग होने के बाद से यूक्रेन के पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ सैन्य संबंध रहे हैं। दोनों देशों ने 2020 तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर के रक्षा अनुबंध संपन्न किए थे। विदेश मामलों के जानकार डॉ. आदित्य पटेल कहते हैं, पश्चिमी देश और खासतौर पर अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान मजबूर हो चुका है। पाकिस्तान को कहीं से भी मदद मिलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में अब पश्चिमी देश ही उसके लिए उम्मीद की किरण हैं।

### जिनपिंग से बोले पुतिन- वेलकम, डियर फ्रेंड

# मुलाकात के बाद चीनी राष्ट्रपति को कार तक छोड़ने गए रूसी प्रेसिडेंट, साढ़े 4 घंटे चली बातचीत

**मॉस्को।**
चीन के प्रेसिडेंट शी जिनपिंग ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने राष्ट्रपति भवन (क्रेमलिन) में जिनपिंग का स्वागत किया। कहा- वेलकम, डियर फ्रेंड। मैंने जंग खत्म करने वाले आपके पीस प्लान को अच्छे से पढ़ा है। हम दोनों इस बारे में जल्द चर्चा भी करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, साढ़े चार घंटे चली इंफॉर्मल मीटिंग में जिनपिंग ने रूस को रिलायबल पार्टनर बताया। दोनों लीडर्स ने साथ में डिनर भी किया। पुतिन और जिनपिंग की नजदीकियां काफी गहरी हैं। ये डिनर के बाद भी देखने को मिलीं। पुतिन पर्सनल तौर पर जिनपिंग को उनकी गाड़ी तक छोड़ने गए। इसका एक वीडियो सामने आया। इसमें जिनपिंग होटल जाने के लिए क्रेमलिन से रवाना होते हुए दिख रहे हैं। पुतिन भी उनके साथ हैं। वो जिनपिंग की कार तक उनके साथ गए।



रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद जिनपिंग पहली बार 20 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे। उनकी विजिट का दूसरा दिन है। देर शाम दोनों लीडर्स के बीच ऑफिशियल बातचीत होगी।

### जंग खत्म करवाना चाहते हैं जिनपिंग

क्रेमलिन पहुंचे जिनपिंग ने पुतिन से मुलाकात करने से पहले कहा था- मेरी विजिट का मकसद जंग खत्म कराना है। हल ऐसा निकलना चाहिए जो दोनों पक्षों को मंजूर हो। मैं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की से भी बातचीत करूंगा। जिनपिंग चाहते हैं कि वो पुतिन और जेलेंस्की को कम से कम सीजफायर पर राजी करा लें। इसके बाद डिप्लोमैटिक चैनल्स खुल जाएंगे और चीन ग्लोबल लीडर कहलाने लगेगा।

### बाइलैटरल डॉक्यूमेंट पर साइन करेंगे

रूसी अधिकारियों के मुताबिक, दोनों लीडर्स रूस और चीन के बीच व्यापक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग को गहरा करने पर भी बातचीत होगी। इसके अलावा जिनपिंग और पुतिन एक अहम बाइलैटरल डॉक्यूमेंट पर साइन करेंगे। इस डॉक्यूमेंट से जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई।

### तीन महीने पहले दोनों नेताओं ने फोन पर बात की थी

30 दिसंबर 2022 को शी जिनपिंग और व्लादिमिर पुतिन की 8 मिनट तक वीडियो कॉल पर बात हुई थी। इस दौरान पुतिन ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने को कहा था। इस पर शी जिनपिंग ने कहा था कि दुनिया में जारी मुश्किल हालात के बीच चीन रूस को रणनीतिक सहयोग देने के लिए तैयार है।

### नो लिमिट समझौते ने दोनों देशों को बनाया पक्का साझेदार

यूक्रेन में जंग शुरू करने के बाद दोनों देशों ने नो लिमिट रणनीतिक साझेदारी साइन की थी। यूरोपियन देशों की पाबंदी के बाद चीन ने रूसी तेल और गैस की खरीद दो बढ़ा दिया है। इसके बदले में रूस भी ताइवान के मामले पर चीन का साथ दे रहा है। चीन हमेशा से ताइवान को अपना हिस्सा बताते आया है। वहीं, पुतिन ने भी ताइवान को चीन का अभिन्न हिस्सा माना है। 2012 में चीन का राष्ट्रपति बनने के बाद जिनपिंग अपने पहले विदेश दौरे पर रूस गए थे। वे मार्च 2013 में मॉस्को पहुंचे थे। चीन ने हमेशा रूस का साथ दिया है। सितंबर 2022 में समरकंद में बैठक हुई थी। तब शी जिनपिंग और पुतिन की मुलाकात हुई थी।

वहीं, 4 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन विंटर ओलिंपिक्स की इनॉगरेशन सेरेमनी के लिए बीजिंग पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा था कि रूस वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है। दोनों देशों ने एक दूसरे के हितों की रक्षा के लिए सहयोग की बात भी कही थी। इसमें उनकी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और घरेलू मामलों में किसी अन्य देश का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करना शामिल है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यूक्रेन पर आक्रमण के बाद जिनपिंग की यह पहली यात्रा है। इसमें चीन का अपने हितों के हिसाब से बहुत कुछ हासिल करना चाहता है। चीन भले ही दिखावा करे कि वो जंग रुकवाने की बात कर रहा है, लेकिन उसकी रूस से बढ़ती नजदीकी का सबूत है तेल-गैस आयात में बढ़ोतरी। 2022 में चीन को कच्चे तेल और गैस की सप्लाई 44प्रतिशत और 100प्रतिशत बढ़ी है।

## हिंदू धर्मयात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**बीकानेर ( हिंस )।** संभाग मुख्यालय पर बुधवार को हिंदू नव संवत्सर के मौके पर हिंदू जागरण मंच की ओर से होने वाली हिंदू धर्मयात्रा व महाआरती को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार सांय को लगभग 500 पुलिसकर्मियों ने पैदल फ्लैग मार्च निकाला। कलेक्टर भगवती प्रसाद, एसपी तेजस्विनी गौतम, सीओ सिटी दीपचंद, सीओ सदर शालिनी बजाज सहित कोटगेट, नयाशहर, कोतवाली, बीछवाल व गंगाशहर थानाधिकारी भी पैदल चले। यह पैदल मार्च एम. एम. ग्राउण्ड से रवाना होकर गोकुल सर्किल, नत्थुसर गेट, बारहगुवाड, मोहता चौक, तेलीवाड़ा, जोशीवाड़ा, केईएम रोड होते हुए जूनागढ़ पहुंचा।

# लोगों का पैसा वापस मिलता है तो मैं सजा भुगतने को तैयार हूं : मुख्यमंत्री

**जोधपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर फिर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संजीवनी सोसायटी में जो भी होता था वो शेखावत की मर्जी से होता था। गहलोत मंगलवार को जोधपुर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्रीय मंत्री ने उन पर मुकदमा किया है। ऐसे में अगर मुझ पर मामला दर्ज होने के बाद भी गरीब जनता को उनके हक का पैसा वापस मिलता है तो मैं सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों के ऐसे कई मामले आए हैं, जहां उनकी बातों को सुनकर आंखों में आंसू आ जाते हैं। केंद्रीय मंत्री का इस पर कोई बयान नहीं आया है। उनको आगे बढ़कर जनता का पैसा दिलाना चाहिए।



गहलोत ने केंद्रीय मंत्री को आड़े हाथ लेते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं में प्रदेश को लाभ से वंचित रखने की बात कही। नए जिलों के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के भी कई जिले हैं। राजस्थान में नए जिले बनाने की जरूरत काफी वक्त से थी। ऐसे में विकास की संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान को देश का नंबर एक प्रदेश बनाने के उद्देश्य से नए जिले बनाए गए हैं। बता दें मुख्यमंत्री गहलोत ने सोमवार से शुरू हुए राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो- 2023 का 11.15 बजे उद्घाटन किया। जहां उन्होंने एक्सपो में अवॉर्ड सौंपे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.15 बजे एक्सपो विजिट कर निकल गए। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ मानहानि का दावा कर रखा है। शेखावत ने 4 मार्च को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचकर दावा पेश किया था। केंद्रीय मंत्री ने संजीवनी घोटाले में उनके परिवार के बारे में की गई बयानबाजी को केस का आधार बनाया। मुख्यमंत्री गहलोत ने 21 फरवरी को सचिवालय में बजट की समीक्षा बैठक के बाद कहा था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह के मां-बाप, पत्नी सहित पूरा परिवार शामिल है। उन्होंने कहा था कि अफसोस है, ऐसे घपलेबाज को पीएम ने मंत्री बना रखा है। यह कैसे मंत्री रह सकता है ? राजस्थान सोसायटी एक्ट के तहत साल 2008 में संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी को रजिस्टर्ड कराया गया। बाड़मेर में शुरुआत हुई। साल 2010 में ये सोसायटी मल्टी स्टेट सोसायटी हो गई। 12 साल में ही 230 से ज्यादा शाखाएं खुल गईं। इसके प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह मास्टरमाइंड है, जो जेल में बंद है। 1 लाख लोगों से 900 करोड़ की ठगी की गई। फर्जी लोन बांटे और ब्याज नहीं लिया। कुछ निवेशकों ने शिकायत की तो राजस्थान एसओजी को मामला सौंपा। हजारों खाते फर्जी पाए गए। आरोप है कि विक्रम ने निवेशकों का पैसा ऐसी कंपनी के शेयर खरीदने में लगाया, जिसके शेयर होल्डर गजेंद्र सिंह भी थे।

## पीएम की सुरक्षा में चूक पर सीएम मान ने पुलिस अफसरों पर कार्रवाई के दिए आदेश

### पूर्व डीजीपी समेत तत्कालीन अफसरों पर होगी कार्रवाई



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पिछले साल पंजाब दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के लिए जवाबदेह पुलिस अफसरों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। इस लापरवाही के लिए शीर्ष अदालत के आदेश पर गठित जांच कमेटी ने पंजाब के पूर्व डीजीपी, डीआईजी और एसएसपी को जिम्मेदार ठहराया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय, फिरोजपुर रेंज के तत्कालीन डीआईजी इंदरबीर सिंह और तत्कालीन एसएसपी फिरोजपुर हरमन हंस के खिलाफ कार्रवाई और जुर्माना लगाने के साथ साथ विभागीय कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। चट्टोपाध्याय सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस जांच समिति की रिपोर्ट में छह पुलिस अधिकारियों एडीजीपी कानून व्यवस्था नरेश अरोड़ा, पूर्व एडीजीपी साइबर क्राइम जी. नागेश्वर राव, पटियाला के पूर्व आईजी मुखविंदर सिंह छीना, पूर्व आईजी काउंटर इंटेलिजेंस राकेश अग्रवाल, पूर्व डीआईजी फिरोजपुर सुरजीत सिंह और पूर्व एसएसपी मोगा चरणजीत सिंह सोहल के नाम भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के आदेश पर इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई से पहले जवाब के लिए नोटिस जारी किया गया है।

## बजट में आंकड़ों की बाजीगरी से गुमराह कर रही भाजपा सरकार : डॉ. सुशील गुप्ता

**फरीदाबाद ( हिंस )।** राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश सामाजिक न्याय में सबसे पीछे है, जबकि बेरोजगारी में सबसे आगे, विधानसभा में फिलहाल बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन सरकार आंकड़ों की बाजीगरी करके लोगों को गुमराह कर रही है। वे मंगलवार को वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा के बाटा चौक स्थित कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश के वरिष्ठ आप नेता डॉ. अशोक तंवर, राकेश भड़ाना, हरेंद्र भाटी, विनोद भाटी, प्रवेश मेहता आदि मौजूद थे। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि सरकार ने 2022-23 के बजट में मीडियम-स्माल इंडस्ट्रीज के लिए 35 करोड़ खर्च करने का प्रावधान रखा था, लेकिन इस मद में आधा से ज्यादा बजट लेप्स




हो गया। सरकार की सोच है कि हरियाणा में स्माल व मीडियम इंडस्ट्रीज न लगे बल्कि सरकार अडानी जैसे समूह को प्रत्यक्ष रूप से सहायता उपलब्ध करवा रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बजट में गांव व शहरी विकास के टाउन कंट्री विभाग के लिए एक हजार करोड़ का लक्ष्य रखा, लेकिन एक प्रतिशत भी खर्च नहीं हुआ, गांवों में विकास तक नहीं हुआ वहीं ग्रामीण विकास के लिए सरकार ने 180 करोड़ का बजट रखा, लेकिन छह प्रतिशत ही खर्च हो पाया, 94 प्रतिशत लेप्स हो गया। पशुपालन की बात करें तो इस पर सरकार ने 160 करोड़ से बजट घटाकर 92 करोड़ किया, लेकिन फिर भी मात्र 8.40 प्रतिशत ही खर्च पाई। उन्होंने कहा कि सामाजिक दृष्ठि से हरियाणा देश का आखिरी राज्य है, यह भारत सरकार के सर्वे में खुलासा हुआ है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आप नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि हाल ही में बारिश व ओलावृष्ठि से किसानों की फसलें तबाह हुई है, सरकार कहती है, पोर्टल पर चढ़वाओ, लेकिन पोर्टल खराब रहते है, इतना डिजिटल इंडिया पूरी तरह से फेल है, चाहे देश की बात हो या हरियाणा की। इस मौके पर रिंकू सोलंकी, चंचल तंवर, वाईके शर्मा, खेमी ठाकुर, चंद्रपाल, सौरभ, रविन्द्र फौजदार, देवेराज गुर्जर सहित अनेकों आप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजस्थानी काव्य पाठ में झलकेगा मायड़ु भाषा का लालित्य

**जयपुर ( हिंस )।** *राजस्थान साहित्य उत्सव: साहित्य कुंभ-2023* की तैयारियां चरम पर है। कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं महानिदेशक जवाहर कला केंद्र गायत्री राठौड़ ने बताया कि राजस्थान साहित्य उत्सव: साहित्य कुंभ-2023 का आयोजन जोधपुर स्थित जनाना बाग (उम्मेद उद्यान) में 25, 26 एवं 27 मार्च को किया जा रहा है। उत्सव में 27 मार्च दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे राजस्थानी काव्य पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की नोडल एजेंसी जवाहर कला केंद्र की ओर से राजस्थानी काव्य पाठ में हिस्सा लेने वाले प्रदेश के नामचीन कवियों की सूची जारी कर दी गई है। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर के संयोजन से आयोजित काव्य पाठ में 16 राजस्थानी कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। भीलवाड़ा के कैलाश मंडेला काव्य पाठ का संचालन करेंगे। बीकानेर के शिवराज छंगाणी, जोधपुर के डॉ. आईदान सिंह भाटी, सवाईमाधोपुर के ताऊ शेखावाटी, कोटा के मुकुट मणिराज, जोधपुर के सत्यदेव संवितेंद्र अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। बीकानेर के कमल रंगा, सीकर की डॉ. शारदा कृष्ण, बीकानेर के शंकर सिंह राजपुरोहित, सोजत सिटी के अब्दुल समद राही, बीकानेर की डॉ. कृष्णा आचार्य भी राजस्थानी कविताओं की मिठास घोलेंगे।

## चिकित्सकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में रैली निकालकर जताया आक्रोश



**अलवर ( हिंस )।** जयपुर में चिकित्सकों पर किए गये लाठीचार्ज से चिकित्सक समुदाय में आक्रोश है। प्राइवेट और सरकारी चिकित्सकों ने आक्रोश जताते हुए शहर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली और पुलिस अधिकारी के बर्खास्त करने की सरकार से मांग की। सरकारी सेवारत चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि महिला चिकित्सकों पर पुरुष पुलिस वालों ने लाठीचार्ज किया। जिसकी चिकित्सक समुदाय और निंदा करता है। सरकार से मांग की जाती है कि वह तुरंत उन पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करें, जिनके आदेश पर यह कार्रवाई की गई थी। आज सुबह सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक आईएमए हॉल में एकत्रित हुए इसके बाद रैली निकालते हुए सामान्य चिकित्सालय से शहर के मुख्य मार्गों पर पहुंचे और सरकार व पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. एससी मित्तल ने बताया कि राइट टू हैल्थ बिल का चिकित्सक निरंतर विरोध कर रहे हैं लेकिन सरकार हठधर्मिता पर पड़ी हुई है। जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मानेगी आंदोलन जारी रहेगा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. विजयपाल ने बताया कि चिकित्सक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं इसके बावजूद सरकार ध्यान नहीं दे रही है। कल चिकित्सकों पर लाठीचार्ज किया गया। यह चिकित्सक हमेशा आमजन की सेवा करते हैं। उनके साथ ऐसा बर्ताव कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान डॉक्टर सतपाल यादव, डॉक्टर डीआर पटेल, डॉक्टर तैयब खान, डॉक्टर परविंदर, डॉक्टर के के शर्मा सहित अनेक चिकित्सक शामिल थे। सरकारी चिकित्सकों के दो घंटे कार्य बहिष्कार के कारण ओपीडी के बाहर मरीजों की लाइन लग गई हालांकि इमरजेंसी में चिकित्सक मरीजों को देख रहे थे लेकिन बाकी के विभागों में चिकित्सक नहीं होने के कारण मरीज लाइन लगाकर चिकित्सकों का इंतजार करते रहे। दो घंटे के बाद चिकित्सक अपने काम पर वापस लौटे और मरीजों का इलाज किया।

## चैत्र नवरात्रा आज से शुरू : घर-मंदिर में होगी घटस्थापना

**जयपुर ( हिंस )।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बुधवार 22 मार्च से नवरात्र शुरू होने जा रहे है जो 30 मार्च तक चलेंगे और नवरात्र उत्थापना नवमी 31 मार्च को होगी। घर-मंदिरों में घटस्थापना के साथ नौ दिनों तक पूजा-अर्चना होगी। साथ ही नवरात्र में मंदिरों और समाजों में यज्ञ और हवन आदि होंगे। आमेर शिला माता मंदिर में स्थापना सुबह 6.35 बजे होगी। आमेर शिला माता मंदिर में पहले नवरात्र को घट स्थापना 22 मार्च की सुबह 6.35 बजे होगी। श्रद्धालु माता के दर्शन सुबह 7.35 बजे से कर सकेंगे। मंदिर पुजारी बनवारी लाल शास्त्री ने बताया कि निशा पूजन 28 मार्च रात 10 बजे से होगी। हवन की पूर्णाहुति 29 मार्च को शाम 4.30 बजे होगी। जबकि नवरात्र उत्थापन दशमी 31 मार्च को सुबह 10.30 बजे होगी। नवरात्र के दौरान 23 से 31 मार्च तक प्रतिदिन माता रानी के दर्शन सुबह 6 से दोपहर 12.30 बजे तक और शाम को 4 से 8.30 बजे तक होंगे। इस दौरान दोपहर 12.30 से शाम 4 बजे तक दर्शन बंद रहेंगे। मंदिर पुजारी बनवारी लाल शास्त्री ने बताया कि आमेर शिला माता की बालभोग झांकी सुबह 8 से 8.15 बजे तक, सुबह आरती सुबह 10 बजे, राजभोग सुबह 11 से 11.30 बजे तक, संध्या आरती शाम 6.45 बजे, रात्रि भोग रात 7.45 से 8 बजे तक और शयन आरती रात 8.30 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य पंडित गौरव गौड ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन गजकेसरी, बुधादित्य, सुकर्मा और सिद्ध योग रहेगा। 23 मार्च को सूर्योदय से सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू होगा, जो 24 को दोपहर 3.52 तक रहेगा। इसके बाद यह योग 27 को सूर्योदय से अगली सुबह 7.25 तक रहेगा। अमृत सिद्धि योग भी रहेगा। अष्ठमी पर 29 को शोभन, रवि पुष्य नक्षत्र, 30 मार्च को राम नवमी शाम 9.49 से 31 को रात 2.24 तक रहेगी। प्राचीन मंदिर श्री दुर्गा माता दुर्गापुरा में 22 मार्च को महंत महेन्द्र भट्टाचार्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही मंगल घट स्थापना सुबह 7 बजे होगी। इसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। नवरात्रा के विशेष 9 दिनों में माता के दरबार में प्रज्वलित अखंड ज्योति के दर्शन लाभ होंगे। नवरात्र के प्रथम दिन माता का विशेष श्रृंगार ऋतु पुष्पों एवं आरी-तारी की पोशाक धारण कराई जाएगी। नवरात्र में सुबह 10 बजे माता की आरती होगी। मंदिर के पट दोपहर 12 बजे तक खुले रहेंगे। शाम को माता के श्रृंगार के साथ ही जरी गोटे की पोशाक धारण कराई जाएगी। शाम को 6.45 बजे संध्या आरती होगी। 9 बजे माता की शयन आरती होगी। 29 मार्च अष्ठमी को रात 8 बजे पूर्णाहुति हवन होगा। दशमी 31 मार्च को सुबह घट उत्थापन होगा। इसके बाद कन्या भोजन करवाया जाएगा। नवरात्र में मंदिर के पट दिन में 6 बजे से दोपहर 12 तक और शाम को 5 बजे से रात 9 बजे तक खुले रहेंगे।

## जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल की जाए : कुंडल



**सांबा ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री यशपाल कुंडल ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग की ताकि लोगों की पीड़ा को दूर किया जा सके। पूर्व मंत्री यशपाल कुंडल ने रामगढ़ में मासिक कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश जम्मू और कश्मीर एलजी प्रशासन के शासन में है। जिसमें प्रदेश के हर एक वर्ग के साथ भेदभाव हो रहा है। विकास सिर्फ कागजों पर है उपराज्यपाल के अधिकारी जमीनी स्तर पर काम करने में भारी विफल रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विकास कार्यों की गति बहुत धीमी हो गई है। कुंडल ने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे लोगों के मुद्दों को अधिकारियों के सामने उजागर करके हल करने के लिए मिलकर काम करें। कुंडल ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में बी भ्रष्टाचार बढ़ रहा है लोगों को एलजी प्रशासन से कोई उम्मीद नहीं है। प्रदेश में बेरोजगारी ने सभी सीमाएं पार कर ली हैं और यह देश के अन्य राज्यों की तुलना में अभूतपूर्व रूप से अधिक है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें चरम पर हैं, निजी क्षेत्र पीड़ित है, दिहाड़ी मजदूर, पीएम पैकेज कर्मचारी, आरक्षित वर्ग के कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, होमगार्ड, रहबर-ए-खेल, वृद्धावस्था पेंशन बहाली चाहने वाले, विभिन्न सरकारी नौकरियां और अन्य लोग सड़कों पर हैं और लोगों के मुद्दों को संभालने में अधिकारियों की विफलता के कारण जम्मू शहर को विरोध के शहर में बदल दिया गया है।

## दुनिया में ज्ञान ही असली शक्तिः बंडारू दत्तात्रेय

**गुरुग्राम ( हिंस )।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य केवल ज्ञान की प्राप्ति होना चाहिए। दुनिया में धन नहीं, बल्कि ज्ञान ही असली शक्ति है। उन्होंने यह बात मंगलवार को गुरुग्राम में नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के 135 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व स्वामी विवेकानंद आदि के व्यक्तित्व के बारे में जानने से जीवन में आगे बढ़ने की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में



विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए ज्ञान प्राप्ति के लक्ष्य को नहीं छोड़ा। दुनिया के तीन श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों से उन्होंने डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को ज्ञान का केंद्र बताते हुए कहा कि यहां से आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की संख्या अधिक होने पर प्रसन्नता भी जाहिर की और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देंगे तो दुनिया भर में भारत की युवा पीढ़ी को अपने कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता एक ऐसा अवसर है जब हम दुनिया के अन्य देशों के शिक्षण केंद्रों के साथ-साथ अपने ज्ञान, रिसर्च व इनोवेटिव आइडिया का आदान-प्रदान करना चाहिए। उन्होंने नॉर्थ कैप विश्वविद्यालय में इनोवेशन व स्टार्ट अप पर फोकस करने की दिशा में जारी प्रयासों की सराहना की। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को फीस में रियायत, मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास भी सराहनीय है।

## हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ ने की एक दिन की हड़ताल

**सिरसा ( हिंस )।** अपनी मांगों को मनवाने के लिए हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ ने आज एकदिन की हड़ताल रखी है। हड़ताल के कारण सिरसा के सरल केंद्र में काम काज बंद है जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भारतीय मजदूर संघ द्वारा आज पंचकूला में प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने के लिए हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के सदस्य भी गए हैं। इसलिए मंगलवार को सरल केंद्र में हड़ताल रही। कर्मचारी नेताओ ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के साथ मुख्यमंत्री की 11 सितंबर 2019 को बैठक हुई थी। जिसमें डीआईटीएस कर्मचारियों को सेवा नियम का लाभ दिए जाने पर सहमति बनने के बाद भी आजतक सेवा नियम लागू नहीं किया गया है। यही नहीं 12 सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भारतीय मजूदर संघ हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल कीबैठक में सेवा नियम में संशोधन किए जाने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम से बाहर रखने की मांग रखी गई थी, जिस पर भी आज तक सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया। इन समझौतों को लागूकर कर्मचारियों को उनका हक दिए जाने की मांग को लेकर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ ज्ञापनों के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचा चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार कर्मचारियों के प्रति वैरभाव की नीति अपनाए हुए है। सरकार की लचर एवं कर्मचारी विरोधी कार्यप्रणाली के खिलाफ हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। यह बात हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के प्रदेश महामंत्री सागर सेठी ने कही।

No. TRDI/G/24/Pt.-VIII/..........

NOTICE INVITING TENDER

Sealed percentage rate tender in prescribed Form to be eventually drawn up in A.P.W.D. F-2° form affixing non-refundable Court fee stamps of Rs.8.25 (Rupees eight and twenty-five paisa) only invited from the eligible registered contractors of Irrigation Department for the work specified below.

Tender will be received by the undersigned in this office up to 1.00 P.M. on 04th April / 2023 and will be opened on 04th April/2023 at 3.00 P.M in presence of the tenderer or their authorized representative. If the last date of submission of the tender falls on unscheduled holiday etc. the same will be received and opened on the next working day.

Details particulars, approved items of works, term and condition & lender papers, etc. may be seen & obtained from the office of the undersigned on any working days In the office hours up to 03rd April/2023 on payment of non-refundable Rs. 100.00 (Rupees One Hundred) only in the form of .P.0. duly pledged to the undersigned.

a. **Name of work** :- Solar Powered MDTW I/S at Kundarbani Village (2 Points) under RIDF-XXVII (NABARD) for the year 2021-22.
b. **Approx value** :- Rs. 5,60,415.00 (Rupees Five Lakh Sixty Thousand Four Hundred Fifteen) only.
c. **Eamest money** :- 2% value of work (1% far SC/ST/OBC/MOBC contractors) only to be deposited along with the tender in the form of call deposit /Bank draft drawn from any scheduled Bank guaranteed by RBI and pledged to the undersigned.
d. **Time of completion** :- 30 (Thirty) days from the date of issue of work order.

Executive Engineer
Tezpur-Rangapara Division (Imgation)
Tezpur

*-- Janasanyog /C/23432/22*

**No. DSY/Estt/Apptt/11/2022/37**

**NOTICE**

This is to inform that against the Advertisement published on 12th August, 2022, the Written Examination for the post of Saddler, and Farrier was held on 12th March, 2023, and as per the Written Examination the following candidates have qualified for appearing for Viva-voce/Interview for the post of Saddler, and Farrier under Directorate of Sports & Youth Welfare, Assam :

**Saddler**

| Category | Roll No. |
|---|---|
| OBC | 04 |

**Farrier**

| Category | Roll No |
|---|---|
| OBC | 07, 04, 03, 05 |

The Viva-voice/Interview for the post of Saddler and Farrier will be held on 30th March, 2023 from 10.30 am onwards at Bhogeswari Phukanani Indoor Stadium, Rudra Singha Sports Complex, Dispur, Guwahati-06.

The qualified candidates must produce all the original testimonials/ documents for verification (as mentioned in the Advertisement) on the day of Viva-voce. If any discrepancies are found during the document verification, the candidature of the candidate for the post will summarily be rejected.

Sd/-
Director,
Sports & Youth Welfare, Assam

*-- Janasanyog/D/23829/ 22*




# क्या यूबीएस–क्रेडिट स्विस डील से भारत में नौकरियों पर असर पड़ेगा, किनकी जा सकती है नौकरी

**नई दिल्ली।**

**यूबीएस और क्रेडिट स्विस के भारत स्थित प्रौद्योगिकी बैक ऑफिस लगभग 14,000 लोगों को रोजगार देते हैं। स्विस बैंकिंग में मेगा बेलआउट का अधिकतम प्रभाव इन पर पड़ सकता है।**

माना जा रहा है कि यूबीएस की ओर से क्रेडिट स्विस के अधिग्रहण के बाद वह अपनी भूमिकाओं को तर्कसंगत बनाने और लागत पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेगा। ऐसे में में दुनिया के कई शहरों में इनके दफ्तरों में मानव बल में कटौती की जा सकती है। इन दफ्तरों कोग्लोबल इन-हाउस सेंटर (जीआईसी) के रूप में जाना जाता है। यूबीएस और सीएस दोनों के प्रौद्योगिकी केंद्रों में तीन भारतीय शहरों में लगभग 7,000-7000 लोग हैं। विलय के बाद कंपनी में मानव संसाधन की भूमिका को तर्कसंगत बनाने से इन क्षेत्रों में कई नौकरियों के घटने की आशंका है। माना जा रहा है कि यूबीएस-क्रेडिट स्विस की ओर से केवल सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखने की कोशिश होगी भारत में दोनों बैंकों के परिचालन की जानकारी रखने वाले एक बैंकर ने कहा, उन्हें शायद इतने लोगों की आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए छंटनी हो सकती है। उन्होंने कहा, बैंकिंग क्षेत्र में यूबीएस भारत में पहले से ही बहुत कम था। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि क्या यह क्रेडिट स्विस संचालन को जारी रखना चाहता है या अपनी पूंजी के अनुरुप उन्हें कम करेगा। भारत में यूबीएस का परिचालन बहुत छोटा है, बैंक ने 2013 में देश में अपनी एकमात्र शाखा बंद कर दी थी। इसके बाद इसने एक नकद इक्विटी व्यवसाय चलाया जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) को पार्टिसिपेटरी नोट्स के माध्यम से देश में लेनदेन करने की अनुमति मिली।

क्रेडिट स्विस के पास अभी भी भारत में अपनी एकमात्र शाखा का लाइसेंस है। यहां से धन प्रबंधन, निवेश बैंकिंग और ब्रोकरेज सेवाओं का व्यवसाय किया जाता है। यह शेयरों के एवज में व्यवसायों को फंडिंग देने के मामले में बहुत सक्रिय है।

## न्यूज ब्रीफ

### अब बिकेगा फेल हो चुका सिग्नेचर बैंक: न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक 2.7 बिलियन डॉलर में खरीदेगा, डील में एसेट्स की खरीद भी शामिल




**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक ने फेल हो चुके सिग्नेचर बैंक की एक बड़ी हिस्सेदारी को 2.7 बिलियन डॉलर (22.29 हजार करोड़ रुपए) में खरीदने का फैसला किया है। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने यह जानकारी दी है। सिग्नेचर बैंक की 40 ब्रांच फ्लैगस्टार बैंक के नाम से जानी जाएंगी। फ्लैगस्टार न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक की सब्सिडियरी में से एक है। इस डील में सिग्नेचर बैंक के 38.4 बिलियन डॉलर यानी 3.17 लाख करोड़ रुपए के एसेट्स की खरीद भी शामिल होगी। कहा कि सिग्नेचर बैंक का 60 बिलियन डॉलर यानी 4.95 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भी सुरक्षित है। सिलिकॉन वैली बैंक के बंद होने के 48 घंटे बाद सिग्नेचर बैंक के फेल होने की जानकारी सामने आई थी। सिग्नेचर बैंक बैंकिंग क्राइसिस में बंद होने वाला दूसरा बैंक है। सिग्नेचर बैंक न्यूयॉर्क में स्थित ट्रिस्टेट एरिया में एक बड़ा कमर्शियल लेंडर भी है। हालांकि, हाल के सालों में बैंक क्रिप्टोकरेंसी में शामिल हो गया था। यही वजह है कि बैंक को भारी नुकसान हुआ है।

### मीडिया टाइकून रूपर्ट मर्डोक 92 साल में 5वीं शादी करेंगे: 66 साल की लेस्ली स्मिथ पूर्व सुपर मॉडल हैं, मर्डोक की 4 पत्नियों से 6 बच्चे



**वॉशिंगटन।** मीडिया टाइकून रूपर्ट मर्डोक 92 साल की उम्र में पांचवी बार शादी करने जा रहे हैं। रूपर्ट 66 साल की एन लेस्ली स्मिथ से शादी करेंगे। लेस्ली स्मिथ की भी ये तीसरी शादी होगी। इन दोनों की मुलाकात पिछले साल सितंबर के महीने में कैलिफोर्निया में हुई थी। दोनों की शादी गर्मियों में होने की संभावना है। रूपर्ट मर्डोक पिछले साल अपनी चौथी पत्नी से अलग हुए थे। मर्डोक ने अपने खुद के मीडिया चैनलों में से एक न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा, मैं प्यार में पड़ने से डरता था – लेकिन मुझे पता था कि यह मेरा आखिरी होगा। मैं खुश हूं। मर्डोक ने बताया कि उन्होंने सेंट पैट्रिक्स डे पर स्मिथ को प्रपोज किया था। वहीं एन लेस्ली स्मिथ ने कहा कि मैं 14 साल की विधवा हूं। रूपर्ट की तरह, मेरे पति चेस्टर स्मिथ एक बिजनेसमैन थे। मर्डोक की पहली तीन पत्नियों से छह बच्चे हैं। उन्होंने पिछले साल अपनी चौथी पत्नी से तलाक लिया था। 2016 में मर्डोक ने 85 साल की उम्र में 65 साल की मॉडल जेरी हॉल की शादी की थी। ये शादी 6 साल ही चली थी और दोनों 2022 में अलग हो गए थे। मर्डोक की पहली शादी पैट्रिसिया बुक से 1956 में हुई थी। यह शादी 1967 तक ही चली दूसरी शादी 1967 में अन्ना मारिया टोर्व से हुई और 1999 तक चली 1999 में तीसरी शादी वेंडी देंग से की और 2013 में दोनों अलग हो गए 2016 में इन्होंने मॉडल जेरी हॉल से शादी की थी और 2022 में दोनों अलग हो गए मर्डोक का जन्म 1931 में ऑस्ट्रेलिया में हुआ, लेकिन वर्तमान में वो अमेरिका के नागरिक भी हैं।

### एक साल में 6.5 फीसदी तक बढ़ गईं दूध की कीमतें, कई तरह की लागत बढ़ने का असर

**नई दिल्ली।** खुदरा महंगाई के लगातार छह फीसदी से ऊपर रहने के साथ ही दूध की कीमतों में भी



जमकर इजाफा हुआ है। एक साल में इसके दाम में 6.5 फीसदी की बढ़त आई है, जबकि पिछले पांच माह में यह 8 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मांग ऊची बने रहने के कारण आगे भी दूध की कीमतों का बढ़ना जारी रहेगा। दूध और इसके उत्पादों में पिछले वर्ष की तुलना में मासिक वृद्धि 0.8 फीसदी रही है। कोरोना के पहले के पांच सालों में औसत 0.3 फीसदी वृद्धि की तुलना में इस समय दोगुना बढ़त हुई है हेडलाइन मुद्रास्फीति में इसका योगदान महामारी के बाद 6 प्रतिशत तक हो गया है। दूध की कीमतों में जारी तेजी के कई कारक हैं। इसमें बढ़ती लागत, महामारी के कारण व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय कीमतें जुड़ी हैं। हालांकि, पशुओं के चारे के दाम में लगातार बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण है।

## 10.89 लाख रुपए में नेक्स्ट जेन हुंडई वरना लॉन्च

# 20 इंच के डुअल–स्क्रीन सेटअप के साथ मिलेंगे एडीएएस जैसे 65 से ज्यादा सेफ्टी फीचर

**नई दिल्ली।**

**हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने भारत में मिड-साइज सेडान सेगमेंट में अपनी नेक्स्ट जेनरेशन वरना लॉन्च की। इसकी शुरुआती कीमत 10.89 लाख रुपए है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 17.38 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने पिछले महीने 25 हजार रुपए टोकन मनी पर बुकिंग लेना शुरू किया था। अभी तक उसे 8,000 से बुकिंग मिल चुकी है। कार की डिलीवरी अप्रैल 2023 के पहले हफ्ते से शुरू होगी। वहीं कंपनी इस कार में साथ 3 साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी भी दे रही है।**




### 4 ट्रिम्स और 9 कलर में लॉन्च

नई वरना को 4 ट्रिम्स में लॉन्च किया गया है। ये कार वैरिएंट में आएगी। इसे 7 मोनोटोन कलर ऑप्शन टाइफून सिल्वर, फेयरी रेड, स्टारी नाइट, टाइटन ग्रे, एबिस ब्लैक, एटलस व्हाइट और टेल्यूरियन ब्राउन में खरीदा जे सकेगा। इसके अलावा इसमें एटलस व्हाइट और फेयरी रेड डुअल टोन कलर ऑप्शन भी मिलेंगे।

### 6-एयरबैग के साथ एडीएएस जैसे सेफ्टी फीचर

न्यू वरना में 6-एयरबैग और 4 डिस्क ब्रेक जैसे 65 से ज्यादा सेफ्टी फीचर मिलेंगे। फ्रंट में मैकफर्सन स्ट्रट टाइप सस्पेंशन और रियर में एक वर्टिकल शॉक एब्जॉर्बर के साथ टॉर्सियन बीम एक्सल होगा। नई होंडा सिटी की तरह ही वरना भी कुछ वैरिएंट्स में एडीएएस दे रही है। वरना में फ्रंट कैमरा के साथ फ्रंट और रियर रडार डिटेक्टर मिलेगा जो उसके6 कॉम्पिटटर नहीं देते।

एडीएएस ड्राइवर को फॉरवर्ड कोलिशन वार्निंग एंड अवॉइडेंस असिस्ट, स्टॉप एंड गो के साथ स्मार्ट क्रूज कंट्रोल, लेन-कीप वार्निंग और ब्लाइंड स्पॉट वार्निंग असिस्ट, और यहां तक कि एक सेफ एग्जिट वॉर्निंग जैसी सुविधा देता है।

### पावरट्रेन

नई वरना में मौजूदा 1.5-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 115 की पॉवर और 144 का टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ 6-स्पीड मैनुअल ऑटोमेटिक गियरबाक्स मिल सकता है। इसके अलावा कार के साथ एक नया 1.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन का ऑप्शन भी दिया जाएगा, जो 160 की पॉवर और 253 का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम होगा।

ट्रांसमिशन की बात करें इसमें तो 6-स्पीड मैनुअल और 7-स्पीड गियरबॉक्स का ऑप्शन मिल सकता है। इसमें इको, नॉर्मल और स्पोर्ट जैसे तीन ड्राइविंग मोड्स मिलेंगे।

### फीचर्स

**एक्सटीरियर :** स्पाई शॉट्स दिखाया गया है कि 2023 न्यू जनरेशन वरना में सिंगल-पैन सनरूफ, स्टाइलिश अलॉय व्हील, ट्रिपल बैरल रिफ्लेक्टर हेडलैंप सेटअप, फ्रंट पार्किंग सेंसर्स, एक बड़ा लाइट बार, कुछ क्रोम डिटेलिंग और माउंटेड कैमरे मिलेगा।

**इंटीरियर :** कार के डेशबोर्ड पर डुअल-स्क्रीन सेटअप मिलेगा, जिसमें एक 10.25-इंच का फुली डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और एक 10.25-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम शामिल होगा। दोनों स्क्रीन थोड़े एंगल्ड हैं, जो ड्राइवर को रैप-अराउंड फील देते हैं। सेंट्रल स्क्रीन के नीचे एसी और इंफोटेनमेंट को कंट्रोल करने के लिए स्विच दिए गए हैं। कार में एक वायरलेस चार्जर, एक मैनुअल ट्रांसमिशन और एसी वेंट मिलते हैं। कार के इंटीरियर में एक हाउसिंग क्रोम लाइन प्रीमियम फील देती है। इसमें एम्बिएंट लाइट्स भी दी गई हैं।

**सेफ्टी :** कार में एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम्स जैसे सेफ्टी फीचर भी मिलेंगे, जिसमें ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग, लेन कीप असिस्ट, एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स शामिल होंगे। सेफ्टी के लिए 6 एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, वीएसएम, ट्रैक्शन कंट्रोल और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम भी मिलेगा।

# श्रीलंका के लिए बड़ी राहत, आईएमएफ ने सात अरब डॉलर तक के आर्थिक पैकेज को दी मंजूरी




**वॉशिंगटन।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका के लिए आर्थिक राहत पैकेज को मंजूरी दे दी है। अब श्रीलंका की सरकार आईएमएफ, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों (आईएफआई) और बहुपक्षीय संगठनों से सात अरब अमेरिकी डॉलर तक वित्त पोषण हासिल कर सकती है। आईएमएफ ने इस राहत पैकेज को श्रीलंका प्रोग्राम नाम दिया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आईएमएफ की इस घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की हुई बैठक में श्रीलंका के लिए विस्तारित फंड सुविधा को मंजूरी दी गई। वहीं, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के कार्यालय ने कहा कि अंतरराराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका के लिए 2.9 बिलियन डॉलर के राहत पैकेज को मंजूरी दे दी है, जो कुल सात बिलियन डॉलर तक वित्त पोषण की पहुंच प्रदान करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राहत पैकेज की मंजूरी अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों में श्रीलंका की स्थिति को सुधारने और सात दशकों में सबसे खराब वित्तीय संकट से उभरने में मदद करेगा। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि हमने शुरुआत से ही वित्तीय संस्थानों और अपने लेनदारों के साथ सभी चर्चाओं में पारदर्शिता दिखाई है। मैं आईएमएफ और श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि पिछले जुलाई में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को स्थिर करना और कर्ज के स्थायी स्तर को हासिल करना उनकी प्राथमिकता रही है। ऐसा करने के लिए हमने कुछ कड़े फैसले लिए हैं, लेकिन हमने सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम एक समावेशी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकर्षक अर्थव्यवस्था विकसित कर सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईएमएफ कार्यक्रम देश के विजन को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनकी सरकार आईएमएफ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने और ऋण स्थिरता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऐपल के डिवाइस यूज नहीं करेंगे राष्ट्रपति पुतिन के कर्मचारी: जासूसी की आशंका के चलते रूसी सरकार ने लिया फैसला; यूद्ध में यूक्रेन की मदद कर रहा अमेरिका

**नई दिल्ली।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारी अब अमेरिकी ब्रांड ऐपल के डिवाइस यूज नहीं कर सकेंगे। रूसी सरकार ने ये फैसला यूक्रेन से चल रहे यूद्ध के बीच जासूसी की आशंका के चलते लिया है। इस संबंध में सोमवार को फरमान जारी किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि रूसी प्रेसिडेंट एडमिनिस्ट्रेशन के वे सदस्य जो घरेलू मुद्दों में काम कर रहे हैं, वे मार्च अंत तक ऐपल के डिवाइस यूज करना बंद कर दें। रूसी अधिकारियों को ऑपरेटिंग सिस्टम चलाने वाले अपने डिवाइसेस को फेंकना या अपने बच्चों को देना होगा।



सूत्र के मुताबिक इस बारे में मार्च की शुरुआत में आयोजित हुए एक सेमिनार चर्चा की गई थी। मामले पर अंतिम फाइनल स्टेटमेंट और डेडलाइन सीधे डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ सर्गेई किरिंको से आई है जो, जो घरेलू नीति के विभिन्न पहलुओं के प्रभारी हैं और राष्ट्रपति कार्यालय में कई विभागों की निगरानी करते हैं। समाचार पत्र ने बताया कि ये बेन उन अधिकारियों को भी प्रभावित करेगा जो प्रशासन की ओर से स्थानीय सरकारों के साथ संपर्क करते हैं। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक साल से भी ज्यादा हो चुका है। इस यूद्ध में अमेरिका यूक्रेन की मदद कर रहा है।

इस जंग ने 27 हजार से ज्यादा की जानें ले ली हैं। वहीं 1.86 करोड़ से ज्यादा लोगों को बेघर करके उन्हें मुल्क छोड़ने को मजबूर किया है। यूनिसेफ के मुताबिक युद्ध से यूक्रेन के 50 लाख से अधिक बच्चों की पढ़ाई रुक गई। साथ ही छोटे बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल ही नहीं बचे हैं। ये आंकड़े सभी संस्थाओं के अलग-अलग हैं।

# सरकार पर 155.8 लाख करोड़ का कर्ज, यह जीडीपी का 57.3 फीसदी

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार पर 155.8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह जानकारी दी। मार्च 2023 तक के आंकड़े रखते हुए उन्होंने बताया कि यह कर्ज फिलहाल देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में 57.3प्रतिशत के बराबर है। हालांकि, इसमें से विदेशी कर्ज सिर्फ 7.03 लाख करोड़ रुपये है, जो जीडीपी के 2.6 प्रतिशत के करीब है। वहीं, देश के कुल कर्ज में बाहरी (विदेशी) कर्ज करीब 4.5 फीसदी है। यह जीडीपी के 3.1प्रतिशत के बराबर है। बाहरी कर्ज का बड़ा हिस्सा रियायती दरों पर द्विपक्षीय एजेंसियों के बीच हुए समझौतों के तहत लिया गया है। कर्ज के जोखिम की स्थिति के



लिहाज से देखें, तो देश की वित्तीय स्थिति सुरक्षित है।

### अर्थव्यवस्था को सुरक्षित बनाया

सीतारमण ने बताया कि विनिमय दर की अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक आघातों के प्रभावों से भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए रिजर्व बैंक ने सरकार के परामर्श से हाल ही में विदेशी मुद्रा फंडिंग के स्रोतों में विविधता लाने और विस्तार करने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। विदेशी मुद्रा अनिवासी-बी खातों पर ब्याज दर नियमों में छूट के साथ स्वतः संचालित बाहरी उधार की सीमा को बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर किया गया है।

### शीर्ष-10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत व जापान में तेज वृद्धि

वहीं, दुनिया की शीर्ष-10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत और जापान तेजी से बढ़ रहे हैं। इन दोनों की जीडीपी कोरोना पूर्व स्तर से ज्यादा तेज से बढ़ी है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुताबिक, 94 देशों की अर्थव्यवस्था कोरोना पूर्व स्तर से भी नीचे जा चुकी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में शीर्ष 10 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से अमेरिका, चीन, जर्मनी, यूके, फ्रांस, कनाडा, इटली और ब्राजील जैसे आठ देश महामारी के पूर्व स्तर से भी कम प्रदर्शन कर सकते हैं।

## आपके न रहने पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स का क्या होगा

# आधार, पैन, वोटर आईडी और पासपोर्ट संभालना परिवार की जिम्मेदारी, आधार डीएक्टिवेशन पर सरकार कर रही काम

**नई दिल्ली।**

किसी व्यक्ति की मौत के बाद उसका आधार कार्ड डी-एक्टिवेट किया जा सकेगा। यूनीक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया इसके लिए एक मैकेनिज्म बनाने और उसे शुरू करने पर काम कर रहे हैं। मृत्यु के बाद आधार नंबर लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है तो उसका गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि किसी व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद उसके डॉक्यूमेंट्स जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट का क्या करना है। आज हम आपको बता रहे हैं कि व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद परिवार वालों को इन डॉक्यूमेंट का क्या करना चाहिए।




**आधार कार्ड** – व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके आधार कार्ड को रद्द करने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मृतक के आधार कार्ड को संभालकर रखने और उसका गलत उपयोग न हो, ये देखने की जिम्मेदारी मृतक के परिवार की होती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है, अगर वो व्यक्ति आधार के जरिए किसी योजना या सब्सिडी का लाभ ले रहा था, तो संबंधित विभाग को व्यक्ति की मौत की जानकारी देनी चाहिए। इससे उसका नाम उस योजना से हटा दिया जाएगा।

क्या करें: कोई व्यक्ति आधार ऐप या वेबसाइट के माध्यम से मृतक व्यक्ति के आधार को लॉक कर सकता है। इससे मृत व्यक्ति के आधार नंबर के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलेगी।

**पैन कार्ड** – परमानेंट अकाउंट नंबर या पैन कार्ड हमारे देश में एक बहुत ही जरूरी डॉक्युमेंट है। इनकम टैक्स भरने के साथ ही बैंक और डीमैट अकाउंट खुलवाने जैसे कई कामों में इसकी जरूरत पड़ती है। यह आपके खाते से लिंक होता है। ऐसे में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर पैन कार्ड को बंद कराना जरूरी है। नहीं तो उसके पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। मृतक का पैन सरेंडर करना अनिवार्य नहीं है, यानी अगर मृतक का पैन सरेंडर नहीं किया गया है तो इसके लिए कोई जुर्माना नहीं है।

क्या करें: यदि आपको लगता है कि बाद में किसी काम के लिए आपको इसकी जरूरत पड़ सकती है तो आप इसे अपने पास रख सकते हैं। वहीं अगर आपको लगता है कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है और कोई दूसरा व्यक्ति इसका दुरुपयोग कर सकता है तो आप इसे सरेंडर कर सकते हैं।

**वोटर आईडी कार्ड** – वोटर आईडी भी हमारे देश में एक मुख्य डॉक्यूमेंट के तौर पर जाना जाता है। वोट डालने के लिए वोटर आईडी होना जरूरी है। व्यक्ति की मृत्यु के बाद इसे रद्द कराया जा सकता है। रद्द न होने पर अगर यह किसी गलत हाथ में पड़ जाता है तो चुनाव में मृतक के नाम से फर्जी वोट डालने का प्रयास किया जा सकता है।

क्या करें: यदि आपके परिवार में किसी की मृत्यु हो गई है, तो परिवार का कोई सदस्य चुनाव कार्यालय में जाकर फॉर्म नंबर 7 को भरकर इसे रद्द करा सकता है। इसके लिए मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होगी।

**पासपोर्ट** – आधार कार्ड की तरह ही व्यक्ति की मृत्यु होने पर पासपोर्ट को सरेंडर या रद्द करने का कोई प्रावधान नहीं है। जब पासपोर्ट की समय-सीमा समाप्त हो जाती है, तो यह डिफॉल्ट तौर पर अमान्य हो जाता है।

क्या करें: इसे संभालकर रखें, ताकि ये किसी गलत हाथ में न पड़े, ताकि कोई भी व्यक्ति इसका एड्रेस प्रूफ या अन्य किसी काम में दुरुपयोग न कर सके।

**डॉक्युमेंट्स के खोने या चोरी हो जाने पर क्या करें** – अगर ये डॉक्युमेंट्स खो गए हैं या चोरी हो गए हैं तो आप इसकी शिकायत नजदीकी थाने में भी कर सकते हैं। इससे डॉक्युमेंट्स का गलत उपयोग होने से रोका जा सकेगा।

# चिलचिलाती गर्मी में लेदर जैकेट पहने गाने की शूटिंग की गुरमीत ने

## -राजस्थान की तपती गर्मी में तेरे-मेरे के लिए की शूटिंग



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता गुरमीत चौधरी ने बताया कि उन्होंने राजस्थान की चिलचिलाती गर्मी में लेदर जैकेट पहने हुए गाने की शूटिंग की। गाने की शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने बताया, हमने तेरे मेरे को राजस्थान के एक विरासत स्थल पर 40 डिग्री से अधिक की अत्यधिक गर्मी के साथ शूट किया। मुझे राजस्थान में ऐतिहासिक स्थानों और स्मारकों का दौरा करना बहुत पसंद है, वे मेरे लिए बहुत दिलचस्प हैं। वीडियो की शूटिंग के दौरान मुझे चमड़े की मोटी जैकेट पहननी थी जो चिलचिलाती गर्मी के कारण काफी चुनौतीपूर्ण थी। गाने को स्टेबिन बेन और असीस कौर ने गाया है और इस्के बोल रश्मी विराग ने लिखे हैं। गाने का पर्क्यूशन सेक्शन टिट्लियान वर्गा की याद दिलाता है। मैंने हमेशा उनके काम की प्रशंसा की है और उनके साथ इस अनुभव को साझा करना अच्छा रहा। तेरे मेरे को ड-ीआरजे रिकॉर्ड्स के लेबल के तहत बनाया गया है और यह यूट्यूब पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।अभिनेता ने कहा, यहां के स्थानीय लोगों ने भी उस द्रश्य की शूटिंग के दौरान मेरी मदद की, जहां मैं महल की पहाड़ी गलियों में बाइक चला रहा हूं। यह पहली बार है जब मैं गायक स्टेबिन के साथ जुड़ा हूं, जिन्होंने अतीत में इस तरह की हिट फिल्में दी हैं। बता दें कि गाने का संगीत वीडियो आशीष पांडा द्वारा निर्देशित किया गया है और इसका संगीत जावेद-मोहसिन ने दिया है।

# भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में जल्द ही नजर आएंगी ऋचा चड्ढा




**मुंबई (ईएमएस)।** संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में जल्द ही एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा नजर आएंगी। ऋचा चड्ढा ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट पर काम करने के दौरान वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकल आई थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि संजय सर दूरदर्शी, जादूगर कहानीकार हैं। एक कलाकार के तौर पर मैंने कभी भी अपने कम्फर्ट जोन से बाहर इतना खिंचा हुआ महसूस नहीं किया। कई बार मैं सेट पर जाती हूं और निर्देशक मुझसे कहते हैं, आप तो कर ही लोगी, आप इस फिल्म में, उस फिल्म में बहुत अच्छे थे। उन्होंने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है, क्योंकि हर कोई आगे बढ़ता रहता है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि ईमानदारी से कहूं तो 10 साल पहले की बात कहने का मन कर रहा है, मैं वह व्यक्ति नहीं हूं जो मैं एक साल पहले थी। मैं आगे बढ़ गई हूं, मैं एक निर्देशक की एक्ट्रेस हूं, मुझे अपनी अधिकतम क्षमता तक जाना पसंद है। मुझे चुनौतियों का सामना करना पसंद है। मुझे संजय सर के साथ काम करना अच्छा लगा, क्योंकि वह सहयोग करते हैं। भंसाली के साथ हीरामंडी उनका दूसरा प्रोजेक्ट है, जिसमें पहली गोलियों की रासलीला-राम लीला है, जिसे लगभग एक दशक हो चुका है। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसे निर्देशक के साथ काम करना पसंद करूंगी, जो खुद को उच्च स्तर पर रखता है। एसएलबी और किसी भी क्षमता में उनकी परियोजना से जुड़ा होना हमेशा एक सम्मान की बात है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे वह मौका दो बार मिला, पहला गोलियां की रासलीला-राम लीला, लेकिन हीरामंडी का हमेशा विशेष स्थान रहेगा। स्वतंत्रता पूर्व भारत में स्थापित हीरामंडी, हीरामंडी जिले में तवायफों की तीन पीढ़ियों की जीवन कहानी पर आधारित है। सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल और मनीषा कोइराला भी हैं और यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कमाई सिर्फ संतुष्टि लायक

## -एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की यह फिल्म




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड की नेचुरल स्टार रानी मुखर्जी की हालिया रिलीज फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे रीलिज हो चुकी है। इस फिल्म के कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, जो सिर्फ संतुष्टि लायक हैं। रानी मुखर्जी की हालिया रिलीज फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। ये फिल्म एक देश के खिलाफ एक मां के संघर्ष की कहानी है। जिसे थियेटर्स पर देखने जाहिर है कि एक खास वर्ग के लोग ही पहुंचे हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को बनाने में भी मेकर्स ने ज्यादा पैसा नहीं लगाया है। यह फिल्म महज 30 करोड़ रुपये की लागत में बनी है। ऐसे में फिल्म के सफल होने के लिए जरूरी है कि यह कम से कम 50 करोड़ रुपये का थियेट्रिकल बिजनेस करे। आने वाले दिन शनिवार और रविवार रानी मुखर्जी की इस फिल्म के लिए काफी क्रूशियल होंगे। जिससे दर्शकों का रुझान और स्पष्ट हो सकेगा। ज्ञातव्य है कि रानी मुखर्जी स्टारर निर्देशक आशिमा छिब्बर की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को देशभर में सिर्फ 535 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। शुक्रवार का दिन फिल्म के लिए खास बेहतरीन नहीं रहा और फिल्म ने थियेटर्स से कुल 1.27 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली। दिलचस्प बात ये है कि रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे को दर्शकों और क्रिटिक्स से रिलीज के बाद पहले दिन अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। हालांकि इस इमोशनल फैमिली ड्रामा फिल्म ने थियेटर्स पर धीमी रफ्तार से ही कदम रखे हैं।

# प्रीति जिंटा ने किया 2 साल के बेटे जय का क्यूट वीडियो शेयर



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर अपने दो साल के बेटे जय का क्यूट वीडियो शेयर किया है। प्रीति जिंटा इन दिनों फिल्मों से दूर हैं। प्रीति अक्सर सोशल मीडिया पर अपने पति और बच्चों के प्यारे वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने बेटे जय का एक क्यूट वीडियो शेयर किया है। प्रीति ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि जब आप अपने छोटे से बच्चे को सफाई करने और मम्मा की मदद करते हुए देखते हैं तो बहुत खुशी मिलती है। यहां देखो छोटा सा जय स्वच्छ भारत के मूव्स की प्रैक्टिस कर रहा है। प्रीति जिंटा के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

# दीपिका की भूमिका ऋतिक से नहीं है कमतर : सिद्धार्थ आनन्द

## पठान की महिमा का आनंद ले रहे हैं निर्देशक सिद्धार्थ



**(मुंबई)** आनंद फिलहाल फाइटर की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। ऋतिक और दीपिका दोनों पहली बार किसी फिल्म के लिए एक साथ आ रहे हैं। इन दोनों को परदे पर एक साथ देखने के लिए दर्शकों का उत्साह चरम पर है, जिसे इंटरनेट पर सर्चिंग के दौरान साफ देखा जा सकता है। ऋतिक फाइटर में पैटी का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में एक मीडिया हाउस के साथ बातचीत करते हुए सिद्धार्थ आनन्द ने फाइटर में दीपिका पादुकोण के किरदार को लेकर बातचीत की, जिसमें उन्होंने बताया कि मैं हमेशा यह कहता हूं कि मेरे महिला अंग वास्तव में मजबूत हैं और बहुत ही रोमांचक हैं। फाइटर में भी दीपिका एयरफोर्स ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं। वह इकाई का हिस्सा है, वायु सेना की कुलीन इकाई है और यह बहुत सारी वास्तविकता और प्रामाणिकता पर आधारित है। तो यह कुछ ऐसा है, जिसे दीपिका ने पहले नहीं निभाया है। उसने सचमुच इसमें काट लिया है और ईमानदारी से कहूं तो यह वास्तविक जीवन में उसके जैसा है। उन्होंने कहा कि सेट पर दीपिका के साथ काम करना मजेदार है। दीपिका सेट पर काफी मस्ती करती हैं और वह उस चरित्र को ऋतिक के चरित्र के लिए एक वास्तविक अच्छे प्रतियोगी (प्रतियोगिता) के रूप में अनुवादित कर रही है। तो यह बहुत ही रोमांचक है। इस फिल्म की शूटिंग देश भर में कई चरणों में की जा रही है। टीम ने हाल ही में फाइटर का कश्मीर शेड्यूल पूरा किया है। इस बीच सिद्धार्थ आनंद अपनी पिछली रिलीज पठान की महिमा का आनंद ले रहे हैं, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने सिनेमाघरों में लगभग 50 दिन बिताए हैं और दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

# सलमान के लुक ने सबको किया आकर्षित

## काफी हद तक किक के लुक से मिलता-जुलता था



**मुंबई (ईएमएस)।** हिंदी फिल्म उद्योग में सबसे बड़े नामों में से सलमान खान भी एक हैं। सलमान खान को उनकी मजबूत और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के कारण बहुत से लोग पसंद करते हैं। सलमान खान अभी एक प्यारी वजह से सुर्खियों में हैं। उन्होंने श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे की स्क्रीनिंग में भाग लिया और रानी मुखर्जी को गले लगाया। सलमान के लुक ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि यह उनके किक अवतार के समान था। सलमान खान ने रानी मुखर्जी अभिनीत श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे की एक विशेष स्क्रीनिंग में भाग लिया। भाई काफी स्मार्ट लग रहे थे और एक्ट्रेस के साथ वक्त बिताया। उनका लुक काफी हद तक किक के लुक से मिलता-जुलता था। इससे फिल्म के सीक्वल पर काम होने की अटकलों को बल मिला। उल्लेखनीय हे कि सलमान खान अभिनीत और साजिद नाडियाडवाला निर्देशित किक 2014 में प्रदर्शित हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर भारी सफलता प्राप्त की थी। यह सलमान खान के करियर की पहली 200 करोड़ी फिल्म थी। किक ने बॉक्स ऑफिस पर 214 करोड़ का कारोबार किया था। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्देशित यह फिल्म इसी नाम की एक तेलुगू फिल्म की रीमेक थी। किक के हिंदी संस्करण में जैकलीन फर्नांडीज नायिका के रूप में दिखाई दी थीं। सलमान खान को आखिरी बार शाहरुख खान अभिनीत पठान में देखा गया था। इन दिनों सलमान खान अपनी ईद पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान के सम्पादन कार्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। सलमान खान की यह फिल्म तमिल फिल्म वीरम का रीमेक है, जिसमें अजित कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ईद के बाद सलमान खान अपनी सफलतम सीरीज टाइगर के तीसरे भाग में दिखाई देंगे। इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग जारी है, जो अप्रेल के पहले सप्ताह में शाहरुख खान और सलमान खान के द्दश्यों के साथ समाप्त होगी। टाइगर-3 में सलमान खान के साथ जोया के रूप में कैटरीना कैफ नजर आएंगी। स्पाई-थ्रिलर का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। फिल्म के निमार्ता आदित्य चोपड़ा हैं। यह आदित्य चोपड़ा के स्पाई यूनिवर्स की 5वीं फिल्म है।

# नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है जेह को



हाल ही बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने खुलासा किया कि उनके छोटे बेटे जहांगीर को ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है। करीना ने कहा कि जहांगीर तब तक नहीं खाता, जब तक कि उसके लिए वह गाना नहीं बजाया जाता। जब हम नाटू नाटू प्ले करते हैं तो जेह अपना रात का खाना खाता है और वह गाने का ओरिजनल वर्जन चाहता है न कि हिंदी डब वर्जन। गाना 2 साल के बच्चे के दिल को छू गया है, जो यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म और गाने में काफी काम किया है। 95वें एकेडमी अवॉर्ड में भारत के दो ऑस्कर जीतने के साथ, यह हर भारतीय के लिए गर्व की भावना लेकर आया है। करीना को उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि दर्शक अधिक फिल्में देख रहे हैं, चाहे वह हिंदी फिल्में हों, क्षेत्रीय फिल्में हों, समानांतर फिल्में हों या डॉक्यूमेंट्री हों। लोग भारतीय सिनेमा को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं और इंडस्ट्री का हिस्सा होने के रूप में यह मेरे दिल को हमारे दर्शकों के प्रति गर्व और आभार से भर देता है।

# आलिया को गैल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



हाल ही में 30 साल की हुई आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। हॉलीवुड स्टार गैल गैडट ने अपनी हार्ट ऑफ स्टोन की सह-कलाकार आलिया भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें मां कहा। गैल ने कमेंट सेक्शन में उन्हें विश किया। आलिया ने अपने जन्मदिन की तस्वीरें साझा की और इसे कैप्शन दियाः थर्टी। गैल ने टिप्पणी की-जन्मदिन मुबारक हो, मां। बॉलीवुड के मोर्चे पर, आलिया के पास रॉकी और रानी की प्रेम कहानी भी है। वह एक बार फिर रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। फिल्म में शबाना आजमी, जया बच्चन और धर्मेंद्र भी हैं।टॉम हार्पर द्वारा बनाई गई हार्ट ऑफ स्टोन मिशन इम्पॉसिबल जैसी श्रृंखला की पहली कड़ी है। फिल्म में गैल, जेमी और आलिया के अलावा सोफी ओकोनेडो, मथियास श्वेघोफर, जिंग लुसी और पॉल रेडी भी हैं।

# विक्रांत मैसी ने किया सारा की तारीफ



फिल्म में साथ काम करने से पहले एक अभिनेत्री के रूप में सारा अली खान के बारे में उनकी एक अलग राय थी। यह कहना है अभिनेता विक्रांत मैसी का। विक्रांत ने कहा कि उन्हें लगा कि सारा दूसरों के विचारों को सुनने के लिए तैयार नहीं होगी। विक्रांत आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म गैसलाइट में दिखेंगे। सेट पर काम करने के दौरान कलाकार एक-दूसरे से अच्छी तरह जुड़ जाते हैं और एक-दूसरे से काफी कुछ सीखते हैं। विक्रांत सारा के उत्साह और कला के प्रति उनके समर्पण को देखकर बहुत प्रभावित हुए। इस बारे में विस्तार से बताते हुए विक्रांत ने कहाः मुझे तुरंत पता चला कि वह (सारा अली खान) एक कलाकार के रूप में भूखी हैं, वह बहुत कुछ जानना चाहती हैं, वह हर संभव प्रयास कर एक अभिनेत्री के रूप में खुद को बेहतर बनाना चाहती हैं। मैंने वास्तव में इसकी उम्मीद नहीं की थी। एक एक्टर के रूप में वह इतनी खुले दिमाग वाली हैं। गैसलाइट एक साइकोलोजिकल थ्रिलर है और इसमें सारा बिल्कुल एक अलग तरह का रोल निभा रही हैं।

# दिलजीत शादी के बाद पति संग हनीमून पर निकलीं



**मुंबई (ईएमएस)।** दिलजीत कौर शादी के बंधन में बंधी हैं। उनकी शादी की कई पिक्चर्स और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। दिलजीत को लाल जोड़े में देख उनके फैंस काफी खुश हैं। अब दिलजीत के हनीमून पर जाने से पहले पहली तस्वीर सामने आई है। जिसमें वहां हसबैंड निखिल पटेल के साथ पेयर करती दिख रही हैं। बता दें कि दिलजीत ने इस दौरान आइवरी लहंगा पहना हुआ था। इसके साथ उन्होंने रेड दुपट्टा पेयर किया। जिसमें वहां काफी सुंदर लग रही थीं। शादी के बाद दिलजीत ने हसबैंड निखिल के साथ एक रील भी शेयर की है। जिसमें वहां एडवेंचर की ओर इशारा कर रही हैं। इस रील को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मिस्टर और मिसेज पटेल के रूप में दुनिया भर में हमारे पहले साहसिक कारनामों पर रवाना। आइए इस अपना हनीमून कहते हैं। दिलजीत ने अपने हनीमून पर जाने से पहले हबी निखिल के साथ खास पिक्चर शेयर की है। जिसमें ये कपल ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहा है। साथ ही दिलजीत हाथ में शादी का लाल चूड़ा पहने हुई हैं। इस पिक्चर में दिलजीत की आंखों पर शादी की थकान भी नजर आ रही है। इस पिक्चर को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर किया है।

## सूडोकु नवताल- 6377

✸✸✸✸✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6376 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7124

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | व | ग | ब | ना | क | प | ल | क |
| र | वि | ल | न | व | जी | ग | द | इ | ट | ली |
| त | स | र्म | ल | र्म | छ | पु | रा | रा | ख | क |
| क | ज | ज | य | पु | र | न | प | न | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | श्री | लं | का | तू | ग | झ | क |
| जी | क | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | आ | स्ट्रे | लि | या | प | ल | श | र | ला | ल |
| क | ता | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | पा |
| ने | बा | चे | न्न | ब्रा | जी | ल | री | ग | प | कि |
| द | पा | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | प | स्ता |
| क | क | ल | प | ची | न | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में 10 विभिन्न देशों के नाम ढूंढिए. दिए गए देशों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

इटली, भारत, चीन, ब्राजील, जर्मन, नेपाल, पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, इरान.

### शब्दजाल - 7123 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | क | दो | यु | ला | प | र | तू | ग | झ | क |
| ज | ग | ल | प | ह | रिं | पू | ना | दि | शा | को |
| अं | इ | पु | म | सं | दा | ल | श | र | ला | ल |
| क | कु | दा | रु | धा | ब | क | प | रि | श | र |
| क | ति | श | न्न | ष | क | र | री | ग | वी | ता |
| द | रं | ल | प | व | गा | र्त | ऐ | ती | प | रु |
| ती | गा | ल | श | अं | प | म | त्रां | को | ला | व |
| क | बा | अ | ब | त | क | छ | प्प | न | श | जू |
| क | स | थो | तें | व | न | ज | द | शा | जू | द |
| द | र | ल | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | ड़ | सा | रु | मा | नी | हो | जा | एं | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6077

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 6 | | 5 | 1 |
| 4 | 28 | | 38 | 2 | 31 | |
| | | 7 | | 4 | | 3 |
| 6 | 38 | | 36 | | 28 | 6 |
| | | 6 | | 1 | | 2 |
| 7 | 32 | | 29 | 5 | 37 | |
| 2 | 5 | | 3 | 6 | | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6076 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 25 | 3 | 26 | 5 | 40 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 37 | 6 | 35 | 2 | 27 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 5 | 33 | 4 | 42 | 6 | 26 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# जब सचिन ने सहवाग से कहा था-तुम्हें बैट मार दूंगा: वीरू सिक्स मारकर 300 रन पूरे करना चाहते थे, तेंदुलकर बोले- पागल हो क्या

**मुंबई।**

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपने ओपनिंग पार्टनर सचिन तेंदुलकर के साथ हुआ एक दिलचस्प वाकया शेयर किया। सचिन ने एक बार सहवाग से कहा था कि तुम्हें बैट मार दूंगा। 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप की विनर टीम का हिस्सा रहे वीरेंद्र सहवाग ने एक न्यूज चैनल के प्रोग्राम में अपने बैटिंग स्टाइल, सचिन के साथ ओपनिंग पार्टनरशिप जैसे मुद्दों पर बातचीत की। वीरेंद्र सहवाग ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 2013 में खेला था। तब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा थे। सहवाग ने 104 टेस्ट में 8,586 रन, 251 वनडे में 8,273 रन और 19 टी-20 मैच में 394 रन बनाए हैं।

**वनडे में सचिन-सहवाग ने बतौर ओपनर 3,919 रन बनाए** - सहवाग ने कहा, हम 2003 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच खेल रहे थे। मैंने साइमन कैटिच को कुछ छक्के मारे और 195 रन पर पहुंच गया। 200 रन तक पहुंचने के लिए मैंने उसे एक और सिक्स मारने की कोशिश की, लेकिन मैं आउट हो गया। इसके बाद हम पाकिस्तान गए। मुल्तान में 100 रन पहुंचने के लिए मैंने 6-7 सिक्स मारे। उसके बाद सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी के लिए आए। फिर सचिन बोले कि अब अगर तुमने सिक्स मारा तो मैं तुम्हें बैट मार दूंगा। मैंने सचिन से पूछा कि ऐसा क्यों सचिन ने मुझसे कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट हार गए, क्योंकि तुम छक्का मार रहे थे। इसके बाद मैंने 120 रन से 295 रन तक एक भी सिक्स नहीं मारा। 295 पर पहुंचने के बाद मैंने सचिन से कहा कि अब मैं सिक्स मारकर 300 रन पूरे करूंगा। तब सचिन ने मुझसे कहा कि तुम पागल हो क्या इंडिया के लिए किसी ने आज तक ट्रिपल सेंचुरी नहीं मारी है। मैंने सचिन से कहा कि किसी ने 295 रन भी नहीं मारे हैं। इसके बाद मैं आगे बढ़ा और सक्लेन मुश्ताक को सिक्स मारकर 300 रन पूरे किए। इसके बाद सचिन मुझसे ज्यादा खुश हुए। सहवाग ने कहा, मैं टेनिस बॉल क्रिकेट खेलता था। वहां मैं ज्यादा से ज्यादा रन बाउंड्री से बनाने की कोशिश करता था। यही माइंडसेट मेरा इंटरनेशनल क्रिकेट में रहता था। मैं यह कैल्कुलेट करता था कि 100 रन पूरा करने के लिए मुझे कितनी बाउंड्री चाहिए होंगी। अगर मैं 90 रन पर खेल रहा हूं तो एक-एक रन लेकर शतक बनाने के लिए 10 गेंदें चाहिए होंगी। अपोजिशन के पास भी तब 10 गेंदें होंगी, मुझे रोकने के लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहिद अफरीदी ने भारत के प्रधानमंत्री को जालिम कहा: कश्मीर के सवाल पर नाम लिए बगैर बोले- जहां जालिम होगा, उसके खिलाफ आवाज उठाऊंगा



**मुंबई।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जालिम कहा है। 43 साल के अफरीदी इस समय दोहा में लीजेंड्स लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। फाइनल से पहले जब अफरीदी से कश्मीर के हालात और भारत के प्रधानमंत्री पर उनके बयान के बारे में पूछा गया तो अफरीदी ने कहा, दुनिया में जहां जालिम होगा, मैं उसके खिलाफ आवाज उठाऊंगा। फिर चाहे वह किसी भी देश और धर्म का हो। पूर्व क्रिकेटर के बयान का वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट हुआ, जिस पर भारतीय उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। इससे पहले अफरीदी एक फैन को तिरंगे पर ऑटोग्राफ देते दिखे थे। उसके बाद उन्हें भारतीयों ने सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया। शाहिद अफरीदी की टीम एशिया लायंस इस समय वर्ल्ड जायंट्स के खिलाफ लीजेंड्स लीग का फाइनल खेल रही है।अफरीदी ने पिछले साल मई में जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट प्रमुख यासीन मलिक के समर्थन में पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था, भारत के मानवाधिकार हनन के खिलाफ आलोचना करने वालों की आवाज दबाने के लगातार प्रयास काम नहीं आएंगे। यासीन के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप कश्मीर की आजादी के संघर्ष को रोक नहीं पाएंगे। यासीन मलिक टेरर फंडिंग मामले में जेल की सजा काट रहा है। मलिक ने टेरर फंडिंग की बात कबूल की थी। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

### हॉकी दिग्गज रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली का स्टेडियम, यह उपलब्धि पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी




**नई दिल्ली।** रायबरेली के हॉकी स्टेडियम को भारतीय टीम की स्टार हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल के नाम पर रखा गया है। वह यह उपलब्धि पाने वालीं भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ कर दिया है। रानी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस स्टेडियम से जुड़ी तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में रानीह खिलाड़ियों के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं और अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ स्टेडियम का उद्घाटन कर रही हैं। रानी ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा- मैं आप सभी को बताना चाहती हूं कि एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी में मेरे योगदान का सम्मान करने के लिए हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर रानी गर्ल्स हॉकी टर्फ कर दिया है। खुशी और आभार व्यक्त करने के लिए शब्द बहुत कम हैं। उन्होंने कहा- यह मेरे लिए गर्व और भावनात्मक क्षण है क्योंकि मैं अपने नाम पर स्टेडियम बनाने वाली पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई हूं। मैं इसे भारतीय महिला हॉकी टीम को समर्पित करती हूं और मुझे उम्मीद है कि यह आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। रानी एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021-22 में बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के दौरान भारतीय टीम में वापसी की थी। हॉकी प्रो लीग 2021-22 में रानी ने 250वीं कैप हासिल की थी। 28 वर्षीय रानी टोक्यो ओलंपिक के बाद से चोट से जूझ रही थीं और बाद में उन्हें विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों 2022 की टीम से बाहर कर दिया गया था।

### क्वालिफायर्स से पहले इंग्लैंड को झटका, मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड चोटिल, टूर्नामेंट से बाहर



**लंदन।** इटली और यूक्रेन के खिलाफ यूरो 2024 क्वालिफायर मुकाबलों के लिए इंग्लैंड की फुटबॉल टीम स्टार फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड के बिना उतरेगी। रैशफोर्ड पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और फुलहम पर एफए कप की जीत में मैनचेस्टर यूनाइटेड के इस स्टार स्ट्राइकर ने अहम भूमिका निभाई थी। न्यूकैसल के गोलकीपर निक पोप और चेल्सी के मिडफील्डर मेसन माउंट भी गैरेथ साउथगेट की टीम से बाहर हो गए हैं। टोटेनहैम के गोलकीपर फ्रेजर फोस्टर एकमात्र रिप्लेसमेंट हैं जिन्हें साउथगेट ने बुलाया है।

मुंबई ने 4 विकेट से जीता आखिरी मैच

# विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया, अगले मुकाबले से तय होगा पहला फाइनलिस्ट

**मुंबई।**

मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग में अपना आखिरी लीग मैच आसानी से जीत लिया है। टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हराया। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में मिली इस जीत से स्ट्छु ने लीग के पहले सीजन के फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। टीम ने छठी जीत दर्ज की है। पॉइंट टेबल में टीम के खाते में कुल 8 मुकाबलों के बाद 12 अंक हैं।

मंगलवार को मुंबई ने टॉस जीता और बेंगलुरु को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 125 रन बनाए। जवाब में मुंबई की बल्लेबाजों ने 126 रनों का टारगेट 16.3 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर ने दोहरा प्रदर्शन किया। केर ने पहले तो बेंगलुरु को तीन विकेट दिए। फिर अहम मौके पर 31 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

**दिल्ली-यूपी मैच से तय होगा पहला फाइनलिस्ट** - लीग का पहला फाइनलिस्ट दिल्ली और यूपी मैच से तय होगा, वर्तमान में मुंबई पॉइंट टेबल के टॉप पर है। उसके 12 अंक हैं, जबकि दिल्ली 10 अंकों के साथ उसका पीछा कर रही है। यदि दिल्ली यह मैच जीत लेती है, तो बेहतर रन रेट के आधार पर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी और यदि दिल्ली की टीम हार जाएगी, तो मुंबई लीग की पहली फाइनलिस्ट बन जाएगी। बता दें कि लीग मैचों के बाद पॉइंट टेबल के टॉप पर रहने वाली टीम सीधा फाइनल में प्रवेश करेगी, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम के बीच 24 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में एलिमिनेटर खेला जाएगा।




**ऐसे गिरे मुंबई के विकेट...**

पहला: छठे ओवर की आखिरी बॉल पर श्रेयांका पाटिल ने यास्तिका भाटिया को कप्तान स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराया। दूसरा: 8वें ओवर की पहली बॉल पर मीगन शट ने हेली मैथ्यूज को मेघना के हाथों कैच कराया। तीसरा: नौवें ओवर की चौथी बॉल पर रिचा घोष ने ब्रंट को स्टंपिंग कर दिया। यह विकेट आशा ने लिया। चौथा: एलिस पेरी ने दसवें ओवर की पहली बॉल पर कप्तान हरमनप्रीत कौर को बोल्ड कर दिया। पांचवां: 16वें ओवर की 5वीं बॉल पर पूजा वस्त्राकर कनिका आहूजा की बॉल पर मंधाना को कैच दे बैठीं। छठा: इजाबेल वॉन्ग को कनिका आहूजा ने 16वें ओवर की छठी बॉल पर मंधाना के हाथों कैच कराया। पावर प्ले में मैथ्यूज-भाटिया की अर्धशतकीय साझेदारी टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए हेली मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया ने पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी यास्तिका भाटिया के आउट होने से टूटी। यास्तिका 26 गेदों पर 30 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने चार चौके भी लगाए।

**रिचा घोष और एलिसा पेरी ने बनाए 29-29 रन** - डीवाई पाटिल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष और एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा 29-29 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 24 रन की पारी खेली। मुंबई इंडियंस की ओर से अमीलिया केर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नेटली सीवर ब्रंट और इजाबेल वॉन्ग को दो-दो विकेट मिले।

**ऐसे गिरे बेंगलुरु के विकेट...**

पहला: पहले ओवर में सोफी डिवाइन रन आउट हो गईं। दूसरा: 7वें ओवर की चौथी बॉल पर अमीलिया केर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। तीसरा: 11वें ओवर की आखिरी बॉल पर अमीलिया केर ने हीथर नाइट को वॉन्ग के हाथों कैच कराया। चौथा: कनिका आहूजा को अमीलिया केर की बॉल पर यास्तिका भाटिया ने स्टंपिंग किया। पांचवां: एलिस पेरी को नेटली सीवर ब्रंट ने आउट कर दिया। छठा: श्रेयांका पाटिल को नेटली सीवर ब्रंट ने बोल्ड कर दिया। सातवां: मीगन शट को साइका इशाक ने आउट कर दिया। आठवां: रिचा घोष को वॉन्ग ने अमीलिया केर के हाथों कैच कराया। नौवां: दिशा कसत को वॉन्ग ने आखिरी ओवर की अंतिम बॉल पर बोल्ड किया। इस मुकाबले के लिए दोनों ही टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, हीथर नाइट, रिचा घोष (विकेटकीपर), कनिका आहूजा, श्रेयांका पाटिल, दिशा कसत, मीगन शट, सोभना आशा और प्रीति बोस।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर ब्रंट, अमीलिया केर, पूजा वस्त्राकर, हुमायरा काजी, इजाबेल वॉन्ग, अमनजोत कौर, जींतिमनी कलिता और साइका इशाक।

**मुंबई का ऑलराउंड प्रदर्शन** - विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई का प्रदर्शन शानदार रहा है। अब तक खेले गए साथ मुकाबलों में मुंबई क्लो 5 में जीत और 2 में ही हार मिली है। पिछले दो मुकाबलों में उसे दिल्ली और यूपी ने हराया है।

विजडन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप इलेवन टीम जारी

# भारत से जडेजा, पंत और बुमराह को जगह; पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से कोई खिलाड़ी नहीं




**मुंबई।**

विजडन ने 2021-2023 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की टीम जारी की है। विजडन ने 2021-2023 में हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में परफॉरमेंस के आधार पर 11 खिलाडी चुने गए। इस बार भारत के टॉप प्लेयर्स टॉप प्लेयर्स विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल को इसमें जगह नहीं मिली। जबकि, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत टीम में चुने गए है। पंत बतौर विकेटकीपर टीम में हैं।

दूसरी ओर पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से किसी भी खिलाडी को नहीं चुना गया। 5 देशों के खिलाड़ियों से टीम बनी।

### भारत के बिग 3 को जगह नहीं

भारत के टॉप बल्लेबाज रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली को टीम में जगह नहीं मिली है। रोहित शर्मा ने पूरे सीजन में 10 मैच खेले और 700 रन बनाए। वहीं विराट ने इस सीजन 16 मैच में 869 रन बनाए। रोहित की औसत 43.75 रहीं। वहीं, कोहली ने 32.18 की औसत से रन बनाए हैं। राहुल ने 11 मैच में 30.28 की औसत से 636 रन स्कोर किए।

### ऑस्ट्रेलिया से सबसे ज्यादा खिलाडी

ऑस्ट्रेलिया से सबसे ज्यादा खिलाडी लिए गए है। इसमें ओपनर उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, फ़ास्ट बॉलर पैट कमिंस और स्पिनर नाथन लायन शामिल हैं। इसके अलावा श्रीलंका से दो बल्लेबाज, दिमुथ करुणारत्ने और दिनेश चांदीमल को टीम में जगह मिली। साउथ अफ्रीका से कागिसो रबाड़ा और इंग्लैंड से जॉनी बेयरस्टो का नाम टीम में आया।

### बाबर आजम का प्रदर्शन अच्छा पर टीम में जगह नहीं

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का सीजन में प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने पूरे सीजन में 14 मैच खेले और 61.08 की औसत से 1,527 रन स्कोर किए। उनकी जगह नंबर 3 पर ऑस्ट्रेलिया के लबुशेन को लिया गया। लाबुशेन ने 19 मैच में 53.89 की औसत से 1,509 रन बनाए।

# 26 मार्च से शुरू होंगे आईसीसी विश्व कप 2023 के क्वालीफायर प्लेऑफ मुकाबले



**दुबई।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसी साल भारत में अक्टूबर- नवंबर में खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के लिए प्लेऑफ कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत 26 मार्च से विश्व कप के लिए प्लेऑफ क्वालीफायर मुकाबलों की शुरुआत होगी। इस प्लेऑफ क्वालिफायर मुकाबलों का आयोजन नामीबिया में होगा। इसमें छह टीमें 26 मार्च से 5 अप्रैल तक खेलेंगी। नामीबिया का मुकाबला इसमें अमेरिका से होगा। वहीं जून और जुलाई में विश्व कप क्वालीफायर में शीर्ष दो टीमों के साथ प्लेऑफ चरण राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। 26 मार्च से 5 अप्रैल तक नामीबिया में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल सभी छह टीमों के नाम आने के बाद आईसीसी ने क्वालीफायर प्लेऑफ का यह कार्यक्रम जारी किया है। प्लेऑफ का आयोजन दो स्थानों, वांडरर्स क्रिकेट मैदान और यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान में होगा। इसमें सभी मैच स्थानीय समयानुसार 09:30 बजे शुरू होंगे। यूएई और पीएनजी 27 मार्च को अपने पहले मुकाबले में खेलेंगे जबकि चैलेंज लीग, कनाडा और जर्सी से दो टीमें एक ही दिन अपने अभियान शुरू करेंगी।

**विश्व कप क्वालीफायर प्लेऑफ का कार्यक्रम इस प्रकार है:**

- 26 मार्च: नामीबिया और अमेरिका, वांडरर्स क्रिकेट मैदान
- 27 मार्च: यूएई व पीएनजी, वांडरर्स क्रिकेट मैदान, जर्सी बनाम कनाडा, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 29 मार्च: कनाडा बनाम यूएसए, वांडरर्स क्रिकेट मैदान, पीएनजी बनाम नामीबिया, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 30 मार्च: नामीबिया बनाम जर्सी, वांडरर्स क्रिकेट मैदान; यूएसए बनाम यूएई, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 1 अप्रैल: यूएई बनाम कनाडा, वांडरर्स क्रिकेट मैदान; पीएनजी बनाम जर्सी, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 2 अप्रैल: पीएनजी बनाम यूएसए, वांडरर्स क्रिकेट मैदान; नामीबिया बनाम यूएई, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 4 अप्रैल: कनाडा बनाम नामीबिया, वांडरर्स क्रिकेट मैदान; यूएसए बनाम जर्सी, यूनाइटेड क्रिकेट क्लब मैदान
- 5 अप्रैल: जर्सी बनाम यूएई, वांडरर्स क्रिकेट मैदान; कनाडा बनाम पीएनजी, यूनाइटेड क्रिकेट क्लबमैदान।

# विराट कोहलीऔर अनिल कुंबले के बीच विवाद के दौरान क्या-क्या हुआ, वीरेंद्र सहवाग ने कर दिया खुलासा

**नई दिल्ली।**

भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने विराट कोहली-अनिल कुंबले विवाद को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। सहवाग ने कहा कि पूर्व भारतीय हेड कोच अनलि कुंबले के साथ विवाद के बाद कोहली ने इस पद को अपनाने के लिए उनसे संपर्क किया था। सहवाग ने हेड कोच पद के लिए बीसीसीआई अधिकारियों से हुई बैठक का खुलासा भी किया। बता दें कि अनिल कुंबले को जून 2016 में भारतीय टीम के हेड कोच पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन उनका अनुबंध 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद समाप्त हुआ। कुंबले ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान से मिली शिकस्त के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**सहवाग ने क्या खुलासा किया** - वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि तत्काली बीसीसीआई सचिव अमिताभ चौधरी ने उनसे कहा कि कोहली और कुंबले के बीच चीजें सही नहीं चल रही हैं और बोर्ड चाहता है कि वो इस जिम्मेदारी को अपना लें। सहवाग ने न्यूज18 इंडिया से बातचीत में कहा, मैं हेड कोच पद के लिए आवेदन नहीं करता अगर विराट कोहली और तत्कालीन बीसीसीआई सचिव अमिताभ चौधरी मुझसे संपर्क नहीं करते। उन्होंने आगे कहा, हमारी बैठक हुई। अमिताभ चौधरी ने मुझसे कहा कि विराट कोहली और अनिल कुंबले के बीच चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। हम चाहते हैं कि आप कोचिंग की जिम्मेदारी लें। चौधरी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के बाद कुंबले का अनुबंध खत्म हो रहा है और फिर आप टीम के साथ वेस्टइंडीज जा सकते हैं। याद दिला दें कि अनिल कुंबले की जगह रवि शास्त्री को हेड कोच बनाया गया था।



वीरेंद्र सहवाग से जब पूछा गया कि भारतीय टीम की कप्तानी नहीं की तो उसका कोई मलाल है। इस पर पूर्व ओपनर ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में जो कुछ भी हासिल किया, उससे वो खुश हैं। सहवाग ने कहा, भारतीय टीम की कप्तानी नहीं करने का कोई मलाल नहीं है। मैं जो हासिल किया, उससे खुश हूं। वीरू ने आगे कहा, नजफगढ़ के छोटे से परिवार से आया और मुझे भारत के खिलाफ खेलने का मौका मिला। मुझे फैंस का ढेर सारा प्यार और समर्थन मिला। भले ही में भारतीय टीम की कप्तानी भी करता, तो भी इसी प्रकार सम्मान मिलता।

यूपी विमेंस प्रीमियर लीग प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम

# गुजरात को 3 विकेट से हराया; ग्रेस हैरिस ने खेली 72 रन की मैच जिताऊ पारी

**मुंबई।**

यूपी वॉरियर्ज ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुजरात जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करने वाली तीसरी टीम बनी। मुंबई और दिल्ली पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। लीग की बाकी 2 टीमें बेंगलुरु और गुजरात प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। ब्रोबार्न स्टेडियम के मुकाबले में गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूपी वॉरियर्ज को हराने के लिए काफी नहीं था। यूपी की बल्लेबाजों ने 1 बॉल रहते 7 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। विजेता टीम से ग्रेस हैरिस (72 रन) और ताहलिया मैक्ग्रा (57 रन) ने अर्धशतक जमाए।

**मैक्ग्रा-हेरिस की मैच विनिंग पार्टनरशिप** - 179 रन का टारगेट चेज करते हुए यूपी ने 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में चौथे नंबर पर खेलने आई ताहलिया मैक्ग्रा और ग्रेस हेरिस ने 53 बॉल पर 78 रनों की साझेदारी कर टीम को 100 पार पहुंचाया। बाकी का काम सोफी एक्लेस्टन (19 रन) ने कर दिया। किम गार्थ को दो विकेट मिले।

**ऐसे गिरे यूपी के विकेट...**



पहला: कप्तान एलिसा हीली को दूसरे ओवर की 5वीं बॉल पर मोनिका पटेल ने हरलीन देओल के हाथों कैच कराया। तीसरा: तीसरे ओवर की चौथी बॉल पर किम गार्थ ने किरण नवगिरे को लौरा वुलफार्ट के हाथों कैच कराया। तीसरा: 5वें ओवर की 5वीं बॉल पर सुषमा वर्मा ने तनुजा कंवर की बॉल पर स्टंपिंग किया। चौथा: 14वें ओवर की चौथी बॉल पर गार्डनर ने ताहलिया मैक्ग्रा को स्नेह राणा के हाथों कैच कराया।पांचवां: कप्तान स्नेह राणा ने दीप्ति शर्मा को एश्ले गार्डनर के हाथों कैच कराया। छठा: किम गार्थ की बॉल पर ग्रेस हैरिस कैच आउट हो गईं। सातवां: 20वें ओवर में सिमरन शेख दूसरा रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गईं।

**गार्डनर-हेमलता की फिफ्टी, गुजरात ने बनाए 178 रन** - ब्रोबार्न स्टेडियम में गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रन बनाए। ओपनर सोफिया डंकली (23 रन) और लौरा वुलफार्ट (17 रन) ने पहले विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। फिर एश्ले गार्डनर (60 रन) और डी हेमलता (57 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेलकर स्कोर 100 पार पहुंचाया। दोनों के बीच 61 बॉल में 93 रनों की साझेदारी हुई। यूपी की ओर से पार्श्वी चोपड़ा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो-दो विकेट लिए।

**ऐसे गिरे गुजरात के विकेट...**

पहला: 5वें ओवर की पहली बॉल पर अंजलि ने लौरा वुलफार्ट को बोल्ड कर दिया। दूसरा: छठे ओवर की पहली बॉल पर राजेश्वरी ने डंकली को बोल्ड कर दिया। तीसरा: छठे ओवर की आखिरी बॉल पर राजेश्वरी ने हरलीन को सिमरन के हाथों कैच कराया। चौथा: डी हेमलता को पार्श्वी चोपड़ा ने ताहरिया मैक्ग्रा के हाथों कैच कराया। पांचवां: पार्श्वी की बॉल पर हीली ने गार्डनर को स्टंपिंग कर दिया। छठा: अश्विनी कुमारी को सोफी एक्लेस्टन ने आउट कर दिया।

**गार्डनर-हेमलता की मजबूत साझेदारी** - 50 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद डी हेमलता और ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने पारी को संभाला। दोनों ने 61 बॉल पर 93 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 150 रन के करीब पहुंचाया। 143 के स्कोर पर हेमलता आउट हुईं। ओपनर्स ने गुजरात को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। एक समय टीम ने चार ओवर में बिना नुकसान के 41 रन बना लिए थे। फिर टीम ने अगले तीन विकेट 9 रन बनाने में गंवा दिए। 6 ओवर के खेल के बाद टीम का स्कोर 50/3 था।



# जयपुर में रात के बाजार का यहां पर उठाएं आनंद

अक्सर दिन में लोग शॉपिंग करना पसंद करते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि दिन के उजाले में लोग अच्छे से कपड़ा देख भी लेते हैं। साथ ही आराम से शॉपिंग कर समय से घर भी पहुंच जाते हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें रात में मौज-मस्ती करना घूमना-फिरना और शॉपिंग करना पसंद होता है। लोगों के इसी शौक को देखते हुए जयपुर में नाइट बाजार की शुरूआत की गई। पिछले साल शुरू की कई नाइट बाजार में कपड़ों के स्टॉल के अलावा, खाने की चीजें भी लगाई जाती थीं। इसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया था। जयपुर में लगाई जाने वाली नाइट बाजार का मकसद लोगों को वहां की नाइटलाइफ से भी रूबरू कराना होता है। इंदौर के बाद अब जयपुर शहर भी इस लिस्ट में शामिल हो चुका है। ऐसे में अगर आप जयपुर घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं तो आपको चौड़ा रास्ता में नाइट बाजार का लुत्फ जरूर लेना चाहिए।

**एंट्री फीस :** जल महल के पाल पर लगी नाइट बाजार में जाने के लिए एंट्री फीस सिर्फ 50 रुपए हैं। यहां पर आने वाले पर्यटकों को 30 रुपए का फूड कूपन दिया जाता है। इस कूपन का इस्तेमाल नाइट बाजार में लगे किसी भी फूड स्टॉल से खाना खरीदने के लिए कर सकते हैं। बता दें कि जयपुर की चौपाटी में एंट्री की फीस केवल 10 रुपए है।

**खाने का स्टॉल :** यहां पर घूमने आने वाले पर्यटक नाइट बाजार में पंजाबी, राजस्थानी और साउथ इंडियन खाने का लुत्फ ले सकते हैं। यहां पर कई कलाकार राजस्थानी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लोकनृत्य भी करते हैं। इस दौरान कठपुतली नृत्य, राजस्थानी लोक-गीत, ढोल-नगाड़े के अलावा कालबेलिया नृत्य, भवई नृत्य, राजस्थानी लोकनृत्य, चरी नृत्य, कच्ची घोड़ी व पंजाबी ढोल आदि भी पेश किया जाता है।

**जल महल नाइट मार्केट :** जल महल में लगने वाली नाइट मार्केट में 40 फूड स्टॉल के अलावा लगभग 150 हैंडीक्राफ्ट और अन्य की दुकानें सजाई जाती हैं। यहां पर लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ कल्चर नाइट का मजा ले सकते हैं। जयपुर कई चीजों के लिए काफी फेमस है। अगर आप भी जयपुर की अलग-अलग मार्केट से खरीददारी कर रहे हैं तो ऐसे में आप यहां से एक साथ अपनी पसंद की कई चीजों को ले सकते हैं। यहां जयपुरी रजाई, सांगानेरी की चादरें, हस्तशिल्प, ट्रेडिशनल ज्वेलरी मिट्टी और तांबे के बर्तन, नीली मिट्टी के बर्तन के साथ ही जयपुरू जूती और बंधेज साड़ी भी मिल जाएंगी।

# देश के ये खूबसूरत आइलैंड्स स्वर्ग से कम नहीं



भारत की खूबसूरती को निहारने के लिए देश-विदेश से लाखों पर्यटक आते रहते हैं। भारत में कई ऐसे खूबसूरत आइलैंड्स हैं, जिनकी खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको भारत में स्थित खूबसूरत आइलैंड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इन आइलैंड्स की खूबसूरती से आपका भी मन वहां जाने को मचल जाएगा। आइए जानते हैं इन आइलैंड्स के बारे में...



**दीव आइलैंड, गुजरात :** गुजरात में स्थित दीव आइलैंड बेहद ही खूबसूरत आइलैंड है। काठियावाड़ प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर यह आइलैंड स्थित है। आपको इस आइलैंड में गुजराती समुदाय और पुर्तगाली संस्कृति का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा। अगर आप भी यहां आने का प्लान बना रहे हैं तो मार्च से जुलाई का महीना सबसे बेस्ट रहगा। यहां पर गर्मियों में तापमान औसतन 31 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

**बैरन आइलैंड, अंडमान :** अंडमान में स्थित बैरन आइलैंड अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। बता दें कि भारत में स्थित यह द्वीप एक मात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। इसके अलावा इस द्वीप में आवास की कोई भी सुविधा नहीं है। अंडमान द्वीपों में सबसे पूर्वी द्वीप बैरन आइलैंड है।





**माजुली, असम :** दुनिया का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी में स्थित माजुला आइलैंड है। बता दें कि यह आइलैंड दक्षिण में ब्रह्मपुत्र नदी और उत्तर में सुबनसिरी नदी द्वारा निर्मित है। यह 16वीं शताब्दी के बाद से असम की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता है।

**साओ जैसिंटो :** मोरमुगाओ खाड़ी में मौजूद साओ जैसिंटो एक छोटा सा द्वीप है। समुद्र तट से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर आइलैंड बोगमालो स्थित हैं। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं। ऐसे में अगर आपको भी नेचर से प्यार है तो यह आइलैंड आपके लिए बेस्ट विकल्प है। क्योंकि इस आइलैंड पर अपार प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलेगी।

**अंडमान आइलैंड :** अगर आप घूमने जाना चाहते हैं और भीड़भाड़ से दूर सुकून वाली जगह जाना चाहते हैं तो आपके लिए अंडमान आइलैंड बेस्ट विकल्प है। बता दें कि कपल्स इस आइलैंड पर हनीमून मनाने के लिए भी जाना काफी पसंद करते हैं। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो दिसंबर से मार्च का महीना सबसे ज्यादा अच्छा माना जाता है। दर्शकों को यहां के छोटे- छोटे झरने बेहद आकर्षित करते हैं। बहुत सारे लोगों की यह पहली पसंद है।

**लक्षद्वीप :** भारत का सबसे छोटा द्वीप लक्षद्वीप को कहा जाता है। भले ही यह द्वीप क्षेत्रफल में अन्य आइलैंड के मुकाबले छोटा हो, लेकिन यहां की व्यवस्थाएं बेहद शानदार है। यहां पर आपको अन्य आइलैंड्स के मुकाबले ज्यादा स्वच्छता देखने को मिलेगी। समुद्र का पानी एकदम साफ होने के कारण बिलकुल नीला दिखाई देता है। यहां से कई पर्यटक मोती भी खरीदकर लाते हैं।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद गुणकारी हैं कच्चे केले



सेहतमंद रहने के लिए अक्सर लोग फलों का सेवन करते हैं। अलग-अलग तरह के कई सारे फल हमारी सेहत को कई सारे फायदे पहुंचाते हैं। केला इन्हीं फलों में से एक है। इसे खाने से हमारे स्वास्थ्य को कई सारे लाभ मिलते हैं। कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर केले में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। ऐसे में रोजाना एक केले का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है। पके केलों से मिलने वाले फायदों के बारे में तो सब जानते ही हैं,लेकिन क्या आपने कभी कच्चे केले से होने वाले फायदों के बारे में सुना है। कच्चे केले में फाइबर, विटामिन-सी, विटामिन-बी6, प्रोविटामिन-ए, पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, जिंक व फेनोलिक यौगिक जैसे कई सारे गुण पाए जाते हैं। यह सभी तत्व हेल्दी रहने के लिए बेहद जरूरी होते हैं। अगर आप अभी तक कच्चे केले से होने वाले फायदों से अनजान हैं, तो चलिए आज आपको बताते हैं इससे होने वाले कुछ गजब के फायदों के बारे में-

**पाचन क्रिया में करें सुधार :** कच्चे केले का सेवन हमारे पाचन तंत्र के लिए काफी लाभदायक होता है। दरअसल, कच्चे केले में फाइबर और प्रतिरोधी स्टार्च की भरपूर मात्रा पाई जाती है। ऐसे में इसे खाने से पाचन तंत्र बेहतर होता है, जिससे खाना जल्दी पचाने में मदद मिलती है।

**डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद :** अगर आप डायबिटीज के मरीज है, तो कच्चा केला आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं। कच्चे केले में पाया जाने वाला एंटी-डायबिटिक गुण शुगर की समस्या में काफी फायदेमंद होता है। ऐसे में नियमित रूप से इसका सेवन करने से डायबिटीज की समस्या को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

**दिल को बनाए सेहतमंद :** कच्चा केला आपके दिल की सेहत के लिए भी काफी गुणकारी है। दरअसल, इसमें पाई जाने वाली फाइबर की अच्छी मात्रा शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में सहायक होता है, जिससे आपका दिल सेहतमंद बनता है।

**मोटापा दूर करने में मददगार :** आपने अक्सर सुना होगा कि दूध के साथ पके केले खाने से वजन बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कच्चे केले के सेवन से आप अपना वजन कम कर सकते हैं। कच्चे केले में पाए जाने वाले फाइबर की वजह से लंबे समय तक आपका पेट भरा रहता है, जिससे आप अधिक खाने से बचे रहते हैं।

**स्किन के लिए गुणकारी :** कच्चे केले के सेवन से न सिर्फ हमारी सेहत को फायदा मिलता है, बल्कि यह हमारी त्वचा के लिए भी गुणकारी है। दरअसल, कच्चे केले में कई तरह के विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो चेहरे पर होने वाली झुर्रियों से छुटकारा दिलाने में काफी मददगार साबित होते हैं।



# आम लोगों के लिए खुल चुका है एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन



एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन पर्यटकों के लिए आज 19 मार्च 2023 से खोल दिया गया है। इस साल पर्यटक यहां आकर 15 लाख ट्यूलिप्स का दीदार कर पाएंगे। जबरवान पहाड़ों की तलहटी में 52 हेक्टेयर सुरम्य भूमि में फैला और डल झील के किनारे स्थित, श्रीनगर का ट्यूलिप गार्डन एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है। ट्यूलिप्स के साथ ही इस गार्डन में आपको जलकुंभी, गुलाबी तुरसावा, डैफोडील्स, मस्करी और साइक्लेमेन जैसे और दूसरे खूबसूरत और वसंत फूल भी देखने को मिलेंगे। ट्यूलिप गार्डन को पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था। साल 2008 में जम्मू और कश्मीर राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने इसका नाम इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन नाम रखा। जबरवन पर्वत की तलहटी में स्थित इस अद्भुत ट्यूलिप गार्डन में 15 लाख ट्यूलिप के फूलों की 64 प्रजातियां हैं। लगभग 30 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैले इस ट्यूलिप गार्डन को कश्मीर घाटी में फूलों की खेती और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए साल 2007 में इसे खोला गया था। पर्यटन विभाग के अधिकारी के मुताबिक, इस साल 68 किस्मों के 1.5 मिलियन से अधिक ट्यूलिप बल्ब लगाए गए हैं। उम्मीद हैं यह बाग देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों के पर्यटकों के लिए आकर्षण होगा और कश्मीर में लाखों के तादाद में पर्यटक पहुंचेंगे। इस बार इस बाग को और आकर्षित और आरामदायक बनाए के लिए यहां एक ओपन एयर कैफेटेरिया को बगीचे में स्थापित किया गया है, वह आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण होगा। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन फैमिली, फ्रेंड्स या अकेले भी घूमने के लिए परफेक्ट जगह है। मार्च से लेकर अप्रैल तक का महीना यहां घूमने के लिए बेस्ट है। ट्यूलिप गार्डन में घूमने-फिरने के अलावा आप फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। गार्डन में टिकट का दाम 50 रुपए रखा गया है और बच्चों के लिए 25 रुपए है। जिसकी बुकिंग ऑनलाइन भी की जा सकती है।



# ऑस्कर की खुशी के बाद सामने आई राम चरण के परिवार से जुड़ी परेशान कर देने वाली खबर

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू को लेकर दुनिया भर में छाए हुए हैं। यूएस के लॉस एंजेलिस में ऑस्कर अवॉर्ड का आयोजन किया गया था, जिसमे इस गाने को ऑस्कर से नवाजा गया। वहीं देशभर में हर कोई इस जीत का जश्न मना रहा है। इसी बीच एक्टर के कजिन बहन और एक्ट्रेस निहारिका कोनिडेला सुर्खियों में है। खबरों की मानें तो एक्ट्रेस की शादीशुदा जिंदगी में पिछले काफी समय से कुछ ठीक नहीं चल रहा है। साल 2020 में चैतन्य जेवी और निहारिका कोनिडेला शादी के बंधन में बंधे थे। वहीं अब तीन साल बाद इस कपल की शादी खतरे है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो निहारिका कोनिडेला आने वाले समय में अपने पति से शायद तलाक ले सकती है। खबर है कि दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। इस कपल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर नजर डाले तो चैतन्य ने इंस्टा पर निहारिका संग शादी की कोई तस्वीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने अपनी सभी वेडिंग फोटोज को डिलीट कर दिया है। तो वहीं, निहारिका ने साल 2021 के बाद से चैतन्य संग कोई फोटो शेयर नहीं की है। हालांकि निहारिका ने अभी तक अपनी शादी की तस्वीरों को डिलीट नहीं किया है। बता दें, निहारिका एक्टर और प्रोड्यूसर नागेंद्र बाबू की बेटी हैं, जो चिरंजीवी के भाई हैं। राम चरण के अलावा अल्लू अर्जुन और अल्लू शिरीष भी निहारिका के कजिन हैं। निहारिका के भाई वरुण तेज भी तेलुगु सिनेमा के जाने-माने कलाकार हैं। राम चरण की छोटी चचेरी बहन निहारिका कोनिडेला खुद भी एक एक्ट्रेस हैं और उन्होंने अपनी पहचान अपने दम पर बनाई है। तेलुगु फिल्मों में उनकी खास पॉपुलैरिटी है। फिल्मी करियर के दौरान निहारिका कोनिडेला ने *ओका मनासू और मुद्दाप्पू अवाकई और सूर्यकांत* जैसी फिल्मों में काम किया है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**